

23:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर

## हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 110 | epaper.rashtriyakhabar.com | वैशाख, शुक्लपक्ष तृतीया, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

अनवस्थितकार्यस्य न जने न वने सुखम्।

जने दहति संसर्गो वने संगविवर्जनम्॥

भावार्थ : बेढंगे काम करनेवाले को न समाज में सुख मिलता है, न ही जंगल में। ऐसे व्यक्ति को समाज में मनुष्यों का संसर्ग दुखी करता है जबकि जंगल में अकेलापन।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 32.00 °c | 20.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .12 बजे

सूर्योदय (कल) » 05 .21 बजे

## सिंगापुर के दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक भेजा इसरो ने

**श्रीहरिकोटा :** श्रीहरिकोटा से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पीएसएलवी-सी55 रॉकेट ने शनिवार को सिंगापुर के दो उपग्रहों को लेकर उड़ान भरी और उन्हें निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। सिंगापुर के दो उपग्रहों को लेकर आज इसरो के पीएसएलवी सी55 रॉकेट ने यहां स्थित अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी। यह जानकारी इसरो ने दी। यह रॉकेट समर्पित वाणिज्यिक मिशन के तहत न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के माध्यम से प्राथमिक उपग्रह के रूप में टेलीओएस-2 और सह-यात्री उपग्रह के रूप में ल्यूमलाइट-4 को लेकर रवाना हुआ और दोनों उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया। दोनों उपग्रह समुद्री सुरक्षा और मौसम की जानकारी देंगे। पीएसएलवी कोर अलोन वैरिएंट रॉकेट 741 किलोग्राम सिंथेटिक एपर्चर रडार सैटेलाइट टीएलईओएस-2 को प्राइमरी पैजेंसर के रूप में और को-पैजेंसर के रूप में 16 किग्रा ल्यूमिलाइट-4, एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन नैनो सैटेलाइन ने दोपहर 2.20 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरी।

## अलवर वन मंडल क्षेत्र में मिला पैंथर का शव

**अलवर :** राजस्थान के अलवर में सदर वन मंडल क्षेत्र में हाजीपुर डड़ीकर के समीप शनिवार को एक पैंथर का शव सड़ी हुई अवस्था में पाया गया। नाका सदर रेंज के रेंजर विकास कुमार ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी कि जंगल में पैंथर मरा हुआ पड़ा है। जिस पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वहां से पैंथर को उठाकर मुंगास्क स्थित नर्सरी लाया गया जहां उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पैंथर के गले पर दांतों के निशान है जिससे यह सामने आता है कि या तो पैंथर के आपसी संघर्ष में इसकी मौत हुई या फिर टाइगर एसटी18 का इधर मोमेंट है जिसने पैंथर को मारा है। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि किसी शिकारी ने इसकी हत्या की है क्योंकि उसके मुंह में दांत हाथ पैर सब सही सलामत स्थिति में है। असल कारणों का तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

## बालाघाट में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया



**बालाघाट :** मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के कदला के जंगल में आज तड़के एक मुठभेड़ में हॉक फोर्स ने दो इनामी महिला नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने बताया कि कदला के जंगल में तडके पुलिस की हॉकफोर्स की टीम की मुठभेड़ नक्सलियों से हुयी। इस मुठभेड़ में चौदह-चौदह लाख रुपए की इनामी दो महिला नक्सलियों को मार गिराया गया है। दोनों महिला नक्सलियों की पहचान सुनीता और सरिता खटिका के रुप में हुयी है। सुनीता एसीएम भोरम देव एरिया कमांडर टाडा दलम में रही थी और अभी विस्तार दलम में काम कर रही थी। वहीं सरिता मोचा एसीएम कबीर के साथ गार्ड के रूप में काम करती थी और अभी वह विस्तार दलम में आ गयी थी। इस मुठभेड में कुछ और नक्सलियों के घायल होने की सूचना है। पुलिस द्वारा घटना स्थल की सर्चिंग की जा रही हैं। हॉक फोर्स को मौके से दो बंदूक, कारतूस एवं दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री मिली हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** पुलिस ने सफाई दी गिरफ्तार नहीं किया है

# पूर्व राज्यपाल के समर्थन में जुटे हरियाणा और यूपी के खाप नेता

- घर छोटा है इसलिए पार्क में बुलाया
- नाराज खाप नेता भी थाना पहुंच गये
- केजरीवाल और पवन खेडा ने सवाल किये



**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से समन मिलने के एक दिन बाद शनिवार को दिल्ली के आरके पुरम में एक पुलिस स्टेशन पहुंच गये। दरअसल उनके मिलने आये हरियाणा और उत्तरप्रदेश के कई खाप के नेताओं से मिलने के लिए उन्होंने पास के एक पार्क में इंतजाम किया था। पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं होने की बात कहकर उन्हें पार्क में बैठक करने से रोक दिया। दूसरी तरफ श्री मलिक ने कहा कि उनका घर छोटा है। इसलिए घर के करीब के इस पार्क में इतने लोगों के बैठने का इंतजाम किया था। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद श्री मलिक और कई राज्यों से आये खाप नेता पुलिस स्टेशन चले गये।

वहां श्री मलिक के जाने के बाद यह चर्चा फैल गयी कि पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने तुरंत ही इस सूचना को अफवाह बताया और कहा कि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था। वह अपनी मर्जी से पुलिस स्टेशन आए थे और अपनी मर्जी से चले गये। इस समय तक मामला गरमाने लगा था तो एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने एक बयान में कहा, हमने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को हिरासत में नहीं लिया है। वह अपने समर्थकों के साथ पुलिस स्टेशन आरके पुरम में अपनी इच्छा से आए हैं, और हमने उन्हें सूचित किया है कि वह अपनी मर्जी से जा

**पूर्व राज्यपाल ने इस भय के माहौल में बहुत साहस दिखाया है: केजरीवाल**

दूसरी तरफ सीबीआई द्वारा सत्यपाल मलिक को तलब किए जाने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल ने इस भय के माहौल में बहुत साहस दिखाया है और पूरा देश उनके साथ है। दूसरी तरफ कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेडा ने भी सीबीआई की इस कार्रवाई पर सवाल उठाया है। इससे साफ है कि सत्यपाल मलिक के मुद्दे पर विपक्षी दल गोलबंद हो रहे हैं। कई अन्य दलों के प्रमुख नेताओं ने भी सत्यपाल मलिक को सीबीआई द्वारा इस मौके पर बुलाये जाने की निंदा की है और कहा है कि यह केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का खुला मामला है।

» पेज 2 भी देखें

वेल्स में प्रशिक्षित एक कुत्ता इसमें जंगली जानवरों की मददगार बन रहा है

## प्रशिक्षित कुत्ता दक्षिण अफ्रीका में राइनो की जान बचा रहा

**राष्ट्रीय खबर**



**केप टाउन:** दक्षिण अफ्रीका के जंगलों में अवैध शिकारियों को रोकने के लिए अब नई विधि आजमायी जा रही है। अब अवैध शिकरियों के सबसे प्रमुख लक्ष्य राइनो हैं। वेल्स में प्रशिक्षित एक कुत्ता इसमें जंगली जानवरों की मददगार बन रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक इस कुत्ते ने पिछले 18 महीने के गैंडे को बचाने में मदद की। डैन, एक वर्षीय बेल्जियन मैलिनोइस प्रजाति का कुत्ता है। इसे खास तौर पर पाला और प्रशिक्षित किया गया था। पिछले हफ्ते डैन को राइनो बछड़ा वियोला मिला, जो क्वाजुलु-नटाल प्रांत में अपनी मां के साथ एक जाल में फंस गया था। कुत्ते ने विभागीय लोगों को इसकी सूचना दी। जिससे मां औ बच्चे की जान बच गई।डॉग्स 4 वाइल्डलाइफ के निदेशक जैकी लॉ ने कहा कि जमीनी स्तर पर टीमों के परिश्रम ने इस अच्छे परिणाम को सुनिश्चित किया। डॉग्स 4 वाइल्डलाइफ पूरे अफ्रीका में लुप्तप्राय वन्यजीवों की रक्षा के लिए अवैध शिकार विरोधी इकाइयों के लिए प्रशिक्षित कुत्तों को प्रदान करता है। सुश्री लॉ ने कहा कि यह घटना क्वाजुलु नटाल में होने वाले स्नेयर अवैध शिकार की कई दिल दहला देने वाली घटनाओं में से एक है। उसने कहा अवैध शिकार इस बात पर भेदभाव नहीं करता है कि यह किस प्रजाति के जानवरों को घायल करता है या मारता है। ये लोग अपने फायदे के लिए वन्यजीवों को पकड़ते हैं या मार डालते हैं। क्वाजुलु नेटाल में काले और सफेद राइनो दोनों की शेष दुनिया की आबादी का 25% हिस्सा है, जो इसे शिकारियों के लिए एक लक्ष्य बनाता है क्योंकि संख्या कहीं और कम हो गई है। प्रोजेक्ट राइनो के कैनाइन प्रोजेक्ट मैनेजर जूनियर ब्लॉम ने कहा कि हम इस बात से बहुत खुश हैं कि गैंडों के अवैध शिकार की इस कोशिश का सकारात्मक परिणाम आया है। गैंडे के अवैध शिकार के साथ इस

» पेज 2 भी देखें

कांग्रेस के आरोप के बाद पहली बार चुनाव आयोग ने जानकारी दी

# आयोग ने कहा खराब नहीं रखरखाव जरूरी

- इससे संबंधित दस्तावेज भी बाहर आये
- मशीनों को बदलने की चर्चा पत्र में है
- आयोग ने पहले इस पर साधी थी चुप्पी



**राष्ट्रीय खबर**

नईदिल्ली: कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेडा के आरोप के बाद पहली बार चुनाव आयोग ने इस बात को स्वीकार किया है कि उनके वीवीपैट मशीनों में सुधार की जरूरत है। आयोग ने इन्हें खराब मानने से इंकार करते हुए कहा कि सिर्फ 3.4 लाख मशीनों को निवारक रखरखाव की जरूरत है। वैसे कांग्रेस के आरोपों के बाद आयोग के वे दस्तावेज भी बाहर आ गये हैं, जिनमें कहा गया है कि 6.5 लाख वीवीपैट मशीनें ह्यखराबह्न हैं और मरम्मत के लिए निमार्ता को भेजी जा रही हैं। चुनाव आयोग के दस्तावेजों के अनुसार, ये नवीनतम एम 3 पीढ़ी की मशीनें हैं जिनमें से 37 प्रतिशत दोषपूर्ण थीं। दोषों को सुधारने के लिए इन मशीनों को निमार्ता को वापस भेजने की आवश्यकता है। हालांकि, कुछ जगहों पर, ऐसा प्रतीत होता है कि खराब मशीनों को मरम्मत के बजाय नई मशीनों से बदला जा रहा है। एक राज्य में चुनाव आयोग के अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के बीच हुए एक पत्र, स्पष्ट रूप से कहता है कि ये नई मशीनें हैं। वैसे चुनाव आयोग ने अब तक राजनीतिक दलों को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी थी, यह बड़ा सवाल खुद चुनाव आयोग के सामने खड़ा हो गया है। दूसरी तरफ पूर्व चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने इस स्थिति को गलत माना है। उनके मुताबिक चुनाव आयोग का काम पूरी पारदर्शिता के साथ हर काम को अंजाम देने का है। इस बीच ईसीआई के सूत्रों ने कहा कि दोषपूर्ण वीवीपीएटी का मतलब है कि वे केवल चुनाव प्रक्रिया के दौरान काम करना बंद कर देते हैं। यह गलत परिणाम नहीं देता है। चुनाव आयोग की सफाई के बाद भी आयोग के दस्तावेज यह बता रहे हैं कि दरअसल मशीनों को बदला जा रहा है। उदाहरण के लिए, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड,

» पेज 2 भी देखें

## देश भर में संक्रमण दर 6.17 प्रतिशत तक बढ़ा



**नयी दिल्ली:** देश में कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे कोरोना वायरस महामारी के मामलों के बीच पिछले 24 घंटे में 12 हजार से ज्यादा नये मामले सामने आये है और इस दौरान संक्रमण से 32 लोगों की मौत हुई हैं। देश भर में संक्रमण दर 6.17 प्रतिशत दर्ज की गई है। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 5,602 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,66,37,581 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इसी अवधि में 1,386 सक्रिय मामले आने से इनकी संख्या बढ़कर 67,556 हो गयी है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,48,81,877 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,300 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 10,765 बढ़कर 4,42,83,021 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 376 की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, हरियाणा में 369, छत्तीसगढ़ में 289, ओडिशा में 286, राजस्थान में 219, उत्तर प्रदेश में 213, पश्चिम बंगाल में 146, पंजाब में 133, कर्नाटक में 93, हिमाचल प्रदेश में 58, बिहार में 53, उत्तराखंड में 40, तमिलनाडु में 34, चंडीगढ़ में 28, तेलंगाना में 12, झारखंड में 25, मध्य प्रदेश में 15, मिजोरम में चार, अंडमान और निकोबार द्वीप, मेघालय और नागालैंड में एक-एक मामला बढ़ा है।

उत्तर पूर्व में हाइड्रोकार्बन के लिए विजन 2030

# दोनों पड़ोसी राज्य विवादित क्षेत्रों में तेल और गैस की खोज पर सहमत

- पिछले तीन दशकों तक काम रुका रहा था
- छह दशक का विवाद शीर्ष अदालत में लंबित
- दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसपर की चर्चा



**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** असम और नागालैंड ने विवादित क्षेत्रों में तेल और गैस की खोज और उत्पादन फिर से शुरू करने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की है, जिसे पिछले 33 वर्षों में निलंबित कर दिया गया था। बता दें कि संघर्ष के कारण करीब तीन दशक से बंद पड़ा यह काम फिर से शुरू होगा। पेट्रोलियम मंत्रालय के पूर्वोत्तर में हाइड्रोकार्बन के लिए विजन 2030 के अनुसार, नागा शुपेन बेल्ट में 555 एमएमटीओई संभावित तेल और गैस के बराबर अनुमानित संसाधन होने का अनुमान है। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो ने आज कहा कि उन्होंने अपने असम के समकक्ष हिमंत बिस्वा सरमा के साथ दोनों पक्षों के जातीय समूहों के समर्थन और सहयोग से सीमा रेखा के अदालत के बाहर समाधान पर एक उपयोगी चर्चा की। दोनों राज्यों के बीच 60 साल पुराना विवाद फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। असम और नागालैंड आपस में 434 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं।

सरमा और रियो ने नई दिल्ली में गुरुवार की रात एक बैठक के दौरान तेल और गैस की खोज और निष्कर्षण को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में सरमा और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अपनी पांच दशक पुरानी सीमा विवाद को हल करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। असम सरकार के एक सूत्र ने कहा, यहां अपनी आमने-सामने की बैठक के दौरान, दोनों मुख्यमंत्रियों ने पारस्परिक हित के मुद्दों और अंतरराज्यीय सीमा के साथ तेल की खोज पर सहयोग पर चर्चा की। रियो ने कहा कि असम और नागालैंड ने सैद्धांतिक रूप से विवादित क्षेत्रों में तेल की खोज पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का फैसला किया है ताकि तेल निकाला जा सके और पड़ोसी राज्यों के बीच रॉयल्टी साझा की जा सके। उन्होंने कहा, एक बार जब यह औपचारिक हो जाएगा,

» पेज 2 भी देखें

**परिणाम** कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सहारे जेनेटिक वैज्ञानिकों ने नया कमाल किया

# अब इस विधि से नये प्रोटिन का उत्पादन

- प्रकृति में पैदा नहीं होते हैं यह प्रोटिन
- इनका बहुआयामी उपयोग किया जा सकता
- भोजन को सुरक्षित रखने की दिशा में भी कारगर

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** कृत्रिम बुद्धिमत्ता की चर्चा इनदिनों अधिक हो रही है। कंप्यूटर पर आम लोगों के साथ काम करने वाले चैट जीपीटी के बाद इस बारे में सामान्य लोगों का ज्ञान बढ़ा है। इसी कृत्रिम बुद्धिमत्ता का मेडिकल चिकित्सा के क्षेत्र में और नया प्रयोग किया गया है। इस प्रयोग का परिणाम सफल आने के बाद अब जेनेटिक वैज्ञानिक इससे आगे की दूरी तय करना चाहते हैं। दरअसल एआई विधि से नए प्रोटीन उत्पन्न किये गये हैं, जो प्राकृतिक संरचनात्मक डिजाइन लक्ष्यों को पूरा करते हैं। यह माना जा रहा है कि कई बीमारियों के ईलाज में इन संशोधित किये जाने योग्य प्रोटीनों का उपयोग

» पेज 2 भी देखें

**शोधकताओं ने एक उत्पादक मॉडल को नियोजित किया**

एमआईटी, और टूफ्ट्स विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने एक उत्पादक मॉडल को नियोजित किया, जो कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता में उपयोग होने वाली मशीन-लर्निंग मॉडल आर्किटेक्चर का एक ही प्रकार है। उन्होंने मॉडल आर्किटेक्चर को अनुकूलित किया ताकि यह विशिष्ट संरचनात्मक उद्देश्यों को प्राप्त करने वाले प्रोटीन के अमीनो एसिड अनुक्रमों की भविष्यवाणी कर सके। शोधकर्ता बताते नए प्रोटीन का उत्पादन कर सकते हैं जो अद्वितीय अनुप्रयोगों को सक्षम कर सकते हैं, वरिष्ठ लेखक मार्कस ब्यूहलर, इंजीनियरिंग में जेरी मैकेफी प्रोफेसर और सिविल और पर्यावरण इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर, ऐसा दावा करते हैं। उन्होंने कहा कि मॉडल कुछ ही दिनों में लाखों प्रोटीन उत्पन्न कर सकते हैं। इसके जरिए अनाज को अधिक दिनों तक सुरक्षित रखने की भी विधि मिल सकती है। उनके मुताबिक जब आप प्रोटीन को डिजाइन करने के बारे में सोचते हैं तो प्रकृति ने अभी तक खोज नहीं की है, यह इतना बड़ा डिजाइन स्थान है कि आप इसे केवल एक पेंसिल और कागज के साथ नहीं सुलझा सकते। आपको जीवन की भाषा का पता लगाना होगा, जिस तरह से अमीनो एसिड होते हैं। डीएनए द्वारा एन्कोडेड और फिर प्रोटीन संरचनाओं को बनाने के लिए एक साथ आते हैं। प्रोटीन थ्री डी पैटर्न में एक साथ मुड़े हुए अमीनो एसिड की जंजीरों से बनते हैं। अमीनो एसिड का क्रम प्रोटीन के यांत्रिक गुणों को निर्धारित करता है।

विशिष्ट यांत्रिक गुणों, जैसे कठोरता या लचीलेपन के साथ नई सामग्री बनाने के

## रूसी वायु सेना ने अपने ही शहर बेलगॉरॉड पर बमबारी कर दी

**राष्ट्रीय खबर**



**मास्को:** रूस की सेना ने स्वीकार किया है कि उसके एक युद्धक विमान द्वारा गलती से गिराए गए बम से यूक्रेन की सीमा के पास एक रूसी शहर में शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जिसमें दो लोग घायल हो गए और स्थानीय निवासी डर गए। रूस-यूक्रेन सीमा से लगभग 40 किलोमीटर (25 मील) पूर्व में स्थित 340,000 की आबादी वाले बेलगॉरॉड को यूक्रेन में रूस के वर्तमान सैन्य अभियान के दौरान नियमित ड्रोन हमलों का सामना करना पड़ा है। रूसी अधिकारियों ने यूक्रेनी सेना पर पहले के हमलों को दोषी ठहराया, जो सीधे तौर पर हमलों के लिए जिम्मेदारी का दावा करने से बचते रहे। बेलगॉरॉड के निवासियों ने इससे पहले जो कुछ भी अनुभव किया था, उससे कहीं अधिक शक्तिशाली विस्फोट गुरुवार देर रात हुआ था। चश्मदीदों ने बताया कि फुफकारने की धीमी आवाज के बाद एक धमाका हुआ जिससे आस-पास के अपार्टमेंट की इमारतें थरथराने लगीं और उनकी खिड़कियां टूट गईं। इसने अपार्टमेंट ब्लॉकों से

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव का आयोजन हुआ

रांचीः आज 22 अप्रैल को सर्व ब्राम्हण समाज के द्वारा भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री राजीव रंजन मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात भगवान परशुराम जी एवं फरसा की पूजा अर्चना कर आरती की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों को फरसा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से ललित ओझा , गोपाल पारीक , रजनीश पांडेय एवं नवनीत पांडेय उपस्थित थे। पूजा-अर्चना आचार्य श्री संतोष पाठक एवं श्री बलराम मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्राम्हण समाज के कैलाश पारीक के द्वारा श्री राजीव रंजन मिश्रा को फरसा देकर सम्मानित किया गया। श्री मिश्रा ने केंद्रीय सरकार से आग्रह किया कि परशुराम जयंती के दिन राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए। श्री मिश्रा ने सभी झारखंडवासियों को परशुराम जयंती की बधाई दी है। इस कार्यक्रम में पिंटू एवरी , नवनीत तिवारी धनंजय पाठक , लवली पाठक , रणधीर सिंह , विनोद कुमार चौधरी , राजेश कुमार बबलू , राजेश मिश्रा , अभिषेक पाठक , वेणु गोपाल , रविन्द्र मोहन मिश्रा सहित दर्जनों ब्राम्हण समाज के लोग जन्मोत्सव में शामिल हुए।

राजनीति

### पुलिस के बुलावे पर पूरी एकजुटता के साथ पहुंचे तमाम भाजपा नेता

# दमन का हर तरीका अपना रही हेमंत सरकार : दीपक प्रकाश

- अपराधी हैं तो गिरफ्तार करे राज्य सरकार
- प्रदेश अध्यक्ष के साथ कई विधायक भी
- प्रदेश के बड़े नेता भी थाना में मौजूद

राष्ट्रीय खबर





**रांचीः** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाशने कहा है कि दरअसल हेमंत सोरेन की सरकार दमन के लिए हर हथकंडे का इस्तेमाल कर रही है। अगर सरकार को लगता है कि भाजपा के लोग अपराधी हैं तो गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही राज्य सरकार। प्रदेश भाजपा द्वारा विगत 11अप्रैल को हेमंत हटाओ,झारखंड बचाओ अभियान के तहत सचिवालय घेराव कार्यक्रम आयोजित हुआ था। इस प्रदर्शन में पूरे प्रदेश के गांव गांव से न सिर्फ भाजपा कार्यकर्ता बल्कि आम जनता भी शामिल हुई। राज्य सरकार ने लोकतांत्रिक आंदोलनकारियों पर लाठियां बरसाए,आंसू गैस के गोले दागे और संगीन अपराध की धाराएं लगाकर नेताओं कार्यकताओं पर मुकदमे भी दर्ज किए। मुकदमों में आरोपी बनाए गए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल एवम प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक आज 41ए की नोटिस पर पूछताछ केलिए धुर्वा थाना पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा,प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू,प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव,सह कार्यालय मंत्री सूरज चौरसिया , रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार अपने खिलाफ बोलने वालों के साथ दमन का हर तरीका अपना रही है। इस सरकार ने हिटलर शाही,तानाशाही की पराकाष्ठा कर दी। श्री प्रकाश ने कहा यह सरकार अपने भ्रष्टाचार को छुपाने केलिए अत्याचार का नया नया तरीका अपना रही है। लोकतंत्र में सशक्त विपक्ष को लोकतांत्रिक तरीके से जनभावनाओं को उजागर करने,सरकार की विफलताओं,नाकामियों पर बोलने का संवैधानिक अधिकार है।लेकिन सरकार केवल अपनी जिद्द और हठधर्मिता के साथ शासन चलाना चाहती है। इनके ही वायदे इन्हे याद कराने पर बेरोजगार युवा,बेकसूर महिलाएं, आदिवासी, दलित, लाचार किसान , मजदूर सभी हेमंत सरकार की नजरों में अपराधी बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की नजरों में खान खनिज की लूट करना, दलित,आदिवासियों की जमीन लूटना, पंचायत से मंत्रालय तक भ्रष्टाचार करना ,वोट केलिए तुष्टिकरण करना अपराध नहीं है लेकिन जो इसके खिलाफ लोकतांत्रिक विरोध करेगा वो अपराध की श्रेणी में है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य हित में जनभावनाओं के अनुरूप आंदोलन करना अपराध है तो भाजपा यह अपराध बार बार करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार यदि इसके लिए अपराधी मानती है तो हमें गिरफ्तार करना चाहिए। श्री प्रकाश ने कहा कि आगामी चुनाव में जनता हेमंत सरकार को करारा जवाब देगी।

## राष्ट्रीय खबर कॉर्नर



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी राज्य वासियों को ईद- उल -फितर की दिली मुबारकबाद दी है । श्री सोरेन ने आज कहा कि शांति , एकता , हर्ष, उल्लास व उत्साह का यह त्योहार है । सभी के जीवन में यह त्योहार सुख -समृद्धि और खुशहाली लाए, यही दुआ करता हूं। उल्लेखनीय है कि रमजान के बाद शव्वाल की पहली तारीख को ईद-उल-फितर मनाई जाती है और इस दिन लोग शांति और सुख-समृद्धि के लिए भी दुआएं मांगते हैं।

## कमिश्नर की रिपोर्ट पर सरकार की चुप्पी की भी हो पड़ताल : बाबूलाल मरांडी

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** पूर्व सीएम और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने समाज कल्याण निदेशक आइएएस छवि रंजन के जमीन घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया है। ट्विटर पर अपनी बात रखते कहा कि ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) तो छवि रंजन से जमीन घोटाले में पूछताछ करे ही, उसके खिलाफ कमिश्नर की रिपोर्ट के बाद भी राज्य सरकार के स्तर से कार्रवाई नहीं किये जाने के कारणों की भी पहचान करे। पूर्व डीसी रहते छवि ने राँची में जाली कागजात से जमीन हेराफेरी की। लोगों को नोटिस देकर परेशान और भयादोहन भी उसके कार्यकाल में खूब हुआ। प्रवर्तन निदेशालय, रांची जमीन महाघोटाले की जांच एवं उससे पूछताछ करे। पूर्व में छवि रंजन के खिलाफ कमिश्नर की ओर से एक रिपोर्ट तैयार की गयी थी। पर सरकार ने कारवाई नहीं की। इसके कारणों का भी संज्ञान लेकर पड़ताल करे।

## आलोक दुबे ने इलाकों का दौरा कर ईद की बधाई दी

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने राज्यवासियों को ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।हटिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर मुस्लिम भाईयों को ईद की मुबारकबाद दी है। पूर्वाह्न 9.30 बजे डोरंडा स्थित ईदगाह में नमाज अदा करने के उपरान्त आलोक दूबे ने गले लगकर मुस्लिम भाईयों को ईद की बधाई दी।इस मौके पर उन्होंने सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटी के महासचिव अकिल उर रहमान, ट्रैफिक एसपी, हटिया डीएसपी राजा मित्रा, समाजसेवी अकबर खान के साथ मिलकर ईद की बधाई दी। मीडिया से बात करते हुए आलोक दूबे ने कहा पिछले 25 वर्षों से अधिक समय हो गया होगा जब ईद के मौके पर यहां आना नहीं भूलता हूं।ईद का त्योहार उमंग, उत्साह, हर्षोउल्लास का त्योहार है। ईद इंसानियत,प्रेम, अमन, शांति, सद्भावना एवं भाईचारे का पैगाम देती है।यह त्यौहार परोपकार एवं परमार्थ की प्रेरणा का विलक्षण अवसर है।प्रत्येक पर्व त्योहार के पीछे परंपरागत लोक मान्यताएं एवं कल्याणकारी संदेश निहित हैं।ईद लोगों में बेपनाह खुशियां बांटती है और आपसी मोहब्बत का पैगाम देती है।ईद का मतलब है एक ऐसी खुशी जो बार-बार हमारे जीवन में आती है।ईद हमारे देश ही नहीं दुनिया का एक विशिष्ट धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक त्योहार है।आनंद और उल्लास के इस सबसे मुखर त्योहार का उद्देश्य मानव को मानव से जोड़ना है। धार्मिकता के साथ नैतिकता और इंसानियत की शिक्षा देने का विशिष्ट अवसर है।ईल मेल मिलाप,हर्ष और आनंद का स्त्रोत है जो हमें संयम, धैर्य सहनशीलता, करुणा, प्रेम, मित्रता व मानवीय सहयोग,अमन का पैगाम देता है। आलोक दूबे ने राज्यवासियों से आग्रह किया है कि सभी लोग गंगा जमुनी तहजीब की संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए पूरे भाईचारगी के साथ ईद का त्योहार मनाऐं।

## पेज एक का शेष

### पूर्व राज्यपाल के .. ..

सकते हैं। मलिक के घर के पास एक पार्क में आयोजित बैठक पर पुलिस द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद मलिक पुलिस थाने गए थे। पुलिसकर्मियों ने कहा कि उन्हें रिहायशी इलाके में बिना अनुमति के कोई सभा करने की इजाजत नहीं थी।

मलिक ने बाद में थाने के बाहर संवाददाताओं से कहा, पुलिस कह रही है कि वे अब हमें गिरफ्तार नहीं करेंगे। श्री मलिक ने बताया कि सीबीआई ने कुछ स्पष्टीकरण के लिए मध्य दिल्ली में एजेंसी के अकबर रोड गेस्ट हाउस में उनकी उपस्थिति के लिए कहा है।

### प्रशिक्षित कुत्ता दक्षिण .. ..

जंगल में अवैध शिकार और बढ़ी हुई घटनाएं नुकसान वाली रही हैं। इसी तरह वेल्स में प्रशिक्षित एक और कुत्ता अंडों, चूजों और वयस्क पक्षियों का शिकार करने वाले चूहों को सूंघकर वेल्स के समुद्री पक्षियों की रक्षा करता है। इस कुत्ते का नाम जिंक्स है। उसकी उम्र तीन साल है। वह ब्रिटेन का पहला संरक्षण खोजी कुत्ता कहा जाता है। वह दो साल से आरएसपीबी के साथ प्रशिक्षण ले रहा है और वेल्स के आसपास के द्वीपों पर भूरे चूहों को सूंघने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

### आयोग ने कहा खराब .. ..

हैदराबाद को भेजी जाने वाली मशीनों में कुछ खास सीरिज की मशीनों को दोषपूर्ण माना गया है। इसी तरह बाकी श्रृंखलाएं भी हैं, अर्थात, ईवीटीईबी, ईवीटीईसी, ईवीटीईडी, प्रत्येक में 99999 मशीनों का एक बैच शामिल है। ये एम3 मशीनें हैं जिन्हें पहली बार 2018 में पेश किया गया था और 2019 के चुनावों में भी इनका इस्तेमाल किया गया था। इसे परिप्रेक्ष्य में रखने के लिए, 2019 के लोकसभा चुनावों में कुल 17.4 लाख वीवीपैट को लोकसभा चुनावों और साथ-साथ होने वाले विधानसभा चुनावों के उपयोग के लिए अधिसूचित किया गया था। इस मामले की जानकारी खुद चुनाव आयोग द्वारा नहीं दिये जाने की वजह से पूरा मामला संदेह के घेरे में आ गया है।

### दोनों पड़ोसी राज्य विवादित .. ..

नागालैंड के अंदर भी तेल की खोज के लिए बड़ी संभावनाएं हैं। और आगे बढ़ने के लिए देश को बड़े पैमाने पर तेल की जरूरत है।

इससे पहले गुरुवार को सरमा ने रेखांकित किया था कि नगालैंड के साथ विवादित क्षेत्रों में तेल की खोज और निष्कर्षण के निलंबन से राज्य को राजस्व का बड़ा नुकसान हुआ है। पेट्रोलियम मंत्रालय के दस्तावेज में कहा गया है, इस क्षेत्र में नागालैंड और असम के बीच सीमा विवाद से संबंधित मुद्दे हैं। ओएनजीसी के दो ब्लॉक इस क्षेत्र में हैं। 1988 में असम द्वारा एक याचिका दायर करने के बाद सुप्रीम कोर्ट से समाधान की प्रतीक्षा कर रहा है, जिसमें समाधान की मांग की गई है।

### अब इस विधि से नये .. ..

लिए किया जा सकता है। एक नई मशीन-लर्निंग प्रणाली, कुछ संरचनात्मक विशेषताओं के साथ प्रोटीन डिजाइन उत्पन्न कर सकती है, और जो प्रकृति में मौजूद नहीं है। इन प्रोटीनों का उपयोग उन सामग्रियों को बनाने के लिए किया जा सकता है जिनमें मौजूदा सामग्रियों के समान यांत्रिक गुण होते हैं, जैसे पॉलिमर, लेकिन जिनमें कार्बन फुटप्रिंट बहुत कम होगा। एमआईटी के शोधकर्ता नए प्रोटीन को डिजाइन करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर रहे हैं जो प्रकृति में पाए जाने वाले प्रोटीन से परे हैं। ऐसी जैविक रूप से प्रेरित सामग्री संभावित रूप से पेट्रोलियम या सिरेमिक से बनी सामग्री को प्रतिस्थापित कर सकती है। प्रोटीन की खोज को सुव्यवस्थित करने के लिए, शोधकताओं ने हाल ही में गहन शिक्षण मॉडल विकसित किए हैं जो अमीनो एसिड अनुक्रमों के एक सेट के लिए प्रोटीन की 3 डी संरचना की भविष्यवाणी कर सकते हैं। यह सोच प्रोटीन विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि लंबे एमिनो एसिड अनुक्रम में एक उत्परिवर्तन पूरे डिजाइन को बना या तोड़ सकता है। एक प्रसार मॉडल एक प्रक्रिया के माध्यम से नया डेटा उत्पन्न करना सीखता है। वे उच्च-गुणवत्ता, यथार्थवादी डेटा उत्पन्न करने में अक्सर अन्य मॉडलों की तुलना में अधिक प्रभावी होते हैं जिन्हें डिजाइन की मांग को पूरा करने के लिए लक्षित उद्देश्यों के एक सेट को पूरा करने के लिए वातानुकूलित किया जा सकता है। बायोमेडिकल उद्योग में, हो सकता है कि आप एक ऐसा प्रोटीन नहीं चाहते जो पूरी तरह से अज्ञात हो क्योंकि तब आप इसके गुणों को नहीं जानते हैं। लेकिन कुछ अनुप्रयोगों में, आप एक नया प्रोटीन चाहते हैं जो प्रकृति में पाए जाने वाले के समान हो, लेकिन कुछ अलग। अलग अलग प्रोटिन के संयोजन से ऐसी सामग्री बनाई जा सकती है जो रेशम की तरह खिंचाव और मजबूत हो। शोधकताओं ने दो मॉडल विकसित किए, एक जो प्रोटीन के समग्र संरचनात्मक गुणों पर संचालित होता है और एक जो अमीनो एसिड स्तर पर संचालित होता है। दोनों मॉडल प्रोटीन उत्पन्न करने के लिए इन अमीनो एसिड संरचनाओं को मिलाकर काम करते हैं।

### रूसी वायु सेना ने अपने .. ..

घिरे पेड़-पंक्तिबद्ध एवेन्यू के बीच में 20-मीटर (66-फुट) चौड़ा गड्ढा बना दिया, जो क्षतिग्रस्त हो गया। कई कारें और एक वाहन को एक स्टोर की छत पर फेंक दिया। दो लोग घायल हो गए, और एक तीसरे व्यक्ति को उच्च रक्तचाप के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया। लगभग एक घंटे बाद, रूसी रक्षा मंत्रालय ने स्वीकार किया कि उसके अपने एक एसयू -34 बमवर्षक द्वारा गलती से छोड़े गए हथियार के कारण विस्फोट हुआ। मंत्रालय ने कोई और विवरण नहीं दिया, लेकिन सैन्य विशेषज्ञों ने कहा कि हथियार के संभावित रूप से 500 किलोग्राम (1,100 पाउंड) का बम था। सैन्य विशेषज्ञों ने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि हथियार प्रभाव के बाद एक छोटी सी देरी के साथ विस्फोट करने के लिए सेट किया गया था जो इसे भूमिगत सुविधाओं को हिट करने की अनुमति देगा।

## झारखंड बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में होगी महाजुटान

राष्ट्रीय खबर



रांचीः झारखंड बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में जमीन/ खतियान बचाओ महाजुटान कल होगा। उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहीं ' इन्होंने यह भी कहा कि जमीन खतियान बचाओ महाजुटान में दस हजार से अधिक झारखंडी समाज के लोग अपने हक और अधिकार के लिए उलगुलान की घोषणा करेंगे। श्री नायक ने आगे बताया की जमीन/ खतियान बचाओ महाजुटान दिनांक 23 अप्रैल को दिन के साढ़े बारह बजे विधानसभा मैदान जगन्नाथपुर थाना रांची के बगल में में आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में लोबिन हेंब्रम विधायक सह केंद्रीय मुख्य संयोजक झारखंड बचाओ मोर्चा सभा को संबोधित करेंगे। इन्होंने कहा झारखंड राज्य का गठन हुए 23 वर्ष बीत गए लेकिन झारखंड में शहीदों और पुरखों के सपनों का झारखंड नहीं बन पाया है। झारखंड के आदिवासी एवं मूलवासी जनता के भावनाओं को रौंदा जा रहा है और जल जंगल जमीन को लूट मची हुई है। जल जंगल जमीन की लूट में सरकार एवं सरकारी तंत्र भी शामिल हो चुका है। इस विषम परिस्थिति पर झारखंड के आदिवासी मूलवासियों का अस्तित्व बचाए रखने का बड़ा प्रश्न खड़ा हो गया है। झारखंड की जमीन ही नहीं रहेगी तो झारखंड के आदिवासी एवं मूलवासी कैसे बचें बचेंगे।

झारखंड में चारों ओर जमीन की लूट मची हुई जिससे सरकार और सरकारी तंत्र पर अब झारखंड के आदिवासी मूलवासी जनता का विश्वास उठ गया है। इस अवसर पर झारखंड बचाओ मोरचा के वरिष्ठ नेता रंजीत उरांव , विक्की पाहन , अनील तांबा ने झारखंडी जनता से अपील किया कि वें 23 अप्रैल 2023 तारीख को जमीन खतियान बचाओ जुटान में लाखों लाख की संख्या में उपस्थित होकर जमीन खतियान बचाओ महाजुटान उलगुलान को सफल करें।

## केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही सीबीआईः बंधु तिर्की

राष्ट्रीय खबर



रांची : झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की आलोचना की है। कहा है कि पलामू सदर थाना क्षेत्र के सतबरवा ओपी अंतर्गत बकोरिया में 8 जून 2015 को हुई कथित पुलिस नक्सली मुठभेड़ के मामले में सीबीआई की पक्षपात पूर्ण जांच और उसकी क्लोजर रिपोर्ट से यह जाहिर हो गया है कि यह एजेंसी पूरी तरीके से केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। क्लोजर रिपोर्ट के बाद सीबीआई के चेहरे से उसका बचा-खुचा मुखौटा भी उतर चुका है।कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो पूरी तरीके से केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। यही कारण है कि जहां विपक्षी नेताओं पर लगे आरोपों पर उसकी कार्रवाई तेज गति से होती है। वहीं जो नेता भाजपा में चले जाते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई रोक दी जाती है। श्री तिर्की ने कहा कि पलामू का बकोरिया कांड एक ऐसा नरसंहार था, जिसकी हो रही जांच पर झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों की नजर थी। लेकिन इस मामले में सीबीआई ने न केवल क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल कर दी है, बल्कि अपने मुखौटे को भी उतार फेंका है।श्री तिर्की ने कहा कि बकोरिया ऐसा कांड था, जिसमें सिपाही से लेकर पुलिस महानिदेशक स्तर तक के अनेक अधिकारियों से सीबीआई ने पूछताछ की थी। इसके अलावा पुलिस पर पीड़ित परिवारों के द्वारा जो आरोप लगाये गये थे, उसके मामले में भी सीबीआई ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसे कोई भी साक्ष्य नहीं मिला है। कहा कि 10 निर्दोष व्यक्तियों एवं बच्चों की हत्या के दोषियों के विरुद्ध जांच के उपरांत समर्पित यह क्लोजर रिपोर्ट बहुत ही गंभीर मामला है। इस मामले में विशेष रूप से झारखंड के भाजपा नेताओं को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये, क्योंकि पहली नजर में यह एकतरफा रिपोर्ट लगती है। श्री तिर्की ने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह इस मामले पर और भी अधिक गंभीरता के साथ जांच पड़ताल का निर्देश दे।

दबाव

### विधेयक लौटाये जाने के बाद नौकरी 27 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे पर विचार

# ओबीसी आरक्षण पर दोबारा राज्यपाल को भेजे प्रस्तावः कांग्रेस

- राजभवन और सरकार के बीच दांव पेंच
- पूर्व राज्यपाल बैस ने लौटाया था विधेयक
- जनता से चुनाव में इसका वादा किया था

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** झारखंड कांग्रेस कई अन्य ओबीसी संगठनों की तर्ज पर आरक्षण विधेयक को दोबारा राज्यपाल के पास भेजने की पक्षधर है। इसके लिए वह सरकार में सहयोगी झारखंड मुक्ति मोर्चा पर भी दबाव डालने जा रही है। दरअसल यह एक ऐसा मुद्दा है जो स्थानीयता और नियोजन नीति से परे हटकर भी राजनीतिक लाभ दिला सकता है। इस प्रस्ताव में ओबीसी समुदाय के सदस्यों के लिए 27फीसदआरक्षण की बात है। राज्यपाल राधाकृष्णन ने पहले विधेयक को राज्य सरकार को लौटा दिया था। वैसे राज्यपाल का यह फैसला भारत के अटॉर्नी जनरल के बाद आया है। उन्होंने राय दी थी कि बिल के प्रावधान कई कानूनों का उल्लंघन कर रहे थे। विधेयक लौटाये जाने के बाद राजभवन के सूत्रों ने हवाले से सुप्रीम कोर्ट के फैसले के संदर्भ में यह जानकारी दी है।

वैसे सरकार में शामिल सभी दल ओबीसी आरक्षण का कोटा बढ़ाने के पक्ष में हैं। दरअसल पिछले चुनाव के दौरान भी यह एक चुनावी वादा था। इसमें कहा गया था कि 14 फीसद से 27 फीसद तक सरकारी नौकरी 2019 के दौरान झारखंड के लोगों से किए गए कांग्रेस के प्रमुख वादों में से एक था। इसलिए कांग्रेस भी अपने सहयोगियों की तरह ही जनता के बीच इस वादा को पूरा करने का काम पूरा करने के बाद जाना चाहती है।

इस बीच राज्यपाल ने विधेयक को सरकार को लौटा दिया है। यह विधेयक पिछले साल 11 नवंबर को राज्य विधानसभा द्वारा पारित किया गया था। इसके बाद हेमंत सोरेन की अगुआई की सरकार ने तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस को उनकी सहमति के लिए और केंद्र को शामिल करने के लिए बिल भेजा था। बीच में चुनाव आयोग का आया लिफाफा भी सरकार में अस्थिरता पैदा करने के लिए पर्याप्त रहा। वैसे विधेयक में ओबीसी के अलावा, विधेयक में एससी, एसटी समुदायों के आरक्षण को बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी को शामिल करना, जिससे राज्य सरकार की नौकरियों में आरक्षण 77 फीसद हो गया। इससे पहले, पूर्व राज्यपाल श्री बैस ने लिंचिंग विरोधी विधेयक, राज्य उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक और एक विधेयक समेत पांच अन्य विधेयकों को लौटा दिया था। 1932 के भूमि सर्वेक्षण के रिकॉर्ड के आधार पर राज्य के स्थानीय लोगों को परिभाषित करें। सत्तारूढ़ गठबंधन के कई नेता मानते हैं कि भाजपा के द्वारा राजभवन का दुरुपयोग किया जा रहा है और इसे राजनीति का केंद्र बनाया जा रहा है। यदि अन्य राज्यों में आरक्षण 50 फीसद से अधिक है। झारखंड में इसे मुद्दा क्यों बनाया गया, यह समझ से परे है।

वैसे कांग्रेस इस मुद्दे को अभी गर्म रखना चाहती है। राहुल गांधी के खिलाफ ओबीसी का अपमान करने का मुद्दा बैक फायर करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे जातिगत जनगणना की मांग बार बार कर रहे हैं। इससे भी भाजपा असहज स्थिति में है क्योंकि नीतीश कुमार ने बिहार में यह काम प्रारंभ कर दिया है। हिंदी पट्टी के प्रदेशों के लिए यह एक मजबूत चुनावी मुद्दा है, इसे सभी राजनीतिक दल अच्छी तरह जानते हैं।

## शहर >> अपडेट

### भूमि विवाद में हुई मारपीट, दो घायल

**बगहा/पिपरासी :** मंझरिया पंचायत में शनिवार की दोपहर दबंगों ने एक को पीटकर सिर फोड़ा तथा एक युवती का पैर तोड़ दिया। घर में घुसकर तोड़ फोड़ किया और घर में रखें मोबाइल और नकद राशि की चोरी कर लिया। दबंगों ने बड़ी बेरहमी से मारपीट कर आधा दर्जन को घायल कर दिया है। बहरी स्थान गांव निवासी राघव शरण साहनी का सिर लाठी डंडा से मार कर फोड़ दिया गया है। आशा कुमारी की पैर तोड़ी गई है। इसकी शादी नवंबर माह में थी। मेड़ काटने को लेकर यह विवाद उत्पन्न हुआ। बहरी स्थान राधेश्याम साहनी, विनोद साहनी, विजय कुमार समेत करीब एक दर्जन लोगों ने इस घटना का अंजाम दिया है। दोनों पीड़ितों को रेफर कर दिया गया है। दोनों आपसी पट्टीदार है और भुविवाद में यह हुआ है।

# गांधी मैदान में 40 हजार लोगों ने अदा की ईद की नमाज

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बोले भाईचारा हमेशा बना रहे

**रुपेश रंजन सिन्हा**



**पटना :** गांधी मैदान में शनिवार सुबह ईद की नमाद अदा की गई। इस दौरान करीब 40 हजार लोगों ने नमाज पढ़ा। इसके बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान बच्चे, जवान और बुजुर्ग सभी नजर आए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गांधी मैदान पहुंचे। उन्होंने लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी और इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी से मुलाकात कर उनसे मोसाफा किया। इससे पहले पूर्व इदैन कमिटी के सदर महमूद आलम ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गुलदस्ता भेंटकर एवं साफा पेश किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तमाम नमाजियों सहित मुस्लिम भाई-बहनों एवं बिहारवासियों तथा देशवासियों को ईद की मुबारकबाद एवं बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से गले मिलकर, हाथ मिलाकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान सुरक्षा के काफी पुख्ता इंतजाम थे। मीडिया से बाचतीत करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि ईद के अवसर पर मैं सभी को मुबारकबाद देता हूं। वर्ष 2006 से ही ईद के मौके पर हम यहां आते रहे हैं। पिछले दो वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना के कारण इसका आयोजन नहीं हो पाया था। ईद के मौके पर यहां आकर मुझे खुशी होती है। यहां अच्छा माहौल है। रमजान के इस पवित्र महीने में लोग एक माह तक रोजा रखते हैं। इस दौरान हम अनेक जगहों पर जाते हैं। सभी लोग प्रेम के साथ इस पर्व को मनाते हैं। आपस में प्रेम और भाईचारा का भाव बना रहना चाहिये। सभी लोग प्रेम एवं भाईचारा के साथ ईद मनायें। समाज के हर तबके के उत्थान के लिए हम काम करते हैं। चाहे किसी भी धर्म के माननेवाले हों, सबका सम्मान करते हैं, सबकी इज्जत करते हैं। आपस में प्रेम और भाईचारा का भाव बना रहे, इसके लिए जो संभव हो प्रयास करते हैं। ईद के अवसर पर हमारी सभी को शुभकामनाएं हैं।

### धुरवाँ मठ के प्रांगण में भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच ने परशुराम जयंती मनाया

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत बेतियाडीह पंचायत में धुरवाँ मठ के प्रांगण में भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच ने विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। विद्वानों तथा हिंदू पंचांग के अनुसार प्रतिवर्ष बैशाख माह शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव व मनाया जाता है। भगवान राम से परशुराम का नाम कैसे पड़ा? ऐसी मान्यता है कि भगवान परशुराम के माता-पिता बचपन में ही उनका नाम राम रखा, लेकिन वह भगवान शिव के बहुत बड़े भक्त रहे, उनके भक्ति को देखकर भगवान शिव ने उनको कई सारे शस्त्र दिए जिसमें एक फरसा भी था। फरसा को परशु भी कहते हैं इसी कारण से उनका नाम राम से परशुराम पड़ा। इस कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों को स्वागत करते हुए जिला प्रवक्ता नवीन राय ने कहा कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर केंद्र व राज्य सरकार अवकाश घोषित करना चाहिए। भगवान परशुराम सभी के अराध्य देव हैं। हमलोगों को इनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विनय शाही, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक प्रकाश राय, गणमान्य लोगों मे भारत भूषण दूबे, जगमोहन राय, संजय राय उर्फ अमरेन्द्र राय, लोकेश शाही, सुधाकर उपाध्याय, कन्हैया पाण्डेय, विपिन पाण्डेय, सतेन्द्र पाण्डेय, विपिन राय, बाबु साहेब ओझा, राजेश तिवारी, राकेश बिहारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय संयोजक सह अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र उर्फ बब्लू मिश्र ने की। कार्यक्रम में विषय प्रवेश जिलाध्यक्ष शाही ने कराया, नवीन राय ने आगत अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र और माला पहनाकर किया। सम्मानित करने मे कोषाध्यक्ष विनय ठाकुर व प्रदेश सचिव संजय ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय राय उर्फ अमरेंद्र राय ने किया।

### जदयू द्वारा मनाई जाएगी दानवीर भामाशाह की जयंती

**पटना :** जनता दल (यूनाइटेड) द्वारा वीरचन्द पटेल मार्ग स्थित पार्टी मुख्यालय के कपूरी सभागार में दानवीर भामाशाह जी की 525वीं जयंती मनाई जाएगी। जयन्ती समारोह में प्रदेश भर से लोगों के भारी जुटान होगा। जद(यू0) द्वारा लोगों की स्वागत और सत्कार के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां जोरों पर है। कार्यक्रम की जिम्मेदारी बिहार जदयू के व्यवसायिक और उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल नोपानी को सौंपी गई है। इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि जयन्ती समारोह का प्रमुख उद्देश्य दानवीर भामाशाह जी की प्रेरणादायी जीवन गाथा को जन-जन तक पहुँचाना है। जिस प्रकार दानवीर भामाशाह जी ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सारा धन-दौलत कुर्बान करने का साहस किया था वह आज हम सभी को प्रेरणा देती है। जदयू द्वारा पूर्व से ही दानवीर भामाशाह जी की जयंती मनाई जाती रही है परंतु इस बार जयन्ती समारोह को भव्य देने की योजना पर कार्य चल रही है।

## सोनी ने मनोरंजन के लिए ब्राविया एक्स80एल टेलीविजन सीरीज लॉन्च की

**राष्ट्रीय खबर**

**पटना :** सोनी इंडिया ने आज शानदार पिक्चर क्वालिटी और शानदार साउंड के साथ ब्राविया एक्स80एल टेलीविजन सीरीज लॉन्च की। नई एक्स80एल श्रृंखला दृश्यता और ध्वनि को अगले स्तर तक ले जाती है और गूगल टीवी के साथ मनोरंजन की दुनिया पेश करती है, जिसे हमारी तस्वीर और ध्वनि प्रौद्योगिकी के यथार्थवाद द्वारा आकर्षक रंग में जीवंत किया गया है। एक्स80एल सीरीज में एक्स-बैलेंस्ड स्पीकर के साथ इमर्सिव साउंड अनुभव का आनंद लें। एक्स80एल सीरीज गूगल टीवी के साथ स्मार्ट उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करती है जो 700,000+ मूवी और टीवी सीरीज के साथ-साथ 10,000+ ऐप्स और गेम्स के माध्यम से अंतहीन मनोरंजन प्रदान करती है। यह एप्पल एयरप्ले2 और होमकिट के साथ भी निर्बाध रूप से काम करता है. हैंड्सफ्री वॉयस सर्च फीचर के साथ, आप अपने पसंदीदा शो और फिल्में चलाने के लिए टीवी के साथ इंटरैक्ट कर सकते हैं। एक्स80एल सीरीज अब ब्राविया कोर के साथ आती है, जो उच्चतम गुणवत्ता वाले प्योर स्ट्रीमट्ठ 80 एमबीपीएस के साथ आईमैक्स उन्नत फिल्मों के सबसे बड़े संग्रह का आनंद देंगे. एक्स80एल पीएस5 के लिए फीचर के साथ आता है जो ऑटो एचडीआर टोन मैपिंग और ऑटो जेनर पिक्चर मोड के साथ आपके गेमिंग अनुभव को बदल देता है। इसकी एचडीएमआई 2.1 संगतता ऑटो लो लेटेंसी मोड (एएलएलएम) के साथ गेमिंग का समर्थन करती है. एक्स80एल के साथ, गेम मेन्यू फीचर आपको गेमिंग स्टेटस, सेटिंग्स और गेमिंग असिस्ट फंक्शन सभी को एक ही स्थान पर आसानी से एक्सेस कर सकते हैं। ब्राविया कैम के साथ जेस्चर कंट्रोल, एंबियंट ऑप्टिमाइजेशन और गूगल मीट आदि सहित मजेदार नए टीवी अनुभवों की श्रृंखला का आनंद लें. एम्बिएंट ऑप्टिमाइजेशन, लाइट सेंसर और ध्वनिक ऑटो कैलिब्रेशन तकनीक के साथ हर वातावरण में सर्वोच्च चित्रों और ध्वनि का अनुभव करें। एक्स80एल सीरीज को एक्स-प्रोटेक्शन प्रो के साथ सबसे कठिन परिस्थितियों में प्रदर्शन करने के लिए डिजाइन किया गया है. फ्लश सरफेस डिजाइन के साथ, स्लिम टी-शेप्ड वेज्ड स्टैंड और छह हॉट की के साथ स्लीक स्मार्ट रिमोट, एक्स80एल आपके लिविंग रूम के साथ सहजता से मिश्रित हो जाता है। पर्यावरण को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया।

## ईद उल फितर पूरे उमंग उल्लास वातावरण में मनाया

**राष्ट्रीय खबर**



**हवेली खड़गपुर :** प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में ईद उल फितर पूरे उमंग उल्लास वातावरण में मनाया गया। नगर के शाही मस्जिद, शेख टोला मस्जिद, विषहरी स्थान मस्जिद, मोमिन टोला मस्जिद में अकीदतमंदों में बच्चे युवा और बुजुर्ग ने ईद की नमाज अता की। ईद की नमाज अता करने के बाद सभी एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के मूढेरी, खजेचक, गौरा, दरियापुर में भी ईद पर्व को लेकर खास पहल देखा गया। इस दौरान प्रशासन के आला अधिकारी मस्जिद और आसपास के क्षेत्रों में स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। मौजूद अधिकारियों ने भी अकीदतमंदों को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य कुमार झा ने लोगों को सद्भाव और समरसता के त्योहार ईद में शरीक होने के साथ कहा कि ईद की सेवइयों में मिल्लत की मिठास निहित होती हैं। डीएसपी राकेश कुमार,थानाध्यक्ष ने भी ईद की मुबारकबाद दी। वहीं हिंदू भाइयों ने भी भाईचारे के इस पर्व पर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी और स्वादिष्ट व लजीज सेवइयों के स्वाद चखे।

### साल में एक व्यक्ति को कम से कम एक पौधे अवश्य लगाना चाहिए : डॉ प्रेम



**गया :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्थानीय गांधी मैदान मे पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दर्जनों फलदार और छायादार वृक्ष लगाएं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण को प्रभावित करने में एक प्रमुख कारण प्रदूषण है, जिससे उबरने के लिए अधिकाधिक पौधरोपण करने की जरूरत है। साल में कम से कम एक व्यक्ति को एक पौधे अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने गया वासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने पर जोर दिया। उपस्थित कई अन्य लोगों ने भी पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर वन विभाग के वन रक्षी, भाजपा के वरीय नेता मुकेश शर्मा, सुनील कुमार, जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार, सुरेंद्र यादव, राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, मुन्ना शर्मा,मुकेश चंद्रवंशी,रंजीत कुमार सहित कई अन्य लोगों ने पौधरोपण किया।

## आर्थिक दृष्टिकोण से जनसंख्या नियंत्रण कानून जरूरी : ऋतुराज सिन्हा

**राष्ट्रीय खबर**



**पटना :** बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा है कि जिस तर्ज पर जातीय गणना हो रही है उसका आधार सही नही है। जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय, दोनों का अनुपात देखा जाता है। आर्थिक दृष्टिकोण से भी देश में जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाए जाने की जरूरत है, जिसे बिहार के मुख्यमंत्री जी नजर अंदाज कर रहें हैं। उनको इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए की सरकारी खजाने का उपयोग राजनैतिक कारणों के लिए नहीं वरन राज्य के लोगों की उन्नति के लिए होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जाति गणना की जो प्रक्रिया है वो पारदर्शी नहीं प्रतीत होती हैं। देश में लगभग 142 करोड़ से अधिक संख्या हो गई है, हम विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है। एक तरफ भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है लेकिन तत्पश्चात भी अगर प्रति व्यक्ति आय के रूप से देखा जाए तो आज भी भारत का रैंकिंग विश्व में 120 वे से नीचे है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अर्थव्यवस्था के आकार और जनसंख्या को जब डिवाइड करते हैं तो प्रति व्यक्ति आय निकलती है। मोदी जी के शासन में भारत की इकॉनमी पिछले नौ वर्षों में दोगुनी हो गई। लेकिन इतनी प्रगति और प्रोग्रेस के बावजूद हमारी जनसंख्या जिस तरह से फैल रही है तो कहीं ना कहीं प्रति व्यक्ति आय कम होगी। सरकार ने पिछले 9 वर्षों में गरीब कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए है लेकिन उसके बाद भी समस्या आ रही है और आने वाले समय में ये समस्या और प्रचंड होगी। आने वाले 20-25 साल में ये समस्या और विकराल रूप धारण करेगा जिसके रोकथाम के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून अब भारत की जरूरत बन चुकी है।

उन्होंने बिहार में हो रहे जातीय जनगणना के विषय में कहा कि हमने बिहार के विधानसभा में जातीय जनगणना का समर्थन किया है हमारा मानना है कि अगर जातीय जनगणना से हर एक जात बिरादरी का गरीब वर्ग जो है, उसको सरकार की योजना और कार्यक्रम प्राप्त होने में सहूलियत होती है तो स्वागत योग्य है। पर अगर सिर्फ इसके पीछे वोटो की राजनीति के लिए किया जा रहा हो तो यह बिहार के लिए दुर्भाग्य का विषय है।

## अधिक से अधिक वृक्षारोपण से ही संभव है पृथ्वी का संरक्षण

**राष्ट्रीय खबर**



**पटना :** पृथ्वी दिवस के अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश संयोजक श्री सतीश राजू के नेतृत्व में पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रियल एरिया में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सह नॉर्थ ईस्ट राज्यों के सह प्रभारी ऋतुराज सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए एवं वृक्षारोपण किए।

उक्त अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री श्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा की पृथ्वी दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट कर पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना सहयोग देने के लिए प्रेरित करना है, ताकि इस ग्रह को नुकसान पहुंचाने वाली मानव गतिविधियों को कम किया जा सके और पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है की अधिक से अधिक वृक्षारोपण हो जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे और पृथ्वी का संरक्षण हो सके आज विश्व के 195 से अधिक देश पृथ्वी दिवस मनाते है ताकि लोगों में जागरूकता फैले।

उक्त अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू जी ने कहा की लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है जिससे पर्यावरण स्वक्ष हो स्वक्ष पर्यावरण से अपना ये पृथ्वी ग्रह भी सुरक्षित रहेगा। समाज में यही जागरूकता फैलाने हेतु आज भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण किया गया।

उक्त अवसर पर भाजपा नेता संजय गुप्ता, क्रीड़ा प्रकोष्ठ के मुकेश पासवान, राजीव रंजन यादव, आनंद सिन्हा, रणवीर कुमार, आनंद प्रसाद, केशव कान्त प्रसाद, विकास सिंह, दीपक राठौर, विशाल सिंह, सुशील कुमार, पटना महानगर प्रवक्ता अभिषेक सिंह विन्नी, मदन पासवान, रूपेश कुमार सिंह, मनीषा कुमारी, राजू कुमार, रणबीर कुमार, आनंद प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पृथ्वी दिवस पर टीपी वर्मा कॉलेज में पौधारोपण सम्पन्न



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज स्थित टी.पी.वर्मा महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर डॉ दुर्बादल भट्टाचार्य, डॉ चंद्रभूषण बैठा, डॉ दीपक कुमार, शिवम कुमार, खेल निदेशक सुनील वर्मा, डॉ समरजीत सिंह, अतुल कुमार, अखिल स्नेह श्रीवास्तव ने पौधारोपण एवं सफाई अभियान किया। प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत राय के हवाले से कॉलेज सूत्रों ने बताया कि पृथ्वी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोगों में जागृति उत्पन्न हो, पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी से जुड़ी चुनौतियों जैसे वातावरण परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण की परेशानियों से कैसे रोका जा सके। प्रकृति के संरक्षण में बहुत सी चुनौतियां आती है। पृथ्वी को हरा भरा बनाए रखने तथा मानव जीवन को बचाए रखने के लिए संकल्प लें, क्योंकि जितना वृक्ष लगाना आवश्यक है, उतना ही उसे संरक्षित करना भी है। डॉ दुर्बादल भट्टाचार्य ने बताया कि कि वृक्ष से मनुष्य के जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। वृक्ष से जल, वृक्ष से पर्यावरण प्रदूषण का निराकरण है तथा वृक्ष से मानव जीवन को ऑक्सीजन का विकल्प है। डॉ चंद्रभूषण बैठा ने बताया कि बताया कि पृथ्वी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि इस दिन पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरुकता फैलाना। पृथ्वी दिवस पर उससे जुड़ी चुनौतियों जैसे वातावरण परिवर्तन, मौसम की बेरुखी जैसी परेशानियों से रोका जा सके। प्रकृति के संरक्षण में बहुत सी चुनौतियां आती है। इनमें जनसंख्या का तेजी से बढ़ना, मृदा अपरदन, जल-प्रदूषण, वनों की कटाई जैसी चुनौतियां मुख्य हैं। इस अवसर पर डॉ दुर्बादल भट्टाचार्य, डॉ दीपक कुमार, डॉ चंद्रभूषण बैठा, डॉ समरजीत सिंह, खेल निदेशक सुनील वर्मा, अतुल कुमार, शिवम कुमार, अखिल स्नेह श्रीवास्तव ने सभी को जागृत करने, पौधा लगाने एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

**विश्व पुस्तक दिवस पर विशेष**

# डॉ रश्मि की कृति कविता बसंत बन जाती है दिखलाती है जीवन जीने की आशा

**राष्ट्रीय खबर**




**गया :** आदि अनादि काल से भारत भूमि में कहानी, कविता, नाटक, उपन्यास और साहित्य से जुड़े हुए कितने ही प्रयोग किए जाते रहे हैं और यह गौरव की बात है कि इनकी संख्या आज एक से एकीस होती जा रही है। इस राह में कितने ही लोग आकर अपनी भाग्य को आजमा रहे हैं और कविता के माध्यम से अपनी एक अलग पहचान बना रहे हैं। इन्हें आशा और उम्मीद की दीपक को लिए डॉ रश्मि प्रियदर्शनी की प्रस्तुत कृति कविता बसंत बन जाती है उपयोगी ही नहीं पठनीय है।

गया जी की साहित्यिक गलियारों में अपनी यथेष्ट पहचान बना चुकी डॉ रश्मि वर्तमान में गया के प्रतिष्ठित गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में अंग्रेजी विभाग से जुड़ी हैं लेकिन मातृभाषा की सेवा को अपना परम कर्तव्य मानते हुए आज तक इन्होंने साहित्य के क्षेत्र में जो कुछ भी किया है वह उल्लेखनीय है। इसके साथ ही और दो कृतियां जो हाल में ही प्रकाशित होकर आईं है उसका नाम लिया जा सकता है। इसमें काव्य संग्रह ₹नये गीत हम गाएंगे₹ और मुक्तक संग्रह ₹नव्य मुक्तक माला₹ का विशेष रूप में उल्लेख किया जा सकता है।

बिलासपुर के प्रिंसेप पब्लिकेशन से प्रकाशित कविता बसंत बन जाती है कुल 150 पृष्ठों की कृति है जिसमें कविता के क्षेत्र में नवीनतम प्रयोग देखा जा सकता है। लेखिका ने इस कृति को अपने दादा और दादी को समर्पित करते हुए प्राक्कथन में लिखती हैं इस काव्य संग्रह में मैंने अपनी उन कविताओं का संकलन किया है जो मेरे हृदय के अत्यंत निकट हैं।आगे लिखती हैं कविता लेखन का मूल उद्देश्य नकारात्मकता का विनाश होना चाहिए। स्कूली जीवन से ही साहित्य के प्रति रश्मि जी का लगन देखकर उनके शिक्षकों में उस जमाने में ही इन्हें लिखने का जो आशीर्वाद दिया है वह आज भी इमानदारी के साथ रश्मि जी निभा रही हैं।

काव्य संग्रह कविता बसंत बन जाती है की पहली कृति मां शारदे वरदान दे... है। प्रस्तुत कृति में कुल 53 कविता का संग्रह है जिनका संबंध परिवार, भारत, भारतीयता और समाज के साथ-साथ सभ्यता, संस्कृति, पर्व त्योहार, मौसम, वातावरण, मित्रता, स्वप्न, बिहार, जनसंख्या, कोरोनावायरस, प्रेम और वर्तमान की बातों से है जिन्हें कविता के रूप में कवयित्री ने बड़े ही सुंदर ढंग से ढाल दिया है।

कहने को तो यह कविता की कृति है लेकिन इनमें हमारे जीवन से जुड़े संस्कार, हमारी संस्कृति और हम सबो के जीने की कला का संदर्भ बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया है। हर एक कृति के एक-एक पंक्ति पढ़ने योग्य हैं और उससे जानकारी ही नहीं शिक्षा मिलती है और यह हम सभी के जीवन के लिए अनुकरणीय है कि हम सब कुछ ऐसा करें ताकि बसंत बहार सालों भर बनी रहे।

आकर्षक छपाई,सुंदर पृष्ठ सज्जा के साथ साथ प्रस्तुत कृति का मुखपृष्ठ भी उल्लेख योग्य है। पीले सरसों के लहराते पीले फूलों के खेत में नायिका आनंद और उमंग के साथ कविता गाती हुई नजर आ रही हैं। सचमुच कविता अपने आप में एक आनंद है, एक उत्सव है और एक ऐसा पर्व है जो बसंत की भांति मदमस्त है और हम सबों को कुछ करने की प्रेरणा देता है। नैराश्य के वातावरण में जी रहे लोगों को यह कविता संग्रह काफी कुछ जीने की आशा प्रदान करेगा। उस क्षेत्र में रश्मि जी का निवास है पर गया में उन्होंने साहित्य के क्षेत्र में अपनी परचम गाड़ दी है और हम सबों का यह विश्वास है कि आने वाले युग में माता सरस्वती की कृपा से रश्मि जी साहित्य क्षेत्र में और भी अच्छे कार्य करेंगी और अपनी पुस्तकों के माध्यम से पाठकों को प्रेरणा के साथ-साथ नवजीवन नवगति और नए ताल प्रस्तुत करती रहेंगी।

### चिकित्सा प्रभारी ने निजी क्लिनिक व दवा दुकानो का किया औचक निरीक्षण



**भितहा :** प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्वेता रमन द्वारा प्रखंड में संचालित प्राइवेट अस्पतालों सहित मेडिकल स्टोरो की जांच पुलिस की मौजूदगी में की गई। जिसमें प्रखंड के बिनही, मुराडीह सहित रुपही में संचालित अस्पतालों और मेडिकल स्टोर की जांच की गई। जिसमें चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा सभी लोगों को 24 घंटा के अंदर अपने अस्पताल और मेडिकल स्टोर से सम्बंधित कागजात जमा करने की हिदायत दी गई , साथ हीं उन्होंने कहा है यदि इनके संचालन संबंधित कोई भी कागजात उक्त लोगों द्वारा नहीं दिखाया जाता है तो उन पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब हो भितहा के विभिन्न चौक चौराहो पर दर्जनों प्राइवेट अस्पतालों और सैकड़ों मेडिकल स्टोरों का संचालन मनमाने ढंग से की जा रही है, इन अस्पतालों में ईलाज के नाम पर गरीब मरीजों का दोहन भी किया जाता है। जिस पर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग अब सजग दिख रहा है, जिसका परिणाम है कि अस्पतालों और मेडिकल स्टोरों की जांच की जा रही है ।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्रीमती रमण ने बताया कि पुरे प्रखंड क्षेत्र मे मुहिम चलाकर जांच की जायेगी और फर्जी पायें जाने पर कार्यवाही की जायेगी।

**शहर >> अपडेट**

### भगवान परशुराम जयंती सम्पन्न

**मझौलिया :** प्रखंड अंतर्गत परसा पंचायत के मंदिर प्रांगण में महर्षि भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। जिसमें मंच संचालन प्रिंस चौबे ने किया। समाज व सभ्यता संस्कृति को अग्रसर करने के लिए एक सूत्र में बंधकर चलना होगा। कार्यक्रम की मुख्य रुप से अध्यक्षता अभिषेक तिवारी ने किया। अपने पूर्वजों के संस्कार के स्तंभों को अग्रसर करने के लिए सभी ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर समाज कल्याण की ओर अग्रसर होना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवीण तिवारी, रुपेश मणि शास्त्री, सुशील कुमार पांडे कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# ईद उल फितर : मुस्लिम समाज के लोगों ने आपसी एकता, भाईचारे का दिया संदेश

## एसडीएम व एसपी के नेतृत्व में मुस्तैद रहा प्रशासन



**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा :** अनुमंडल के सभी प्रखंडों के पंचायतों व ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार की सुबह ईद की नमाज अदा कर मांगी गई अमन चैन व खुशियों के लिए दुआ। मुस्लिम समाज के लोगों ने आपसी एकता, प्रेम एवं भाईचारे का दिया संदेश तथा मांगी गई मुल्क में अमन चैन की दुआएं। बगहा नगर परिषद क्षेत्र व प्रखंड बगहा एक के रायबारी - महुअवा , कोल्हुआ - चौतरवा, झारमहुई , सिसवा - बसंतपुर , बथुवरिया समेत विभिन्न जगहों पर शनिवार को ईद की नमाज अदा कर अमन चैन व खुशियों के लिए दुआ मांगी गई। झारमहुई गांव के वयोवृद्ध समाजसेवी नसीम अख्तर ने बताया कि जिस दिन चांद दिखता है उस दिन को चांद मुबारक कहा जाता है। ईद की सुबह फज्र की नमाज अदा करते हैं तथा मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद एक दुसरे को ईद मुबारक व शुभकामनाएं दी जाती है। उन्होंने बताया कि इंसानों में एक दुसरे के प्रति मोहब्बत पैदा करने की दुआ भी मांगी जाती है। झारमहुई मस्जिद के इमाम जमालूद्दीन एवं रायबारी - महुअवा मस्जिद के मौलाना ने नमाज के बाद मुल्क की खुशहाली व तरक्की के लिए दुआ कराई। एक दूसरे के प्रति मोहब्बत पैदा करने के लिए दुआ मांगी गई। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों को आपसी एकता, प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक बगहा किरण कुमार गोरख जाधव, अनुमंडल पदाधिकारी डॉक्टर अनुपमा सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा, पुलिस इन्स्पेक्टर सह नगर थानाध्यक्ष अनील कुमार सिन्हा, चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव, बथुवरिया थानाध्यक्ष अमीत कुमार पांडेय, भैरोगंज थानाध्यक्ष राम उदय समेत पुलिस पदाधिकारियों ने बगहा सहित चौतरवा थाना क्षेत्र के बसवरिया स्थित मस्जिद में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जायजा लिया। वहीं सभी मस्जिदों में पुलिस बल व पदाधिकारी तैनात रहे।

### रंगोली बना इस धरा को सुंदर बनाने और जल के संरक्षण का संकल्प लिया गया



**मुंगेर :** वर्ल्ड अर्थ डे को संस्कार भारती पूरे भारत वर्ष में भू अलंकरण दिवस के रूप में मनाती है। जैसा कि संस्कार भारती की परिपाटी रही है, अखिल भारतीय स्तर पर एक प्रारूप हर एक इकाई में भेजा जाता है और इकाई के सदस्य उस दिन वह रंगोली सजाकर आसपास साफ-सफाई कर इस धरा को सुंदर बनाने का संकल्प लेते हैं। इसी पावन अवसर पर बेकापुर स्थित गोपाल मंदिर में इकाई के रंगोली कला विधा संयोजक सुजीत कुमार गुप्ता जी के मार्गदर्शन में अदिति, आंचल और दिया भारती के द्वारा भव्य रंगोली बनाई गई। अखिल भारतीय भू अलंकरण विधा संयोजक रघुराज देशपांडे जी द्वारा रचित इस वर्ष के रंगावली का स्वरूप पर्यावरण रक्षा का संदेश देने वाली है। इस रंगोली की कल्पना, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की शिल्पकला पर आधारित हैं। पानी के प्रतीक रूप नीले रंग पर लटकाई घंटा, अपने घंटा-नाद से हमें पानी बचाने के लिए जागृत कर रही है। रंगोली को पूरा करते हुए, अर्धवतुर्लाकार रचना में सफेद बिंदुओं कि श्रृंखला का उपयोग किया है, जो कि पानी के एक एक बूंद का महत्व सूचित करता है। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री संजय कुमार पोद्दार, भारत विकास परिषद के प्रांतीय महामंत्री निर्मल जैन के साथ इकाई के अध्यक्ष गिरीन्द्र चंद्र पाठक, कार्याध्यक्ष संदीप भगत, महामंत्री रीतेश कुमार, मंत्री चंदन कुमार, अलीशा तिवारी, संतोष झा आदि उपस्थित थे।

# अल्लाह की इबादत में झुके सिर

- चांद का दीदार होते ही अल्लाह से मांगी गई अमन चैन की दुआ।
- रोजेदारों ने देश दुनिया के अलावा अपने परिवार की खुशहाली के लिए दुआ मांगी।



**राष्ट्रीय खबर**

**तारापुर :** शनिवार को तारापुर नगर पंचायत क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य गांव गाजीपुर के ईदगाह मैदान में चांद का दीदार होते ही रोजेदारों द्वारा देश और दुनिया की खुशहाली के लिए सिर झुका कर दुआ मांगी। खुशियों का यह त्यौहार रमजान के मुबारक माह की समाप्ति के उपलक्ष में मनाया जाता है। रोजेदार रमजान के महीने में रोजा रखते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं। यह त्यौहार आपसी मैत्री और करुणा की भावना को मजबूत करता है। ईद को लेकर कल रात से ही बाजारों में काफी भीड़ देखी गई। इस अवसर पर ईदगाह मैदान तारापुर एवं मुस्लिम बाहुल्य गांव के मस्जिदों में काफी चहल-पहल देखी गई। अल्लाह की इबादत में हजारों रोजेदारों ने ईदगाह मैदान में ईद का नमाज अदा किया। साथ ही साथ सुबह की बेहतरी के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। इस बार न वादियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी देखी गई। नमाजियों की बढ़ोतरी को देखते हुए ईदगाह मैदान पर इंतजा मियां कमेटियों द्वारा वजू करने हेतु पानी सहित ध्वनि विस्तारक यंत्र का बेहतर इंतजाम किया गया था। मस्जिद के इमाम द्वारा नमाज अदा करवाया गया। नमाज के दौरान अली मो इमाम द्वारा लोगों से इंसानियत के मार्ग पर चलते हुए बेहतर अखलाक के साथ जिंदगी गुजारने की प्रेरणा दी गई। ईद उल फितर के पावन अवसर पर विधायक श्री राजीव कुमार सिंह ने मुस्लिम भाइयों एवं बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। एवं रोजेदारों से गले मिले। इस अवसर पर लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह राजद के प्रदेश सचिव जितेंद्र कुशवाहा राजद नेता शैलेश कुमार उर्फ मंटू यादव सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी आर एस एस नेता रत्नेश कुमार सिंह उप प्रमुख प्रतिनिधि मनोज कुमार मंडल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पंकज कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार थानाध्यक्ष राजेश कुमार रंजन सहित हजारों लोग उपस्थित थे जिन्होंने मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की।

# ईदगाह में अकीदत और शिद्दत के साथ अदा की गई ईद उल फितर की नमाज, बच्चों के खिले चेहरे

- शांतिपूर्ण रहा ईद, मानिटरिंग में मुस्तैद रहा प्रसाशन



**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा :** अनुमंडल के विभिन्न ईदगाह और मस्जिदों में बड़ी अकीदत और शिद्दत के साथ से अदा की गई ईद उल फितर की नमाज। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के बच्चे बुढ़े सभी ने अमन और चैन की दुआ मांगी। बगहा पुलिस जिला में शनिवार को ईद के मौके पर ईदगाह और मस्जिदों में बड़ी अकीदत और शिद्दत के साथ से शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई। इस मौके पर हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने अमन और चैन की दुआ मांगी। बताते चलें कि पिछले 3 वर्षों कोरोना महामारी से पवित्र रमजान महीना को शांति से मनाया जा रहा था। ईदगाह व मस्जिदों में कुछ हीं लोगों को नमाज पढ़ने की अनुमति थी। लेकिन इस वर्ष कोविड-19 की फिर बाद रहीं हैं। उसके देखते हुऐ विभिन्न जगहों पर शनिवार की सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग नए नए कपड़े पहन कर अपने परिवार के साथ नमाज अदा करने के लिए ईदगाह व मस्जिदों की ओर निकल पड़े। लोगों ने नमाज अदा कर अमन चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। इस दौरान सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई भी दी। बच्चों ने रंग बिरंगे कपड़े पहन कर मेले में खिलौने खरीदते हुए उछल कूद करते देखे गए। मुस्लिम समुदाय के इस त्यौहार में शिक्षक दीपक कुमार ने भी ईद उल फितर की नमाज अदा किया इसके साथ ही उन्होंने ने सभी मुस्लिम भाइयों से गले मिले और उनके साथ शरीक होकर सेवइयां खाते हुए नजर आए। सभी ईदगाह तथा मस्जिदों पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन लगातार मॉनिटरिंग करते नजर आया कुछ जगहों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस की तैनाती भी की गई थी । हालांकि पूरे दिन कहीं से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और ईद का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाया गया।

# आरोप : रामपुर पंचायत में कार्यकारिणी की बैठक किए बिना ही हो रहा है कार्य

**राष्ट्रीय खबर**



**तारापुर :** संग्रामपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत में मुखिया खुशबू राय के द्वारा कार्यकारिणी की बैठक किए बिना ही पूरे पंचायत में गुणवत्ता विहीन तरीके से कार्य करा रही है ।यह शिकायत पंचायत के वार्ड सदस्यों के द्वारा की गई है। वार्ड सदस्यों का कहना है कि हमारे पंचायत में मुखिया के द्वारा कोई कार्यकारिणी का बैठक नहीं किया जाता है और नहीं ग्रामसभा की जाती है सिर्फ रजिस्टर पर फर्जी हस्ताक्षर कर दिया जाता है और पैसे की निकासी की जाती है। मौजमपुर गांव में जितना भी कार्य किया गया है कहीं भी शिलापट नहीं लगाया गया है। पंचायत में जितना भी कुआं का कार्य किया गया है उसमें एक भी कुआं की सफाई नहीं की गई, सिर्फ रंगाई कर सरकारी पैसों की निकासी कर ली गई है ।वार्ड सदस्यों का कहना है कि मुखिया जी दबंग हैं रामपुर पंचायत के उप मुखिया प्रेम कुमार ने बताया कि मैंने अपनी तरफ से मुखिया को कार्यों के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराने के लिए प्रयत्न किया लेकिन उनके तरफ से स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि मैं जिस तरीके से चाहूंगा वैसा ही काम करूंगी। उप मुखिया ने बताया इस सारे बातों की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी दी गई है लेकिन वह भी मुखिया से प्रभावित हैं और कोई भी काम सही तरीके से विकास का नहीं हो पा रहा है। इसी से संबंधित शिकायत जिलाधिकारी मुंगेर को भी हम लोगों ने लिखित आवेदन देकर किया है जिसमें ग्रामीण समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया है। जिलाधिकारी महोदय ने भी आश्वासन दिया कि डीपीआर ओ से जांच करा ली जाएगी। जबकि बी पी आर भी मुखिया के संपर्क में है और हम लोगों की बात को वह नहीं सुनते। रामपुर पंचायत में 2022 और 2023 के योजना का पूर्ण रूप से जांच कर इसके ऊपर उचित कानूनी कार्यवाही करने के लिए वार्ड सदस्यों और उप मुखिया की ओर से जिलाधिकारी महोदय से अनुरोध किया गया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का पर्व



**राष्ट्रीय खबर**

**संग्रामपुर :** ईद के मौके पर प्रखंड के अलग अलग मस्जिदों में नमाज अता की गई। मुख्य नमाज कोराजी पतघाघर के मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। वहीं वहां प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कार्यपालक पदाधिकारी अमरजीत कुमार साबरी थानाध्यक्ष रंजन कुमार एसआई शेखर सौरभ रामपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार राय आदि ने मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी उन्होंने कहा, सामाजिक समरसता का यह त्यौहार हम सबके जीवन में तरक्की, खुशहाली और अमन-शांति लेकर आए, ऐसी मैं कामना करता हूं। यहां एक साथ हजारों लोगों ने नमाज पढ़कर दुआ मस्जिदों में नमाज की विशेष व्यवस्था की गई थी। नमाज के बाद मुस्लिम मोहल्लों में घर-घर में ईद की खुशियां छाई रही। जान पहचान के लोगों में एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला चलता रहा और मीठी सेवइयों से मुंह मीठा कराया जाता रहा।

# मानवीय स्वभाव को नियमित व नियंत्रित करने वाला एक सृजनात्मक आधार है धर्म

**राष्ट्रीय खबर**



**मोतिहारी पू चं :** स्थानीय दरोगा टोला स्थित प्राचीन श्रीराम जानकी शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित शिव महापुराण कथा के सातवें दिन शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में पीयूपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. (प्रो.) कर्मात्मा पाण्डेय एवं आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। साथ ही मंदिर के जीर्णोद्धार तथा चहारदीवारी के निर्माण हेतु भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर प्रो. श्री पाण्डेय ने समस्त नगर वासियों से इस पुनीत कार्य में तन, मन,धन से सहयोग व समर्थन प्रदान करने के लिए अपील की। वही प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जीवन दर्शन में धर्म प्राथमिक रूप से एक नैतिक अवधारणा है, अतः इसे धर्मार्थकाममोक्ष आदि पुरुषार्थ चतुष्टय में प्रथम स्थान दिया गया है। धर्म मानवीय स्वभाव को नियमित व नियंत्रित करने वाला एक सृजनात्मक आधार है। कथा वाचक सुमन पाण्डेय ने अपनी संगीतमय कथा से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर सुधांशु कुमार, वैद्य राजेश सिंह, शैलेन्द्र गिरि, राजीव तिवारी, विजय मिश्रा, मनीष मिश्र, नवनीत गिरि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### फरार दो लोग चढ़े पुलिस के हत्थे



**सुगौली, पू.च :** स्थानीय पुलिस ने थाना कांड के पुराने मामले में चल रहे फरार दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है ।इसकी जानकारी देते हुए एएसआई राजकुमार राम ने बताया कि पूर्व के केस में फरार चल रहे मेहवा के प्रकाश सहनी और गोड़ीगांवा के राघव सहनी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष धनन्जय शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार दोनों लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती

## रास सांसद व भाजपा जिलाध्यक्ष सहित पहुंचे सैकड़ों लोग

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** बगहा दो के मंगलपुर स्थित गुरूकुल एकेडमी परिसर में श्रद्धाभक्ति व बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। बताया जाता है कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, उनका जन्म त्रेतायुग में हुआ था। इस दिन किया गया दान-पुण्य कभी क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी।

गुरुकुल एकेडमी में आयोजित इस कार्यक्रम मे सैकड़ों की संख्या में पहुंचे विप्र ब्राह्मणों ने भगवान परशुराम का माल्यार्पण कर पूजा अर्चना आदि किया। गुरुकुल एकेडमी के संचालक योगेश पांडेय के द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता माधवेन्द्र पान्डेय व संचालन निप्पु कुमार पाठक के द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे।

राज्य सभा सांसद सतीश चन्द्र दुबे ने कहा कि धरती पर जब-जब अत्याचार बढा है भगवान विष्णु ने अवतार लेकर पापियों का नाश किया है। भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार है जिन्होंने धरती पर रिषी-मुनियों को अत्याचार से बचाने के लिए फरसा धारण कर लिया था।

भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नाथ तिवारी व उपाध्यक्ष हृदयानंद दुबे ने संयुक्त रूप से कहा कि भगवान परशुराम सभी हिंदुओ के ईश्वर है। जिन्होंने क्रुर अत्याचारियो का नाश करते हुए पृथ्वी पर मौजूद समस्त मानवों की रक्षा की थी।

कार्यक्रम के आयोजक योगेश पांडेय ने बताया कि पिछले वर्ष भी गुरूकुल एकेडमी परिसर में भगवान परशुराम जी की जयंती मनाई गई थी। और इस बार भगवान परशुराम की जंयती पर आयोजित कार्यक्रम में विप्र समाज के लोगों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।

# ईद उल फितर की नमाज अकीदतमंदों ने अदा किया

- ईद की नमाज उपरांत अदा कर मुल्क की तरक्की, अमन व चैन की दुआ मांगी

**राष्ट्रीय खबर**



**लौरिया :** नरकटियागंज अनुमंडल के लौरिया नगर पंचायत लौरिया में ईद के त्योहार को लेकर मुस्लिम समुदाय में विशेष उत्साह देखा गया। रमजान महीना समाप्त होने के उपरांत सव्वाल महीना के चांद का दीदार कर दूसरे दिन ईद की नमाज अदा की जाती है। बड़ी तादाद (संख्या) में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़े ही अकीदत (श्रद्धा) के साथ ईद की नमाज अदा की। लौरिया क्षेत्र के विभिन्न ईदगाह, करबला मैदान और मस्जिदों में ईद की नमाज भारी सुरक्षा व्यवस्था में अदा की गई। ईद को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे।

सिसवनिया बिसुनपुरवा के ईदगह मस्जिद में भी ईद की नमाज अदा की गई। हजारों की संख्या में नमाज अदा करने वालो में असगर अंसारी, बाबूजान अंसारी, नसीम अंसारी, शमीम अंसारी, शकिल अंसारी, इम्तेयाज अंसारी, अनवर अंसारी, बैदूल्लाह अंसारी मुख्य हैं। उन्होंने ईद की नमाज और दुआ के बाद अपने पड़ोसी गैर मुस्लिम लोगों से गले मिलकर मुबारकबाद दी। नमाज के दौरान घर-परिवार, समाज तथा देश में अमन-चैन की दुआएं की गई।

मुस्लिम समुदाय के लोग नए कपड़े पहनकर बच्चे व बड़े ईदगाह और मस्जिदों की तरफ गए, ईदगाह परिसर में लोगों का हुजूम लगा, बाहर मेला सदृश स्थिति रही। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। घरों में दिनभर दावतों के दौर के बीच ईद मिलन का सिलसिला चलता रहा। इस अवसर पर पर मुखिया कन्हैया कुशवाहा, ज्योति शंकर सिंह, मिंटू सिंह, सरपंच दीनानाथ ठाकुर, मुंशी ठाकुर, कन्हैया सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शहर >> अपडेट

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लगने से हजारों की क्षति

**सुगौली, पू.च :** शहर के सरगम सिनेमा विशुनपुरवा रोड स्थित राकेश राज इलेक्ट्रॉनिक दुकान में शुक्रवार की देर रात आग लग गई।जिसमें दुकानदार के द्वारा 12 लाख से अधिक की क्षति बतायी गई है। इसकी जानकारी देते हुए दुकान मालिक जितेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी दुकान सरगम सिनेमा रोड में है। शुक्रवार की शाम में अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। 9:00 बजे के बाद बगल के दुकानदार ने फोन कर दुकान में आग लगी की बात बताई।जब मैं दुकान पर पहुंच दुकान खोला तो पूरा दुकान धुंआ और आग से भरा हुआ था। इसकी सूचना मैंने थाना के अग्निशमन विभाग को दिया। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग बुझाया तब तक लाखों के इलेक्ट्रॉनिक सामान जल चुके थे।

# बेखौफ डकैतों ने हथियार के बल पर लूटे जेवर व नकदी

राष्ट्रीय खबर



**तुरकौलिया, पू च :** थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरा टोला पशुरामपुर चेवर में स्थित किशुन साह के घर डकैतों ने हथियार के बल पर लूटपाट करते हुए करीब 5 लाख रुपए का जेवरात और 50 हजार नगद रुपए लूट लिया। करीब 15 की संख्या में डकैट आए थे। सभी अपने हाथों में देशी कट्टा, चाकू, लाठी, डंडा, खड़िया, व कुल्हाड़ी लिए हुए थे। घर में घुसते ही गृहस्वामी किशुन साह को चाकू मारकर घायल कर दिए। साथ ही घरवालों को मारपीट कर बंधक बनाते हुए लूटपाट किए हैं। हल्ला सुनकर जब पड़ोसी आए तो बम फोड़कर महेंद्र साह व संजय सिंह को घायल कर भाग गए। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल मोतिहारी में चल रहा है। घटना के बाबत घायल किसान गृहस्वामी किशुन की पत्नी कोशिला देवी ने बताया कि रात करीब एक बजे लोहे का गेट तोड़कर करीब 10-15 की संख्या में डकैत घर में घुसकर पति को चाकू मारकर घायल कर दिए। साथ ही घर वालों को लाठी डंडा से मारने लगे। इस दौरान कुछ लोग गेट और बाहर खड़े थे। किसी तरह अपने घायल पति को लेकर पुत्र और बहु के साथ घर के पिछे से निकलकर मकई के खेत में छुपकर जान बचाए। हल्ला सुनकर जब पड़ोसी महेंद्र साह और संजय साह आए तो इन लोगों ने जमीन पर बम पटक दिया। जिससे वह दोनों घायल हो गए। दोनों के पेट और पैर में छरा लगा है। इसके बाद वह लोग चले गए। जब हमलोग लौटकर आए तो देखे कि कमरे के अंदर घुसकर 2 ट्रंक और 3 पेटी का ताला तोड़कर बहु और बेटी का करीब 5 लाख का जेवर गायब था। साथ ही 50 हजार नगद रुपए भी नही था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। अभी तक पुलिस 2-3 बार जांच-पड़ताल करने आ चुकी है। शनिवार को एसपी ने भी आकर पुछताछ की है। पीड़ित के परिजनों ने बताया कि किशुन साह का इलाज चल रहा है। नगर थाना ने सदर अस्पताल में फर्द बयान लिया है। जब वह अस्पताल से इलाज कराकर लौटेंगे तो थाना पर आवेदन दिया जाएगा।

# बाबा परशुराम की जयंती भव्य रूप से मनाई गई




राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च :** परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर सुगौली प्रखंड में पहली बार सुगांव स्थित माई स्थान के प्रांगण में बाबा परशुराम की जयंती भव्य रूप से मनाई गई।जिसमें कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे प्रिंस चौबे ने बताया कि अपने समाज ,परिवार और देश को आगे बढ़ाने के लिए समाज का एकत्रीकरण बहुत ही आवश्यक है।समाज कल्याण के लिए मुख्य रूप से सभी ब्राह्मणों को परशुराम के गुणों को निखारना होगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे निरंजन दुबे ने कहा कि ब्राह्मण परिवार को एक सूत्र में बांध कर समाज के दिशा और दशा को बदलने के लिए आगे आना होगा। इस कार्यक्रम मे सागर मिश्रा और ज्ञानतोश झा ने कहा कि ब्राह्मण के पुरखों व पूर्वजों के संस्कार के स्तंभ को हमारे नए पीढ़ियों में लाने की आवश्यकता है जिससे हमारे समाज का नेतृत्व अग्रसर होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुराग झां, अभिषेक तिवारी, शिवम झां,लड्डू पांडेय, महेश मिश्रा, त्रिशुलिया बाबा, सुमित झां, उज्जवल झां, कुंदन झां, आर्यन मिश्रा, ऋषभ मिश्रां, बबलू बाबा इत्यादि सभी परशुराम वंशजों की अहम भूमिका रही।

# छः घंटे तक बंद रहा इंडो-नेपाल बार्डर



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** वाल्मीकिनगर स्थित इंडो- नेपाल सीमा गंडक बराज के रास्ते आवागमन गंडक बराज पर सीमा सुरक्षा में तैनात एसएसबी के द्वारा बैरियर को गिराते हुए शनिवार की सुबह 6 बजे से नेपाली क्षेत्र में होने वाले संसदीय उपचनाव को देखते हुए गंडक बराज के रास्ते पर आवागमन को बंद कर दिया गया। जिससे ईद पर्व पर एक दूसरे के यहां जाने के लिए और आम नागरिकों को भी इलाज, जरूरी सामानों की खरीदारी आदि कार्यों के लिए काफी परेशानी का सामान करना पड़ा। सीमा के रास्ते आवागमन बंद होने की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से चारों तरफ फैल गई। दोपहर 12 बजे बैरियर को ऊपर उठाते हुए एसएसबी के द्वारा आवागमन को पुनः शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों में इस मामले को लेकर असमंजस और कौतहूल का माहौल बना हुआ है। इस बाबत पूछे जाने पर गंडक बराज के एसएसबी के सहायक कमांडेंट ने बताया कि जिला प्रशासन के आदेश पर आवागमन बंद किया गया था और उन्हीं के आदेश से फिर से शुरू कर दिया गया है।

# फासीवाद के खिलाफ लड़ाई में मजबूत ताकत के रूप में उभरेगा भाकपा माले

राष्ट्रीय खबर



**बैरिया :** भाकपा माले स्थापना दिवस पर बैरिया में पार्टी का अंचल सचिव सुरेंद्र चौधरी और तधवानंदपूर में अवध बिहारी पटेल ने फहराया और मिठाई का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर पार्टी सदस्यों को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि भाकपा माले की भाकपा माले की स्थापना सर्वहारा के महान नेता कॉमरेड लेनिन के जन्मदिन पर किया गया था। फासीवाद के दौर में लेनिन की कांन्तिकारी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी को और मजबूत वैचारिक रूप से और मजबूत बनाने की जरूरत है । पटना में पार्टी महाधिवेशन में फासीवाद को शिकस्त देने और शहीदों के सपनों का भारत बनाने के संकल्प को पूरा करना पार्टी का कार्यभार है । उन्होंने कहा कि जैसे जैसे मोदी अड़ानी गठजोड़ की पोल कूल रही है और महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी और दमनकारी बुलडोजर राज के खिलाफ जनता का व्यापक गुस्सा बढ़ रहा है वैसे वैसे भाजपा और संघ बिग्रेड की परेशानी बढ़ रही है । परेशानी को पाटने के लिए भाजपा और संघ बिग्रेड अपने सांप्रदायिक एजेंडे को और तेजी से बढ़ाने में लगा है ।इस बार रामनवमी के मौके पर बिहार शरीफ समेत राज्य में अपने सांप्रदायिक एजेंडे को लागू करने का प्रयास किया।इसी के साथ विपक्ष का दमन, न्यायपालिका और लोकतंत्र के तमाम संस्थाओं को बाधित करने में जुट गई है। ऐसे में हमें भाजपा और संघ बिग्रेड के खतरनाक इरादों के खिलाफ मजबूत रुप से उभरना होगा। कार्यक्रम को भाकपा माले नेता सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि आज का संकल्प है कि भाजपा जैसी खतरनाक ताकतों से निपटने के लिए सभी शाखा कमिटियों को मजबूत करने का है। माले नेता और मुखिया नवीन कुमार ने कहा भाकपा माले जनता के सवालों को लेकर 27 अप्रैल को प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन करेगा। बैठक में भाकपा माले नेता ठाकुर साह, योगेन्द्र चौधरी, काशी मुखिया, सुरेंद्र साह, धामू चौधरी, अवध बिहारी पटेल मौजूद रहे।

# प्रशासन की मुस्तैदी मे ईद की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया :** प्रखंड अंतर्गत ईद में मनाया गया जहाँ खुशी देखने को मिली । खुशी प्रेम आपसी भाईचारे का प्रतीक ईद पर्व मझौलिया में पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई।मुस्लिम भाइयों ने 30 दिन रोजा रखने के बाद शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों में अमन शांति के साथ ईद की नमाज अदा किया,नमाज के बाद बच्चे,बुजुर्ग और नौजवान एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दीया और सबकी सलामती की दुआएं की। ईद की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल मे संपन्न कराने के लिए मझौलिया पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था भी की गई थी इस दौरान विभिन्न चौक चौराहों पर भारी संख्या मे पुलिस बलों को तैनात किया गया था। बता दे की मझौलिया स्थित ईदगाह मे बड़ी संख्या मे अकीदतमंदों ने पहुंचकर ईद की नमाज अदा किया नमाज के बाद रोजेदारों ने मुल्क मे अमन शांति,सांप्रदायिक सौहार्द,स्वस्थ समाज,विकसित भारत व भाईचारे को लेकर अल्लाह ताला से दुआएं मांगी । मझौलिया हरि पकड़ी रोड स्थित नवी हेल्थ केयर के निदेशक शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एस टी नबी ने कहा कि ईद उल फितर का पावन पर्व रमजान के पवित्र महीने के बाद आता है,रोजेदार रमजान के महीने में रोजा रखते है और अल्लाह की इबादत करते है,यह त्योहार खुशी और आपसी प्रेम भाईचारा व एकजुटता का प्रतीक है। रोजेदारों ने इस पावन पर्व को शांति सद्भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा कामना की गई कि यह पर्व सभी के जीवन मे शांति और खुशियां प्रदान करे।नमाज में नमाजियों ने भारत की अखंडता, तरक्की ,समाजिक समरसता ,शांति प्रेम भाईचारा तथा बेहतरी के लिए दुआ मांगी ।

ईद पर्व के पावन अवसर पर तिरवाह क्षेत्र स्थित समस्त ईद गाहो में ईद की नमाज पूरे हर्षोल्लास के साथ अता की गई। ईद गाहो के आसपास मेला जैसा नजारा देखने को मिल रहा था। उसके बाद जमकर सेवईयो का दौर चला।

# अकीदत के साथ मनी ईद, सजदा कर मांगी मुल्क में सौहार्द व तरक्की की दुआ

▶▶ गले-मिलकर एक दूसरे को दी बधाइयां

राष्ट्रीय खबर



**गया :** शनिवार को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत और सादगी के साथ ईद का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। अकीदत मंदो ने मस्जिदों और ईदगाह में नमाज अदा कर मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। वही महिलाओं ने घरों में नमाज अदा कर में खैरो बरकत की दुआ मांगी। स्थानीय गांधी मैदान में हजारों की संख्या में मुस्लिम भाइयों ने सामूहिक नमाज अदा की। मुस्लिम भाइयों ने एक साथ सजदा कर लोगों ने दुआएं की। वही शहर के सराय रोड स्थित जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद, छत्ता मस्जिद, पनहर मस्जिद, नादरागंज मस्जिद, नवागढ़ी स्थित खानकाह, पंचायती अखाड़ा मस्जिद, सिया मस्जिद, वजीर अली रोड, कठोकर तालाब मस्जिद, बारी रोड मस्जिद, व्हाइट हाउस कंपाउंड मस्जिद, करीमगंज एवं मारूफगंज इलाकों में स्थित सभी मस्जिद,मानपुर के जोड़ा मस्जिद, पेहानी, अबगिल्ला, भूसुंडा मस्जिद में नमाज अदा हुई। मौके पर मस्जिदों के खतीबो ने आखिरी जुमे की फजीलत के साथ ही रमजान के आखिरी अशरे की अहमियत के बारे में लोगों को विस्तार से बताया। खुदा बंदे करीम की बारगाह में रोजेदारों ने आंखों से छलकते आंसू के बीच अपने गुनाहों की माफी मांगी। दुआ मांगते वक्त हर नमाजी की आंखों से आंसू छलक रहे थे तो कुछ फूट-फूट कर रोने लगे। नमाज के बाद मस्जिदों के इमाम ने बताया कि नमाज पढ़ने पर नमाजियों को सवाब मिलता है। इस मौके पर सभी मस्जिदों के इमाम इस पवित्र ईद पर्व की सारी अच्छी बातों को बता रहे थे।अदा करने के लिए गाइडलाइन चले गए थे साथ ही पवित्र रमजान के रोजा रखने से क्या-क्या लाभ होता है। नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं इस पर्व को लेकर छोटे-छोटे, नन्हे-मुन्ने बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया मुसलमान भाई नए नए कपड़े और टोपी पहन कर ईदगाह की ओर गए। इस अवसर पर सभी मस्जिद के इमामो ने नमाज के बाद देश- दुनिया की खुशहाली संप्रदायिक सौहार्द,देश का विकास, आपस में भाईचारा, प्रेम, स्नेह बनाए रखने की अल्लाह ताला से दुआ मांगी। घरों में हिंदू मुस्लिम सभी लोगों ने मीठी सेवइयां और स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लेकर ईद की मुबारकबाद पेश की। गांधी मैदान में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल दिखाई दी।जहां मुसलमान भाई ईद की नमाज कर रहे थे वह हिंदू भाई पानी पिला रहे थे। ईद पर्व को लेकर शहर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थानों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी ।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर लगाए गए चंपा के पौधे

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी पू.च. :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर छतौनी स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में लगाए गए चंपा के पौधे चंपा से चंपारण प्रारंभ दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ. चंद्रमौली त्रिपाठी संस्था के सूत्रधार सुशील कुमार, पर्यावरण प्रेमी मदनाकर कुमार, विजय कुमार सिंह संजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से चंपा के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर शिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉक्टर चंद्रमौली त्रिपाठी ने बताया आज के परिवेश में जिस प्रकार हमारे पर्यावरण दूषित होते जा रहे हैं। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ पौधा लगाना प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य होना चाहिए। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए और पृथ्वी पर जीवन को बचाने के लिए पेड़ पौधों को बचाना और सुरक्षित करना जरूरी है। वही चंपा से चंपारण संस्था के डायरेक्टर सुशील कुमार ने बताया 22 अप्रैल 2018 से हमने आज तक चंपा के 80000 पौधे लगवाए हैं। इसके अलावा नीम और पीपल के 400 के करीब पौधे भी अब तक लगवाया जा चुका है। जिसमें समाज के लोगों का भरपुर सहयोग मिल रहा है। जिस प्रकार निरंतर पेड़ पौधे नष्ट किए जा रहे हैं। उस अनुपात में पेड़ लग नहीं रहे हैं। ऐसे छोटे बड़े कार्यक्रमों के माध्यम से हम प्रयास कर रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा जगहों पर पेड़ पौधे लगाए जाए। तथा उसे सुरक्षित भी किया जाए। पेड़ पौधे के बिना जीवन की कल्पना नहीं किया जा सकता है। पेड़ केवल छाया देने और चिड़ियों की घोषणा के लिए ही नहीं है बल्कि पेड़ से हमारे वातावरण जलवायु को भी प्रभावित कर शुद्ध रखता है। हमारी सांसे तभी चलेंगी जब पृथ्वी पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे हो। वहीं पर्यावरण प्रेमी मदनाकर कुमार ने बताया जिस प्रकार हमारे वातावरण से ऑक्सीजन लेवल का क्षरण हो रहा है इसे पुनः प्राप्त करने के लिए पेड़ पौधा ही अंतिम विकल्प है। वही विजय सिंह ने बताया सरकारें कोई भी हो लेकिन पर्यावरण को शुद्ध और सुरक्षित रखने के लिए पेड़ पौधा लगाना हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य कर देना चाहिए और एक सिस्टम के तहत पेड़ पौधे लगे इसके लिए समय-समय पर समीक्षा की भी जरूरत है। इस कार्यक्रम के मौके पर संजय कुमार, रितेश कुमार, रितिक कुमार, अजय कुमार, निलेश कुमार, गौरव कुमार, रुपेश कुमार, अजीत कुमार, मणि भूषण कुमार, सम्राट कुमार, दुर्गेश कुमार, अनुपम कुमार, चंदन कुमार, अभय कुमार, राजकुमा इसके अलावा इस कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# आदत गंदी छोड़िए खाना गुटखा पान, थूक-थूक कर मत करो मैला हिंदुस्तान

राष्ट्रीय खबर




**गया :** जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन भवन में काव्य संध्या 452 का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सुरेन्द्र सिंह सुरेन्द्र व संचालन संजीत कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सिलीगुड़ी से पधारे कवि देवेन्द्र नाथ शुक्ल रहे।

काव्य संध्या का शुभारंभ खालिक हुसैन परदेसी ने अपने इस शेर से किया- आज दुश्मन को भी साइन से लगा लो यारों। ईद आई है खुशी मिलके मना लो यारों।। विजय कुमार शर्मा ने अपने गीत से किया। अक्षय तृतीया पर कहा- अक्षय तृतीया अखर तीज हे आज। विश्व पृथ्वी दिवस भारती के शान हो। जैनेन्द्र कुमार मालवीय ने अपनी कविता में मानवता की बात कही। कहा- आदमी आदमी को सुहाता नहीं। आदमी से अरे डर रहा आदमी।। डॉ निरंजन श्रीवास्तव ने गर्मी पर अपनी कविता पढ़ी। शंकर प्रसाद ने कहा- पहले नजर का पहला प्यार, लोग कहते हैं सच्चा।पर कितने लोग खा जाते हैं इसमें भी गच्चा। डॉ राम परिखा सिंह ने कहा-मनाना है मानना है ईद का त्योहार मनाना है। चन्ददेव केशरी ने गीत में गाया- पथिक रे! तू गाता चल हरि नाम। चाहे हो राजा चाहे भिखारी है सबके दाता राम। उदय सिंह ने अपनी सड़क कविता सुनाई। कहा- मैं हूँ विकास का पैमाना। बिनोद बरबिगहिया ने कहा- ज्ञान का पाठ पढ़ाया जा रहा था- मुझे। महेश प्रसाद रमजान पर अपनी कविता पढ़ी। कहा- कर लो कर लो कर लो, अल्लाह की इबादत कर लो। मिथिलेश कुमार मिश्र ने कहा- सत्य अक्सर पड़ा रहता है झूठ के नीचे। अनामिका गुप्ता अनु ने पृथ्वी दिवस पर अपनी कविता पढ़ी। आदत गन्दी छोड़िए खाना गुटका पान। थूक-थूक कर मत करे मैला हिन्दुस्तान।। डॉ राकेश कुमार सिन्हा रवि ने पत्रकार सुनील सौरभ की याद में कविता पढ़ी। कहा - गया के धरती के सधल पत्रकार। सचो सौरभ जी हलन होनहार।। नन्द किशोर सिंह ने कहा- आया ईद का त्योहार, खुशियां लाया हजार।। संतोष क्रांति ने अपनी कविता मैं चाहता हूं पढ़ी। अभिषेक कुमार ने अपनी कविता आजादी की खोज पढ़ी।

अंत में गया के वरिष्ठ पत्रकार सुनील सौरभ जी को दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। अंत में महामंत्री सुमन्त ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सामूहिक अष्टयाम में पहुंचे रास सांसद सहित भाजपा कार्यकर्ता

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** प्रखंड बगहा दो अंतर्गत चम्पापुर गोनौली पंचायत के मलकौली गांव में 24 घंटे का अखंड अष्टयाम वैदिक मंत्र तथा श्रीराम-कृष्ण की जयघोष के साथ शनिवार के दिन शुरू हुआ। अष्टयाम में राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे सहित जिला के तमाम भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे हुए थे। जिनके द्वारा शिश नवाकर पूजा अर्चना आदि की गई।

इसके पुर्व 151 कुवारी कन्याएं ने गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाल कर जल भरने पहुंची। जहां से वैदिक मंत्रोच्चार से जलभरी गई और पंडित राजेश्वर उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना किया। पूजा यज्ञ स्थल पर यजमान विवेक सिंह,श्वेता कुमारी, हेमनारायण महतो ,कुसुम देवी विरजमान होकर पुरोहित के दिशा-निर्देश के अनुसार पुजा अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरा ब्रह्मांड गूंज रहा था. पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। यज्ञ स्थल पर उपस्थित सभी राम भक्त भगवान के भक्ति में लीन दिखाई दिए। सुप्रसिद्ध श्री राम भक्त कलाकारों द्वारा हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे भक्तिमय राग से चारों तरफ भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। आयोजन मंडल के सनोज कुमार, गुलाब कुमार, चंदन सिंह, टुनटुन कुमार, भुलन कुमार, देवेंद्र महतो, विनोद कुमार, परमेश्वर कुमार, प्रेमराज कुमार अनीस कुमार आदि मौके पर उपस्थित रहे।



रजत कुमार गुप्ता

हाल की बात करें तो सबसे पहले राहुल गांधी ने पैदल चलते हुए बोलना शुरू किया। ज्यादा बोल गये तो क्या नतीजा निकला। मेंबरी चली गयी और आज बंगला भी खाली करना पड़ गया। संजय राउत बहुत ज्यादा बोलते थे तो जेल के अंदर रहे तो होश ठिकाने आ गये। ममता बनर्जी बोलती थीं तो ईडी और सीबीआई के धक्के से बेहाल हो रही हैं। सत्यपाल मलिक कुछ ज्यादा ही बोल गये तो अब सीबीआई उनके पूछताछ करने जाएगी।

# कुछ तो कहो ऐसे चुप ना रहो .. .. ..



कुछ तो कहो का सवाल जिसके लिए प्रासंगिक है, वह चुप है और जिन्हें नहीं बोलना चाहिए था, वह बोलकर अपने लिए परेशानी मोल ले रहे हैं। बिना चाहे बोलने वालों की कतार अब लंबी होती जा रही है। मेरे पास एक्जाम्पल है ढेर सारे। हाल की बात करें तो सबसे पहले राहुल गांधी ने पैदल चलते हुए बोलना शुरू किया। ज्यादा बोल गये तो क्या नतीजा निकला। मेंबरी चली गयी और आज बंगला भी खाली करना पड़ गया। संजय राउत बहुत ज्यादा बोलते थे तो जेल के अंदर रहे तो होश ठिकाने आ गये। ममता बनर्जी बोलती थीं तो ईडी और सीबीआई के धक्के से बेहाल हो रही हैं। सत्यपाल मलिक कुछ ज्यादा ही बोल गये तो अब सीबीआई उनके पूछताछ करने जाएगी। वैसे कंफ्यूजन यह है कि सत्यपाल मलिक ने नया कुछ तो नहीं कहा है। वह जो कई साल पहले भी यह बातें कह चुके थे और तब से लोगों को पता था कि उनके मिलने गये नेता दरअसल राम माधव ही थे, जो उस वक्त मोदी की किचन कैबिनेट के प्रमुख सदस्य हुआ करते थे। अब हैं कि नहीं, यह पता नहीं क्योंकि वह बाद में पर्दे से हट गये अथवा हटा दिये गये। अब देखिये लालू जी को। बहुत ज्यादा बोलते थे तो लगातार जेल में रहने की वजह से तबियत ही बिगड़ गयी। दूसरी तरफ उनके पुराने साथी नीतीश कुमार को देखिये, वह बोलते कुछ भी नहीं हैं पर अंदर ही अंदर खेल कर जाते हैं। इसी वजह से यह कहावत बार बार दोहराया जाता है कि नीतीश बाबू के पेट में दांत है। इसलिए वह जब चबाते हैं तो किसी को नजर भी नहीं आता है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और उनके साथी ज्यादा बोलते थे तो क्या हाल हो गया है, सभी देख रहे हैं। वइसे इस नई राष्ट्रीय पार्टी के हाव भाव पुरानी पार्टियों के जैसे नजर तो नहीं आ रहे हैं। लगातार सर फुटौव्वल करने को तैयार बैठे हैं सारे। मोदी की डिग्री की बात आयी तो सभी अपनी अपनी डिग्री दिखाने का अभियान चला रहे हैं। दूसरी तरफ अपने शरद पवार हैं जो कभी कभार बोलते हैं पर काम चुप चाप ज्यादा करते हैं। अब शरद पवार क्या खेल करने वाले हैं, यह समझना टेढ़ी खीर है। इसी बात पर एक फिल्म तेरे बिना का एक गीत याद आने लगा है। इस गीत को लिखा था सप्तर्षी ने और संगीत में ढाला था राजेश जौहरी ने। इसे अभिजीत भट्टाचार्य ने अपना स्वर दिया था। गीत के बोल कुछ इस तरह हैं।

*कुछ तो कहो, ऐसे चुप ना रहो*
*कुछ तो कहो ऐसे चुप ना रहो*
*हो कुछ तो कहो ऐसे चुप ना रहो*
*दिल की उदासी तोड़ो जरा सी कुछ कहो*
*चुप ना रहो*
*कुछ तो कहो ऐसे चुप ना रहो*
*हो कुछ तो कहो ऐसे चुप ना रहो*
*दिल की उदासी तोड़ो जरा सी कुछ कहो*
*ख़्वाबों की जमीन पे*
*हम तो खड़े हैं आ के थाम लो*
*ख़्वाबों की जमीन पे*
*हम तो खड़े हैं आ के थाम लो*
*छोड़ो भी यह आँसू हंस के दिखाओ*
*दिल से काम लो*
*आँखें हिरन सी किस लिए भीगी बोलो*
*साथिया*
*हो आँखें हिरन सी किस लिए भीगी बोलो*
*साथिया*
*दिल की उदासी तोड़ो जरा सी कुछ कहो*
*चुप ना रहो*
*मैंने तुम्हे छु के इतना ही जाना*
*खुद मैं खो गया*
*मैंने तुम्हे छु के इतना ही जाना*
*खुद मैं खो गया*
*कितना नशा था किसको बताऊँ*
*क्या ये हो गया*
*हुवा नहीं ऐसा ये राज कैसा बोलो साथिया*
*हो हुवा नहीं ऐसा ये राज कैसा बोलो*
*साथिया*
*दिल की उदासी तोड़ो जरा सी कुछ कहो*
*कुछ तो कहो ऐसे चुप ना रहो*
*हो कुछ तो कहो ऐसे चुप ना रहो*
*दिल की उदासी तोड़ो जरा सी कुछ कहो*
*चुप ना रहो*

अब झारखंड की भी चर्चा कर लें तो पूर्व राज्यपाल कुछ ज्यादा बोलने लगे थे इसलिए ट्रांसफर हो गया। नये राज्यपाल अभी तो कम बोल रहे हैं और शायद उनके बता कर भेजा गया है कि क्या बोलना है और क्या नहीं बोलना है। वरना पहले वाले लाटसाहब के जैसे चिट्ठी का लिफाफा चिपक जाने की बात कहकर सरकार को इतना नाराज नहीं कर लेते क्या।

नहीं बोलने वालों में नवीन पटनायक और जगन रेड्डी को देखिये। उन्हें सिर्फ अपने काम से मतलब है। दोनों ही राजनीतिक खेमाबंदी से दूर रहकर अपने राज्य का हित देखते हैं। लेकिन मल्लिकार्जुन खडगे और पवन खेडा का क्या करें। दोनों ज्यादा बोलते हैं और जब बोलते हैं तो परेशानी पैदा कर रहे हैं। अब देखिये किसे पता था कि ईवीएम के वीवीपैट में खराबी है। राज खुला तो अब नई बहस चालू हो गयी है। मजबूरी में चुनाव आयोग को सफाई देनी पड़ गयी। अब सुप्रीम कोर्ट को देखिये, वह भी कम बोलता है पर जब फैसले के तौर पर बोलता है तो केंद्र सरकार की परेशानी बढ़ जाती है।

# सलमान ने आमिर के साथ फोटो शेयर कर कहा, 'चांद मुबारक'

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने आमिर खान के साथ सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर अपने प्रशंसको को ईद की बधाई दी है। सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' ईद के अवसर पर रिलीज हो गई है। सलमान ने ईद के मौके पर आमिर खान के साथ फोटो शेयर कर अपने प्रशंसको को ईद की बधाई दी है। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें उनके साथ आमिर खान नज़र आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा- चांद मुबारक। सलमान ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। इसमें वह अपने फैंस को ईद मुबारक कह रहे हैं।

अब्दुल रशीद सलीम सलमान खान उर्फ सलमान खान हिन्दी फिल्मों के मशहूर अभिनेता तो हैं हीं, इसके साथ-साथ वे निमार्ता, टेलीविजन पर्सनालिटी और समाजसेवी भी हैं। लोग उन्हें प्यार से सल्लू भाई, भाईजान आदि नामों से पुकारते हैं उन्होंने अपने करियर में कई छोटी-बड़ी फिल्मों में काम किया और धीरे धीरे उनके प्रशंसकों की संख?या लगातार बढ़ती गई। उन्होंने इंडस्ट्री में अपना एक अलग मुकाम स्थापित किया है और वे हिंदी सिनेमा के अग्रणी अभिनेताओं में से एक हैं।

मौजूदा समय में उनकी फैन फालोइंग का ये आलम है कि उनके घर (गैलक्सी अपार्टमेंट्स) के बाहर उनके चाहने वालों की भीड़ लगी रहती है। उनके फैंस की दीवानगी कुछ ऐसी है कि उनकी एक झलक पाने के लिए उनके प्रशंसक बेताब रहते हैं। कई बार तो ऐसा हुआ है कि सलमान को अपने फैंस से काफी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा है टाइमस सेलेबेक्स बॉलीवुड ऐक्टर्स इंडेक्स रेटिंग में वे बराबर टॉप पर रहते हैं।

सलमान खान का जन्म इंदौर, मध्य प्रदेश में हुआ था। उनके पिता का नाम सलीम खान है जो कि मशहूर फिल्म लेखक रहे हैं। उनकी मां का नाम सुशीला चरक है। उनके पिता जम्मू कश्मीर से हैं तो वहीं उनकी मां



महाराष्ट्रीयन हैं। पूर्व अभिनेत्री हेलेन उनकी सौतेली मां हैं। उनके दो भाई भी हैं जिनका नाम अरबाज खान और सुहेल खान है। अरबाज की शादी पूर्व में वीजे रहीं और अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा खान से हुई है। सलमान की दो बहनें भी हैं जिनका नाम अलवीरा और अर्पिता है।

सलमान खान की पढ़ाई सिंधिया स्कूल, ग्वालियर से हुई है जहां वे अपने भाई अरबाज खान के साथ पढ़ते थे। इसके बाद की पढ़ाई उन्होंने मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित सेंटस्टैनिसलॉस हाईस्कूल से की।

सलमान खान ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत सहायक अभिनेता के तौर पर फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' से की थी। मुख्य अभिनेता के तौर पर उनकी पहली फिल्म 'मैंने प्यार किया' थी जो कि सुपरहिट रही थी। उनकी फिल्म 'हम आपके हैं कौन' ने सभी का दिल जीता तो वहीं फिल्म 'तेरे नाम' में उनके अभिनय की काफी प्रशंसा हुई और अपने अभिनय से उन्होंने सभी को भावुक कर दिया। इस फिल्म में सलमान को लेकर उनके फैंस की दीवानगी कुछ यूं थी कि उन्होंने सलमान की तरह ही अपने बालों की स्टाइल रख ली और वह हेयर स्टाइल 'तेरे नाम' नाम से मशहूर हो गई। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में काम किया लेकिन पिछले कुछ वर्षों से उनके प्रशंसकों में इसलिए भी इजाफा हुआ क्योंकि उन्हें एक्शन फिल्मों में ज्यादा पसंद किया गया। फिल्म 'वांटेड' के बाद से उन्होंने लगातार हिट फिल्मों की झड़ी लगा दी।

**सलमान की प्रसिद्ध फिल्में**

मैंने प्यार किया, पत्थर के फूल, साजन, अंदाज अपना अपना, हम आपके हैं कौन, करन अर्जुन, खामोशी, जुड़वा, प्यार किया तो डरना क्या, बंधन, बीवी नं 1, हम दिल दे चुके सनम, हम साथ साथ हैं, दुल्हन हम ले जाएंगें, तेरे नाम, गर्व, मुझसे शादी करोगी, नो एंट्री, क्योंकि, पार्टनर, युवराज, वांटेड, दबंग, बाडीगार्ड, एक था टाइगर, दबंग 2, किक, बजरंगी भाईजान, टाइगर जिंदा है, रेस 3, जैसी फिल्मों से वे इंडस्ट्री के सुपरस्टार बने।

# पुलिसियाने में क्या हर्ज है?

## ››व्यंग्य›› अतुल चतुर्वेदी

मेरे पिताजी का सपना था कि मैं पढ़ लिख कर पुलिस की नौकरी करूंगा। यद्यपि पुलिस की नौकरी के लिए किसी विशेष अतिरिक्त योग्यता की जरूरत नहीं होती और जिस योग्यता की जरूरत होती है दौड़,कूद, सीना, पुल,अप वह अपन में नहीं। इसलिए अपने बापू के अरमान आंसुओं में बह गए। हमारे पिताजी मुफ़्त की सब्जियां हफ़्ते की कमाई जुगाड़ के पास से सर्कस देखने का लुत्फ नहीं उठा पाए। मेरा बेटा मोटर साइकिल पर 'पुलिस' लिखाकर नगर की कन्याओं के दिव्य दर्शन को निर्भय भाव से नहीं निकल पाया। मुझे बेहद अफसोस है कि मैं एक मध्यमवर्गीय पिता के अत्यंत, औसत स्वप्न की पूर्ति न कर पाया। यद्यपि इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। ऐसे मलाईदार विभागों में नियुक्ति पूर्व जन्म के पुण्यों से ही प्राप्त होती है। लगता है उस जन्म में भी अपना ट्रेक रिकॉर्ड ऐसा ही खराब रहा होगा परंतु पुलिस के प्रति एक विशेष श्रद्धा मिश्रित कौतूहल भाव मेरे मन में सदा बना रहा। यह भाव उन भावों के अतिरिक्त था जो एक सभ्य भारतीय नागरिक के मन में पुलिस की वर्दी देख उभरते है जैसे भय विस्मय शोक हास जुगुप्सा घृणा इत्यादि। पुलिस सदैव मेरे अनुसंधान का विषय रही। मेरे मित्रों ने मेरी इस प्रवृत्ति को पहचान मुझे क्राइम रिपोर्टर बनने तक की सलाह दे डाली। लेकिन में साहस न जुटा सका। क्यों कि न तो अपना रोबदार दाढ़ी वाला चेहरा था न नाटकीय संवाद शैली और न खतरे उठाने का दम। मुझको यह भी पता था कि पुलिस और मीडिया का संबंध अत्यंत संवेदनशील है। आप इसे भूत पीपली का संबंध भी कह सकते हैं।

यों भारतीय पुलिस के विषय में इतनी रोचक सूचनाएं आए दिन प्राप्त होती रहती हैं कि किसी और मनोरंजन की आवश्यकता ही नहीं है। पुलिस को मानवीय और सभ्य बनाने की कोशिशें लगातार जारी हैं। लेकिन अंग्रेजों के जमाने के जेलर वाला प्रभाव छूटे तब ना। पुलिस के विषय में जो तथ्य सबसे ज्यादा मुझे प्रभावित करता है वह है उसका अखिल भारतीय चरित्र। सर्वत्र एक-सा आचरण। कर्म के प्रति एकतानता। एक-सी निष्पक्षता। एक-सी निस्संग दृष्टि। याचक और पातक के प्रति समभाव। गीता के सच्चे अनुशीलक यही है। गांधी के दर्शन को हृदयंगम कर चलने वाले सर्वोदयी भी। सबका उदय हो चौमुखी उदय। घर परिवार कायाअधिकारी अपराधी अपराध का सर्वतोमुखी उदय। इसमें ही कल्याण का भाव निहित है भोले नागरिक बंधुओ! यों पुलिस और श्लोक वाचन परंपरा का संबंध वेदकालीन दिखता है। ये श्रुति परंपरा के लोग ठहरे।

वाचिक परंपरा ही हमें एकवचन बहुवचन से लेकरदुर्वचन और निर्वचन तक ले जाती है। क्रोध की माया ही ऐसी मतमंद होती है वत्स! एक दिवस हमने पार्क में एक पुलिस वाले को अपनी मंगेतर से नम्र निवेदन करते हुए सुनाझ 'ए. . . इधर आय ससुरी। वहन का कूं कूं. . .कर रही है' श्रृंगार का ऐसा सघन? रूप देख मन रोमांचित हो उठा। लगता है शिशुपाल इनके पूर्वज रहे होंगे। उन्होंने सौ गालियां तक का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इनका पता नहीं, क्यों कि अब इन्हें भला किसके चक्र से भय है? अब तो सुदर्शन से लेकर गदा तक इनके हाथ हैं और दुर्योधन से लेकर दुःशासन इनके साथ हैं। भला हुआ कृष्ण का जो द्वापर में ही हो गए वरना कलियुग में तो न जाने कितनी धाराओं में उलझते फिरते।

भ्रष्टाचार को लेकर पुलिस पर बहुत



आरोप लगते रहते हैं। मैंने एक उच्च पुलिस अधिकारी से पूछा तो वे बोले 'कौन-सा विभाग बचा है साहब! इनकमटैक्स वाले के यहां करोड़ों रूपए पकड़ें जाएं और कस्टम अधिकारी के यहां किलो में सोना मिले परंतु एक कांस्टेबल की जेब से पचास रूपल्ली मिलने पर हल्ला।'

मैंने कहा'कानून और अधिकार की रक्षा फिर कौन करेगा?'

स्त्रियों के विषय में सामंती संस्कार भला कहां छूट पाए हैं 'जेहि की बिटिया सुंदर देखी तेहि पर जाय धरे हथियार' वाला अंदाज बरकरार है। इन सब खबरों को पढ़कर मैं पुलिस के प्रति अपार भक्ति एवं श्रद्धा भाव से भर जाता हूँ। वर्दी देखकर मेरी घिग्गी बन जाती है और डंडा देख काँपने लगता हूँ। क्या करूँ पुलिस के प्रति व्यवहार का यहीं संस्कार मुझे विरासत में मिला है। मैं जो कभी अपने बच्चों को ढंग से गाली नहीं दे पाया व्यवस्था को गाली नहीं दे पाया वह भला पुलिस मैं क्या खाक भर्ती होता? क्यों कि न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बिना कैसे काम चलता? हां हां तो गरियाना चालू कर दें। ठीक बिल्कुल ठीक. . .पहले घर से ही शुरू करें। माँ-बाप से शुरू करें तो और भी अच्छा।

# अक्षय तृतीया- कभी न हो क्षय, भरा रहे सदैव भंडार



कैलाश विजयवर्गीय

अक्षय तृतीया का पर्व हमें धार्मिक, सांस्कृतिक, समृद्ध आर्थिक स्थिति, फलती-फूलती कृषि और समाज को परोपकार की भावना के आधार पर जोड़ता है। पूरे देश में इस पर्व को अलग-अगल इलाकों में अलग-अलग तरीके से मनाते हों पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा सभी स्थानों पर होती है। माना जाता है कि अक्षय तृतीया पर सबसे ज्यादा विवाह होते हैं। राजस्थान में अखा तीज के दिन सबसे ज्यादा जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधते हैं। यह भी माना जाता है कि इस दिन बंधन में बंधने वालों की गांठ कभी नहीं खुलती है। बंगाल में हल खता के दिन नए कार्यों को प्रारम्भ किया जाता है। व्यवसायी गणेश जी और लक्ष्मी जी का पूजन करके अपने नए बही-खाते लिखना प्रारम्भ करते हैं। ओडिसा में भगवान जगन्नाथ की यात्रा शुरू होती है और किसान फसल बोकर मां लक्ष्मी से समृद्धि की कामना करते हैं। ओडिसा में मुथी चुहाना के रूप में मनने वाले पर्व के दिन लोग मांसाहार से बचते हैं। दक्षिण भारत में भगवान विष्णु, लक्ष्मी और कुबेर की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान शंकर ने कुबेर को इसी दिन लक्ष्मी जी की पूजा करने को कहा था। पंजाब में इसे कृषि पर्व के तौर पर मनाया जाता है। उत्तर भारत में अक्षय तृतीया का अलग-अलग स्थानों पर




अलग-अलग महत्व है। शास्त्रों में बताया गया है कि 'न क्षयः इति अक्षयः' अर्थात जिसका क्षय नहीं होता वह अक्षय है। हमारे यहां रामनवमी, अक्षय तृतीया, विजय दशमी और कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की एकादशी को अक्षय मुर्हूत माना जाता है। कुछ स्थानों पर गोवर्धन पूजा को भी आधा अबूझ मुर्हूत माना जाता है। बैशाख महीने की तृतीया यानी अक्षय तृतीया को सबसे अच्छा मुर्हूत माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए शुभ कर्म के फल का कभी क्षय नहीं होता है। इसी कारण इस तिथि को अक्षय तृतीया कहा जाता है।

अक्षय तृतीया को कृतयुगादि भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार सतयुग का प्रारम्भ अक्षय तृतीया से हुआ था। इसी तिथि को भगवान परशुराम का अवतरण दिवस मनाया जाता है।

शास्त्रों के अनुसार भगीरथ के कठोर तप के बाद गंगा जी का पृथ्वी पर अवतार हुआ था। एक कथा में वर्णन है कि द्वापर युग में भरे दरबार में अक्षय तृतीया के दिन ही दुःशासन ने द्रौपदी का चीर हरण किया था। महाभारत काल में द्रोपदी की करुणा पुकार भगवान कृष्ण ने अक्षय तृतीया को अक्षय चीर का वरदान दिया था। प्राचीन कथाओं में बताया गया है कि अक्षय तृतीया पर ही युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला था। भविष्य पुराण के अनुसार अक्षय पात्र हमेशा भोजन प्रदान करता था। अक्षय पात्र से ही राजा युधिष्ठिर भूखे लोगों को भोजन देते थे। इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण के दीन मित्र सुदामा उनसे मिलने गए थे और मुट्ठी भर चावल भेंट करने पर भगवान ने उनकी झोपड़ी का भव्य महल में परिवर्तन कर दिया था। देवभूमि हिमालय के चार धामों में से एक भगवान बद्री विशाल के पट अक्षय तृतीया के दिन ही भक्तों के लिए खुलते हैं। वृंदावन में भगवान बांके बिहारी के चरणों के दर्शन अक्षय तृतीया के दिन ही होते हैं। बिहारी जी के चरण दर्शन करने से परिवार में समृद्धि आती है। ऋतु पर्व अक्षय तृतीया बसंत और गर्मी का संधि पर्व भी है। ऐसा माना जाता है कि अक्षय तृतीया को गंगा में स्नान करके पितरों का तिल से तर्पण करके पिंडदान करने से मोक्ष मिलता है।

कभी क्षय न होने के कारण अक्षय तृतीया को स्वर्ण खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि सोने-चांदी के आभूषण घर में लाने से हमेशा समृद्धि रहती है। समृद्धि और वैभव की भरमार करने वाले पर्व अक्षय तृतीया को दान करने का भी विशेष महत्व है। कथाओं में वर्णन है कि अक्षय तृतीया को जल से भरे कलश, गाय, पंखे, जूते आदि का दान बहुत पुण्य देता है। गरीबों और कल्याणकारी संस्थाओं को भी भूदान का विशेष महत्व हैं। ऐसे कल्याणकारी, समृद्धिवर्धक और पुण्य देने वाले पर्व अक्षय तृतीया पर सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। हमारा देश समृद्ध बने, शाक्तिशाली बने और कृषि हमेशा फलती-फूलती रहे।

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### भगवान परशुराम जयंती मनाई गई

**बेरमो /गोमिया :** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर के बसंती दुर्गा मंदिर में पुजारी अजय पांडे के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के द्वारा तीन दिवसीय मानस पाठ के साथ शनिवार को भगवान परशुराम जी का जनमोत्स्व मनाया गया। गौरतलब है कि बसंती दुर्गा मंदिर में 10 वर्षों से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाता है भगवान परशुराम महर्षि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र और भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं।

## सिटी अपडेट्स >>

### मनरेगा कर्मियों ने अपनी मांग को लेकर पोस्टर बैनर के साथ सांकेतिक प्रदर्शन किया गया

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के मनरेगा कर्मियों द्वारा प्रखंड परिसर में एकता का परिचय देते हुए अपनी मांग को लेकर पोस्टर बैनर के साथ सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ अपनी चिर लंबित मांगो को लेकर 1 मई से 3 मई तक राज्य में अपनी विभिन्न मांगों के साथ कार्यक्रम तय की गई है। 1 मई को रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा के जमस्थाली उलियाहैतु से राज्य भवन तक पैदल मार्च करेंगे और 3 मई को राज्य भवन के समछ एक दिवसीय धरना देंगे। इसी तैयारी के तहत इसकी सुरुवात झारखंड के सभी प्रखंड कार्यालय मे बैनर लगा कर एक जुटता का परिचय देते हुए प्रदर्शन किया गया। बड़कागांव में बीपीओ सह संघ के प्रखंड अध्यक्ष हीरो महतो के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बीपीओ अरुण पासवान, कनीय अभियंता जय प्रकाश चौधरी, सीताराम दीवान लेखा सहायक पंकज कुमार सिंह, कंप्यूटर सहायक विवेक कुमार सिंह, अंनत कुशवाह, ग्राम रोजगार सेवक जुगेश्वर राम, शंभू रविदास, दशरथ कुमार, दीपक कुमार, फजलुर रहमान, तूफानी कुमार, पंकज कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार, चंद्रशेखर आजाद मौर्य, संदीप कुमार, अशोक कुमार आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ब्रह्मऋषि समाज, ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**हजारीबाग :** हजारीबाग अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर शनिवार को स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा संस्थान (ब्रह्मऋषि समाज), हजारीबाग द्वारा हजारीबाग शहर के दिपुगढ़ा गोलंबर चौक के समीप ब्रह्मऋषि समाज के मुकेश कुमार के आवासीय परिसर में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया।

**आशंका** भूमि-अधिग्रहण, मुआवजा और रोजगार से सम्बन्धित ग्रामीणों की आशंकाओं को किया गया दूर

# मांगों पर हुई परिचर्चा ग्रामीणों ने की मन की बात, कंपनी प्रबंधन के साथ

- युवाओं के लिए ट्रेनिंग और महिलाओं के लिए स्वरोजगार का किया जाएगा प्रबंध
- दस किलोमीटर के अंदर ही रैयतों और ग्रामीणों के पुनर्वास की होगी कोशिश
- तय नियमों के अनुसार, रैयतों को मिलेंगी सभी सुविधाएं : प्रबंधन




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत शुक्रवार की देर शाम प्रभावित गांव के ग्रामीणों के साथ एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। बड़कागांव स्थित अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में गोन्दलपुरा, गाली, बलोदर, हाहे और फुलांग समेत अन्य गांव से आए लोगों ने उत्साह से भाग लिया। वहीं कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं की भी बड़ी भागीदारी देखी गई। करीब चार घंटे से अधिक समय तक चले इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विभिन्न तरह की अपनी आशंकाओं को सवालों के माध्यम से दूर किया और कंपनी प्रबंधन के जवाब जाने। परिचर्चा के दौरान ग्रामीणों और रैयतों ने कंपनी प्रबंधन से पूछा कि उन्हें जमीन के बदले मुआवजे की राशि कितनी मिलेगी। चूंकि परियोजना के लिए जमीन देनी होगी, इसलिए रोजगार के क्या वैकल्पिक साधन उपलबध कराए जाएंगे। कुछ ग्रामीणों ने कहा कि गैर मजरुआ भूमि के लिए जमीन की रसीद नहीं कट रही है, ऐसी स्थिति में क्या दूसरा रास्ता निकलेगा, जो लाभप्रद हो। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि मुआवजे और नौकरी में स्थानीय को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन से मुआवजे और पेंशन की राशि और कंपनी प्रबंधन की ओर से मिलने वाले रोजगार में आरक्षण की भी जानकारी ली। मौके पर मौजूद युवाओं ने पूछा कि कंपनी प्रबंधन के पास उनके लिए क्या योजना है। वो युवा हैं, कई पढ़े-लिखे भी हैं, उन्हें कैसे प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वो स्व-रोजगार कर सकें और समाज की मुख्यधारा में अपनी विशेष पहचान बना सकें। कुछ युवाओं ने स्थानीय स्तर पर खेल को बढ़ावा देने की मांग रखी। साथ ही इसका भी ध्यान रखा जाएगा कि ग्रामीणों को अतिरिक्त लाभ मिले, विकलांग और विधवा को पेंशन मिले, ग्रामीणों को पेड़, कुंआ, तालाब आदि का अलग से मुआवजा मिले।

इसके अलावा पशुपालन, पापड़ उद्योग, लोकल आर्ट और सेल्फ हेल्प ग्रुप भी बनाए जाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दूबे, डीजीएम संजय कुमार, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता समेत कंपनी के अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विश्व पृथ्वी दिवस' पर युवा विजय ने आम का पेड लगाकर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का दिया संदेश

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग विश्व पृथ्वी दिवस' के अवसर पर युवा विजय यादव के द्वारा नुतन नगर स्थित अपने बागान में पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन हेतु फलदार आम का पेड़ लगाया गया। युवा विजय यादव ने विश्व पृथ्वी दिवस पर आम का पेड लगाकर कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी को एक-एक पेड अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही साथ उसका देखभाल भी जरूर करनी चाहिए। पौधा रोपण हम सभी की जीवन में बहुत बड़ा महत्व रखता है। जब पौधे पेड़ बनकर तैयार हो जाता है तो उससे छाया मिलती है और फल देता है। इसलिए सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। इसके लिए संकल्प लेना होगा कि हमें एक-एक पेड लगाना है। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा अंधाधुंध पेड़ों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। इसपर शतप्रतिशत रोक लगाने की जरूरत है। हम सभी की जनभागीदारी से भी पेड़ों की अनियंत्रित कटाई पर रोक लगाया जा सकता है। पर्यावरण संतुलन में पेड़- पौधों का काफी अहम योगदान रहा है।

## इचाक में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद , एवं मिलन समारोह का किया गया आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक रमजान के अंतिम दिन ईद उल फितर का त्योहार इचाक प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इचाक के बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद, मंगुरा मस्जिद, राइन मुहल्ला मस्जिद, गोबरबन्दा, धवइया, जलौन्ध, मदनपुर, देवकुली, लुन्दरू, दरिया, डुमरौन, डोय समेत प्रखण्ड के सभी मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोंगो ने ईद की नमाज अदा किया, एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दिया। और अल्लाह से समाज में एकता, भाईचारा और अमन चैन बरकरार रखने की दुआ मांगी। इसके साथ ही एक माह से चल रहा रमजान ईद के नमाज के साथ संपन्न हो गया। इचाक के बड़ी मस्जिद के पास प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार, सीओ मनोज महथा, जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानन्द अग्रवाल, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, कांग्रेस नेता अब्दुल रहमान, कांग्रेस नेता दिंगबर मेहता, समेत कई लोग शामिल होकर ईद की मुबारकबाद दिया।

## मुर्गा और मछली के दुर्गंध से बच्चे परेशान, अपनी बात को लेकर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास

राष्ट्रीय खबर

**चौपारण :** चौपारण जीटी रोड पर स्थित राजकीयकृत आदर्श मध्य विद्यालय में आज कल बच्चों का पठन पाठन मुर्गा और मछली के दुर्गंध के कारण बाधित हो रहा है। जिसके कारण बच्चे भीषण गर्मी में भी खिड़की बंद करके पढ़ने को मजबूर हैं। विद्यालय के मुख्य मार्ग पर मुर्गा और दूसरे मार्ग पर मछली की दुकानें लगने के कारण इसके दुर्गंध से बच्चो को काफी परेशानी हो रही है। शुक्रवार को ताजपुर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत के नेतृत्व में राष्ट्रीय पंचायती राज द्वारा आयोजित हमारा पंचायत स्वस्थ, स्वच्छ, महिला एवं बाल मैत्री ग्राम पंचायत कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकालकर लोगों को स्वच्छता के लिये जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों ने चाहे कोई हो मजबूरी, साफ सफाई बहुत जरूरी। सौ रोगों की एक दवाई, साफ-सफाई साफ सफाई। सहित कई नारे लगाते प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेमचंद कुमार सिन्हा के पास पहुंचकर अपने विद्यालय के आसपास अतिक्रमण के साथ फैली गंदगी और मुर्गा मछली के दुकान के कारण दुर्गंध के कारण हो रही परेशानियों से अवगत कराया।

जिसके बाद जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बच्चों बच्चों और शिक्षक को आश्वस्त किया कि जल्द ही अतिक्रमण हटेगा और विद्यालय के आसपास की गंदगी दूर होगी जिससे बच्चों को होने वाली समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

## अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष डॉ0 राजेश्वर सिंह का निधन

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय की भूगर्भ शास्त्र विभाग के अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष डॉ राजेश्वर सिंह का निधन पिछले दिनों उनके पैतृक निवास पर हो गया। 81 वर्षीय डॉ सिंह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे । विश्वविद्यालय से अवकाश प्राप्त करने के बाद वे लखनऊ के पास बहराइच में परिवार के साथ रह रहे थे। डॉक्टर सिंह भूगर्भ शास्त्र विभाग के प्रथम विभागाध्यक्ष के रूप में काफी ख्याति अर्जित किया था। उनके निधन की खबर देते हुए भूगर्भ शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ0 एसएन सिन्हा ने बताया की डॉ0 सिंह एक आदर्श शिक्षक के रूप में अपनी पहचान बनाई। पूर्व कुलसचिव डॉ0 सुबोध कुमार सिन्हा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से उन्हें व्यक्तिगत क्षति हुई है। अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष डॉ0 विपिन कुमार ने डॉ0 सिंह को समर्पित शिक्षक के रूप में पूरे तन मन धन से विभाग को समृद्ध बनाने का काम किया।

## न्यूज फटाफट

### पालगंज में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जयंती



**पीरटांड़ :** अक्षय तृतीया के अवसर पर पीरटांड़ प्रखंड के पालगंज पंचायत स्थित तिवारी टोला में शनिवार को परसुराम जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव द्वारा परशुराम जयंती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई। मंदिर भूमि पूजन के पश्चात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिकेत तिवारी एवं संचालन प्रशांत तिवारी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत सर्व प्रथम भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । मौके पर स्थानीय बच्चियों द्वारा स्वागत गान गाई गई। तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया।यहां यह बता दे कि वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्री विष्णु के छठे अवतार के रूप में पृथ्वी पर ऋषि जमदग्नि के घर में भगवान परशुराम के रूप में अवतार लिए थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहबादी ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाना ही पड़ता है।भगवान परशुराम ने भी अपनी रक्षा एवं धर्म स्थापना के लिय हथियार उठाया था। आगे उन्होंने कहा कि अगले वर्ष यहां के युवाओं को 100 फरसा देने का काम हम करेगें।साथ ही मंदिर निर्माण के लिये हर संभव मदद किया जायेगा। वहीं भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश साहू ने कहा कि मंदिर के निर्माण होने से गाँव का विकास होगा ।परशुराम भगवान है और वे सबके हैं ।मंदिर के निर्माण कार्य शुरू हो चुकी है उसी प्रकार धरती से पाप का भी नाश शुरू हो गया है। अपने सम्बोधन में शासाब्राम के जिला अध्यक्ष शरत भक्त ने कहा कि परशुराम जयंती पालगंज में मनाया जा रहा है इनका मंदिर पूरे झारखंड में यह पहला परशुराम जी का मंदिर होगा।परशुराम सभी जाति के लोगो के लिर भगवान स्वरूप है यह किसी जाती के नही है।परसुराम सभी के लिए पूजनिय है।वही कार्यक्रम में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों ने अपने-अपने बात को रखा, और भगवान परशुराम की जयंती पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सा शा ब्रा म के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय,जिप सदस्य अनूप पांडेय,भाजयुमो जिला अध्यक्ष रंजीत राय,मुखिया सुनैना पाठक, अविनाश तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### वन विभाग के प्रमंडलीय पदाधिकारी द्वारा पारसनाथ में लगी आग को बुझाने का काम किया जा रहा है



**पीरटांड़ :** पारसनाथ पर्वत में लगी आग को बुझाने के लिए विगत कई दिनों से वन विभाग के द्वारा प्रयास किया जा रहा है। वन प्रमंडल पदाधिकारी, वन्य प्राणी प्रमंडल, हजारीबाग के उचित मार्गदर्शन में एवम् अन्य वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा जंगल मे लगे आग बुझाने का काम किया जा रहा है। इस आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग के कुल चार रेंज पिछले दो दिनों से पारसनाथ पर्वत के सीता नाला में कैंप की हुई है।जिसमें पारसनाथ वन्य प्राणी की टीम के साथ साथ कोडरमा वन्य प्राणी, तोपचांची वन्य प्राणी एवम गौतम बुद्धा वन्य प्राणी चौपारण की टीमें भी शामिल हैं ' सभी टीमों के द्वारा पारसनाथ के जंगल में घूम घूम कर आग बुझाने का काम किया जा रहा है। इन सभी रेंज को मिलाकर कुल 50 सदस्यों की टीम 15 ब्लोअर (अग्नि बुझाने वाली यंत्र) के साथ शामिल है 'जिसमे वन प्रमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार चौधरी, वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार, वनपाल कुलदीप कुमार महतो, वंनरक्षी अजय कुमार, राजेन्द्र कुमार दास के अलावे कई अन्य वन विभाग के कर्मी एवं पारसनाथ मकर संक्रांति मेला समिति के लोग शामिल है।


**क्षेत्रीय प्रबंधक,झालको चाईबासा का कार्यालय**

**प0सिंहभूम जिला से प्राप्त उग्रवादी गतिविधि के सुदृढीकरण मद एवं S.R.E मद के अन्तर्गत कार्य**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या -JHALCO-04/2023-24

| | |
|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | क्षेत्रीय प्रबंधक,झालको चाईबासा। |
| परिमाण विपत्र की बिक्री का तिथि एवं समय | 24.04.2023 (कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन तक) |
| मुहरबंद निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय | 26.04.2023 का समय अपराहन 3.00 बजेतक |
| मुहरबंदनिविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 को समय 3.30 अपराहन तक |
| परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय, झालको चाईबासा |
| निविदा प्राप्ति का स्थान | क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय, झालको चाईबासा |

कार्यविवरणी :-

| क्र0 | | योजना का नाम | जिला | प्रशासनिक स्वीकृति राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | Tumbahaka Police Picket P,S –Tonto | | | | | |
| 1 | i | Kot Magzin 16'x32' 01 Unit | West Singhbhum | 83,30,500.00 | 10,000.00 | 1,67,000.00 | Six month |
| | ii | Morcha 04 Unit @157000/Unit | | | | | |
| | iii | Hodge 10'x10'x06' 01 unit | | | | | |
| | iv | Toilet 20 unit | | | | | |
| | v | Bathroom 16 unit | | | | | |
| | vi | Deep Boring 01 No's | | | | | |
| | vii | Water Tnak Stand 01 unit | | | | | |
| 2 | i | Kitchen/Dinning/Recreation 16'x64' 01 Unit | West Singhbhum | 91,44,100.00 | 10,000.00 | 1,83,000.00 | Six month |
| | ii | Office Hostal BHK+Toilet 02 Unit | | | | | |
| 3 | i | Halipad 01 Unit | West Singhbhum | 65,06,700.00 | 10,000.00 | 1,30,500.00 | Six month |
| | ii | Barrack -16'x64' 02 unit | | | | | |
| 4 | i | Barrack -16'x64' 04 unit | West Singhbhum | 89,81,600.00 | 10,000.00 | 1,80,000.00 | Six month |

नोट-प्राक्कलित/ B.O.Q की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि परिवर्तित होगी । निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है जो एकरारनामा का अंग रहेगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक
झालको चाईबासा

पत्रांक :- 106 दिनांक . 17 /04/2023.

**क्षेत्रीय प्रबंधक,झालको चाईबासा का कार्यालय**

**प0सिंहभूम जिला से प्राप्त उग्रवादी गतिविधि के सुदृढीकरण मद एवं S.R.E मद के अन्तर्गत कार्य**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या -JHALCO-06/2023-24

| | |
|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | क्षेत्रीय प्रबंधक,झालको चाईबासा। |
| परिमाण विपत्र की बिक्री का तिथि एवं समय | 24.04.2023 (कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन तक) |
| मुहरबंद निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय | 26.04.2023 का समय अपराहन 3.00 बजेतक |
| मुहरबंदनिविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 को समय 3.30 अपराहन तक |
| परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय, झालको चाईबासा |
| निविदा प्राप्ति का स्थान | क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय, झालको चाईबासा |

कार्यविवरणी :-

| क्र0 | | योजना का नाम | जिला | प्रशासनिक स्वीकृति राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | Luiya Police Picket P,S –Tonto | | | | | |
| 1 | i | Kot Magzin 16'x32' 01 Unit | West Singhbhum | 79,68,600.00 | 10,000.00 | 1,59,500.00 | Six month |
| | ii | Morcha 04 Unit @157000/Unit | | | | | |
| | iii | Hodge 10'x10'x06' 01 unit | | | | | |
| | iv | Toilet 10 unit | | | | | |
| | v | Bathroom 08 unit | | | | | |
| | vi | Kitchen/Dinning/Recreation 16'x64' 01 Unit | | | | | |
| | vii | Deep Boring 01 No's | | | | | |
| | viii | Water Tnak Stand 01 unit | | | | | |
| 2 | i | Office Hostal BHK+Toilet 01 Unit | West Singhbhum | 98,61,400.00 | 10,000.00 | 1,97,500.00 | Six month |
| | ii | Halipad 01 unit | | | | | |
| | iii | Barrack -16'x64' - 02 unit @ 2245400/unit | | | | | |
| 3 | i | Barrack -16'x64' 04 unit | West Singhbhum | 89,81,600.00 | 10,000.00 | 1,80,000.00 | Six month |

नोट-प्राक्कलित/ B.O.Q की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि परिवर्तित होगी । निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है जो एकरारनामा का अंग रहेगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक
झालको चाईबासा

पत्रांक :- 107 दिनांक . 17 /04/2023.

## प्रदेश >> अपडेट

### हर्षोल्लास के साथ मना ईद

**छत्तरपुर (पलामू)** : मुस्लिम धर्मावलंबियों का मुख्य पर्व ईद उल फितर पुरे छत्तरपुर प्रखंड में हर्षउल्लास के साथ मनाई गई सभी मस्जिदों में तय समय पर पढ़ाई गई ईद की नमाज वही छत्तरपुर खाटीन जामा मस्जिद के एमाम मौलाना जुनैद मिस्बाही ने कहा कि रमजान के पहली रोजा से 30 दिनों तक रखा जाता है उसके बाद चाँद देखने के सुबह में ईद -उल-फित्र की नमाज अदा की जाती है

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### पुलिस ने अवैध तरीके से बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

**हरिहरगंज/पलामू** : थाना क्षेत्र के पथरा ओपी पुलिस ने शुक्रवार को पार पहाड़ गांव के समीप से एक अवैध रूप से बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि, एक स्वराज ट्रैक्टर पर बटाने नदी से अवैध तरीके से बालू निकाल कर ले जाया जा रहा है।जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिना नंबर के स्वराज ट्रैक्टर को पार पहाड़ गांव के समीप से जब्त किया। उन्होंने बताया कि इसे लेकर आवश्यक कार्रवाई हेतु खनन विभाग को सूचना दे दी गई है।

### हर्षोल्लास से मना ईद

**हरिहरगंज/पलामू** : मुस्लिम धर्मावलंबियों के पावन त्योहार ईद शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर मुख्य तौर पर हरिहरगंज के अररुआ खुर्द जामा मस्जिद , अंसारी बिगहा , बंजारी मोहल्ला ,बेलौदार आदि जगहों पर मस्जिदों में नमाज अदा किया गया। जबकि पीपरा प्रखंड क्षेत्र के सरैया में भी सामूहिक रूप से ईद-उल-फितर की नमाज अदा कर मुस्लिम समाज के लोगों ने अमन, चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। इस दौरान एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## छत्तरपुर के रामगढ़ में भाकपा माले का 54वें स्थापना दिवस व

# कामरेड लेलिन का जन्म दिवस मनाया गया



राष्ट्रीय खबर

**छत्तरपुर (पलामू):** छत्तरपुर के रामगढ़ में भाकपा माले के 54 वें स्थापना दिवस और कामरेड लेनिन का जन्म दिवस मनाया गया । साथ ही पार्टी का केंद्रीय कमेटी का शपथ पढ़ा गया । जिस तरह पूरे देश में सांप्रदायिक माहौल को पैदा कर भाजपा और आर एस एस दंगा कराना चाहती है पांकी, और रामनवमी के दिन सासाराम, नालंदा, और बिहारशरीफ में मस्जिद को जलाकर, दंगा भड़काया गया उससे साफ साबित होता है कि भाजपा अपने पक्ष में जीत के लिए ए काम कर रही है । सवाल पूछने वालों को जेल और नोटिस का भय दिखाया जा रहा है । कोट और कानून को सरकार अपने हाथ में रख संविधान को खतरे में डाल दिया है । जबकि महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और चिकित्सा पर कोई बात नहीं किया जा रहा है । ऐसे वक्त में एकमात्र रास्ता सड़क पर ही इंकलाब का रास्ता बचता है । इस कार्यक्रम में पलामू जिला कमेटी सदस्य रामराज पासवान, कपिल देव प्रजापति, प्रखंड कमेटी सदस्य संगीता देवी, सरिता देवी, लीलावती देवी, अनिल प्रजापति, कार्तिक प्रजापति, मनोज मोची, संजू, प्रिया, छोटी, वीरा प्रजापति, शशि सहित अन्य लोग शामिल हुए ।

### इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों अग्नि पीड़ित परिवारों के बाँटे ईद पैकेज



**पाकुड़** : जिला के गंधाईपुर मे 30 से अधिक परिवार का घर जलकर राख हो गया एवं कपड़े, वर्तन सबकुछ तबाह हो गया बेघर परिवारों को मदद की आवश्यकता है कई समाजसेवी, जिला पदाधिकारी, सांसद, मंत्रीगण आदि सभी मदद अपने स्तर से किया है इस भयानक घटना मे इंसानियत फाउंडेशन का भी छोटा छोटा हिस्सा रहता है। समूह के सदस्यों ने मिलकर राशि इकट्ठा कर सभी अग्नि पीड़ित परिवार को सुखा राशन देकर ईद के मौके पर खुशियाँ बाँट आये समूह संचालक सद्दाम हुसैन ने कहा इंसानियत फाउंडेशन केवल रक्तदान ही नहीं बल्कि इस कई घटनाओ मे मदद का हाथ बढ़ाया है एवं आगे रहेगा मौके पर अध्यक्ष बानिज शेख, सगीर, मोसारफ, समीम, आजाहर, अरबाज आदि रहे है।

## न्यूज फटाफट

### घर पर गिरा 11हजार वोल्ट के जर्जर बिजली तार

**हरिहरगंज / पलामू** : प्रखंड के कुलहीया पंचायत अंतर्गत नौडीहा कला गांव में एक ग्रामीण के घर पर 11हजार वोल्ट के जर्जर बिजली तार गिरने से कई लोग डरे हुए हैं। हालांकि इस दौरान ग्रामीण अपने खेतों में काम कर रहे थे जिस कारण एक बड़ा हादसा टल गया। इसकी जानकारी देते हुए यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष इंजीनियर संजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार को गांव के प्रवेश भुईयां के घर के ऊपर से गुजरी जर्जर तार अचानक टूट कर गिर गई । जिससे कच्चा फूस के घर को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि काफी दिनों से ग्रामीणों के घर के ऊपर से जर्जर तार गुजरी है जो कई बार टूट कर गिरते रहते हैं। इससे जान माल का हमेशा खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से नए तार बदलने की कई बार गुहार भी लगा चुके हैं।बावजूद इसके कोई ध्यान नहीं दिया गया । जिस वजह से ग्रामीणों में विभागीय अधिकारियों के प्रति आक्रोश है । ग्रामीणों ने शीघ्र ही यदि जर्जर तार हटाकर नए तार को गांव के बाहर स्थानांतरित करने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर आन्दोलन की चेतावनी भी दी गई है। मांग करने वालों में मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र भुईयां , अनील भुईयां पांचु भुईयां , मालती देवी सहित दर्जनों ग्रामीण का नाम शामिल है।

### हर्ष जोहार पाठ्यचर्या विषय पर हुई बैठक

**जामा** : प्रखंड स्थित बीआरसी भवन में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुधा कुमारी की अध्यक्षता में हर्ष जोहार पाठ्यचर्या विषय पर एक बैठक आहूत हुई। जिसमें पीरामल फाउंडेशन के विक्की कुमार यादव द्वारा नौ कौशल के बारे में चर्चा की गई। मौके पर भावनात्मक दृढ़ता, तार्किक सोच,पहल करना,जिम्मेदारी पूर्ण निर्णय क्षमता,स्व जागरूकता, आत्मसम्मान,ग्रोथ माइंडसेट, सकारात्मक संबंध बनाना और निभाना एवं दूसरों के प्रति सहानुभूति आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गईद्य इसके अलावा यूट्यूब पर उपलब्ध सेल टॉक शो एपिसोड-8 के बारे में बताया गया,जिसमें अति चिंतन एवं उनसे लड़ने के उपायों के बारे में भी जानकारी साझा की गयी। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि आने वाले वर्षो में हर्ष जोहार पाठ्यचर्या आदर्श विद्यालय में भी जोड़ा जाएगा जिसमें दस हजार से भी ज्यादा बच्चों को इस कार्यक्रम के तहत जिले में प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया जाएगा।

# दीन दुखियों की मदद करने का पैगाम देता है ईद



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** ईद दीन दुखियों की मदद करने का पैगाम देता है।उक्त बातें मुखिया पति भरदुल कुमार सिंह ने कही ।वे शनिवार को पोलपोल व आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को ईद उल फितर के अवसर पर एक दूसरे से मिल ईद की मुबारकबाद दी।वही पोलपोल व आसपास के क्षेत्र में ईद का त्योहार हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया ।नए परिधानों में सज धज कर अकीदत मन मदरसा में ईद की नमाज अदा की । नमाजियों ने कहा कि उन्होंने अल्लाह से देश और समाज में सुख शांति समृद्धि और भाईचारा को बनाए रखने की दुआ मांगी। इसके बाद एक दूसरे से गले मिल मुबारकबाद दी। इस मौके पर मुखिया पति भरदुल सिंह ने कहा कि ईद आपसी एकता का पैगाम देता है। हमारे यहां की गंगा जमुनी संस्कृति है। हिंदू ,मुस्लिम, सिख ईसाई हम सभी लोग मिलकर एक दूसरे धर्म का आदर करते हैं ।और पूरे उल्लास के साथ त्यौहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि ईद का संदेश समतामूलक मानव समाज की रचना है। यही कारण है कि हाशिए पर खड़े दरिद्र और दीन दुखियों गरीब अचार लोगों के दुख दर्द को समझे और अपनी कोशिशों से उनके चेहरों पर मुस्कान लाए तभी हमें ईद की वास्तविक खुशियां मिलेगी ।इस मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। और क्षेत्र में अमन चैन की कामना की ।इस मौके पर दिनेश सिंह, संजीव पाल, पंकज पाल, अब्दुल अजीज अंसारी , हैदर अली महेश प्रसाद समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# एडु-केयर में करियर कॉउंसलिंग सह विदाई समारोह का आयोजन




राष्ट्रीय खबर

**छतरपुर (पलामू):** छत्तरपुर बारा रोड स्थित एडु-केयर कोचिंग सेंटर में करियर कॉउंसलिंग सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया विदाई समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में इलाके के युवा समाज सेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार, संस्थान के संचालक धर्मेंद्र सिंह, जय प्रकाश, श्रीराम चौधरी, चन्दन कुमार ने मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित और फीता काट कर सँयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के छात्र अरविंद ने किया। समारोह में 12वीं और ग्रेजुएशन साइंस वर्ग के छात्रों को विदाई दी गई । इस अवसर पर छात्रों को उपहार दे कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्थान के निदेशक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि संस्थान पूरी मजबूती के साथ छात्रों को शिक्षित बनाने में जुटा है उनका लक्ष्य है कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे पाएं। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कहा कि एडु-केयर संस्थान इलाके में शिक्षा का दीप जला रहा है। आज छात्रों को बहुभाषी और मल्टी-टैलेंटेड होने की आवश्यकता है ताकि आज के प्रतिस्पर्धा भरी दुनिया में वे खुद को स्थापित कर पाएं। अरविन्द ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ सफलता के कई टिप्स भी दिये। वहीं सांसद प्रतिनिधि जितेंद कुमार ने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के शिक्षक जय प्रकाश, नागेंद्र कुमार, अरविन्द कुमार, पंकज कुमार, अनुज ठाकुर सहित सैकड़ो छात्र छात्राएं मौजद थे।

# आपूर्ति विभाग से लेकर डीसी और सीएम तक लगाई न्याय की गुहार



राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू** : प्रखण्ड क्षेत्र के कुलहिया पंचायत अंतर्गत जगदीशपुर गंगा स्वयं सहायता समूह की संचालक के पति शिवपूजन कुमार मेहता ने आपूर्ति विभाग से लेकर डीसी, सीएम तक न्याय के लिए गुहार लगाई है। शिवपूजन कुमार मेहता ने बताया कि षड्यंत्र के तहत गंगा स्वयं सहायता समूह को निलंबित कर दिया गया है ।लाइसेंस बचाए रखने के लिए शिवपुजन मेहता ने सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी और आपूर्ति कार्यालय के प्रधान सहायक को मांगे जाने पर दूसरे से कर्ज लेकर 1 लाख 5 हजार रुपये देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पैसे देने के बावजूद भी मेरे राशन दुकान को एक अन्य समूह शारदा देवी वगैरह के नाम से हस्तानांतरित करवा दिया । पैसा मांगे जाने पर झूठे मुकदमे में फसाने की बात कही जाती है। शिवपूजन कुमार मेहता ने बताया कि इस सम्बन्ध में पलामू उपायुक्त महोदय को जनता दरबार में लिखित शिकायत भी की है ।शिवपूजन ने उपरोक्त सभी तथ्यों के आलोक में फिर से जांचोपरांत न्याय करने की मांग दोहराई है।

### पर्यावरण के लिए अच्छी जीवन शैली को अपनाने की जरूरत है

**पाकुड़** : शनिवार को ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार के निदेर्शानुसार विश्व पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर सोनाजोड़ी स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगर प्रशिक्षण संस्थान पाकुड़ के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सोनाजोड़ी पंचायत समिति गोलनेशा बीबी और सरपंच रफीक अंसारी मौजूद थे। संस्थान के वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्धन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए लोगों को पर्यावरण के लिए अच्छी जीवन शैली को अपनाने पर जोर दिए एवम पृथ्वी को सुरक्षित रखने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा किया गया ।लोगों से अपील किया गया की अधिक से अधिक हम पर्यावरण को हम सुरक्षा प्रदान करें। रफीक अंसारी तथा गोलनेशा बीबी ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालें ।अतिथियों ने वृक्षारोपण किए एवम आरसेटी द्वारा आयोजित जागरूकता रैली में भी शामिल हुए ।कार्यक्रम में संकाय वापी दास, कार्यालय सहायक शिबू कुनाई और मोतीलाल साहा, प्रशिक्षुओं एवम ग्रामीण मौजूद रहें।


क्षेत्रीय प्रबंधक,झालको चाईबासा का कार्यालय

प०सिंहभूम जिला से प्राप्त उग्रवादी गतिविधि के सुदृढ़ीकरण मद एवं S.R.E मद के अन्तर्गत कार्य

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या -JHALCO-05/2023-24

| | |
|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | क्षेत्रीय प्रबंधक,झालको चाईबासा। |
| परिमाण विपत्र की बिक्री का तिथि एवं समय | 24.04.2023 (कार्यालय अवधि मे 3.00 बजे अपराहन तक) |
| मुहरबंद निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय | 26.04.2023 का समय अपराहन 3.00 बजेतक |
| मुहरबंदनिविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 को समय 3.30 अपराहन तक |
| परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय, झालको चाईबासा |
| निविदा प्राप्ति का स्थान | क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय, झालको चाईबासा |

कार्यविवरणी :-

| क्र० | | योजना का नाम | जिला | प्रशासनिक स्वीकृति राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | i | Construction of Morcha 02 unit At- P.S Tonto. | West Singhbhum | 69,77,125.00 | 10,000.00 | 1,40,000.00 | Six month |
| | ii | Construction of Morcha 02 unit and Deep Boring At- P.S Jateya | | | | | |
| | iii | Construction of Morcha 01 unit and Deep Boring At- P.S Majhgaon | | | | | |
| | iv | Construction of Toilet 2 unit and Barrck 16'x64' At Ps Muffasil | | | | | |
| | v | Deep Boring 01 No's at P.S Hatgamhariya | | | | | |
| | vi | Construction of Toilet 04 unit At- P.S Jagannathpur | | | | | |
| | vii | Construction of Community Shed at Near Jojohatu School At Ps Muffasil | | | | | |
| | viii | Construction of Toilet 01 unit and Repair of Old Toilet at Sadal Gate Camp | | | | | |
| | xi | Construction of Toilet 02 unit and Repair of Old Toilet at Timbra Camp | | | | | |
| | x | Construction of Deep Boring 01 No's At Anandpur Police Station | | | | | |
| 2 | i | Construction of Toilet 05 unit at Chakradharpur Police Station | | 39,64,775.00 | 5,000.00 | 79,500.00 | Six month |
| | ii | Construction of Deep Boring 01 No's and Toilet 02 Unit At Lodhai OP | | | | | |
| | iii | Construction of Boundry Wall 150 M at Sonua Police Station | | | | | |
| | iv | Construction of Toilet 02 unit at Toklo Police Station | | | | | |
| | v | Construction of Morcha 01 unit and Toilet 02 unit at Mahadevshal Camp | | | | | |

नोट:-प्राक्कलित/ B.O.Q की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि परिवर्तित होगी । निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है जो एकरारनामा का अंग रहेगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक
झालको चाईबासा

पत्रांक :- 106 दिनांक 17 /04/2023


# जिला सहित प्रखंडों में धूमधाम से मनाई गई ईद,मांगी गई देश के लिए दुआएं

- सभी इस गांव को सजाया गया था एवं तैयारी की गई थी
- लोग सुबह से ही तैयार होकर ईदगाह में नमाज पढ़ने निकल पड़े थे
- हर चौक चौराहे पर पुलिस की कड़ी बंदोबस्ती की गई थी



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** पाकुड़ जिला एवं सभी प्रखंडों सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल फितर का त्योहार शनीवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोग नये कपड़े पहनकर ईदगाह व मस्जिदों में पहुंचे नमाज अदा की व अमन चैन की दुआएं मांगी। शहर के तांतीपाड़ा, हरिणडांगा के मस्जिदों के अलावा तथा ग्रामीण क्षेत्र के चेंगाडांगा, संग्रामपुर, रहसपुर, तारानगर, इलामी, ईशाकपुर, झिकरहाटी, सीतापहाड़ी, तिलभीटटा, चांचकी, अंजना, पृथ्वीनगर, भवानीपुर आदि ईदगाहों में ईद उल फितर का नमाज अता किया गया। उक्त ईदगाहों में मौलवी व मौलाना ने परंपरा के अनुसार नमाज अता करवाया। मौलाना अंजर कासमी ने बताया कि धैर्य और सौहार्द का नाम ही ईद है ।पवित्र रमजान माह में पूरे धैर्य के साथ धार्मिक नियमों का पालन करते हुए प्रतिदिन रोजा रखना धैर्य ही है। इस त्याग और बलिदान के पश्चात ही महीने के प्रथम दिन ईदगाह में नमाज अदा कर हम ईद की खुशियां मनाते रहे हैं। चेंगाडांगा जुम्मा मस्जिद के इमाम मौलाना मुफ्ती मजीबुर रहमान मजहारी ने कहा कि ईद का दिन गले लगाने का दिन है मिलने-मिलाने का दिन है। गरीबों, यतीमों और जरूरतमंदों की खबरगिरी का दिन है ईद के दिन मुसलमान शुक्राना अदा करने के लिए ईदगाह जाते हैं। अल्लाह की तरफ से रोजेदारों को ईनाम और इकराम से नवाजा जाता है. ये त्योहार खुदा की तरफ से दी गयी है. मुसलमानों को चाहिए कि ईद बड़ी सादगी से मनाएं. खुशदिली का मुजाइरह करें और अपने हमवतन भाइयों और दूसरे धर्म वालों को भी अपनी खुशी में शामिल करें।

## शहर >> अपडेट

### अधिकारी करते रहे पैट्रोलिंग

मरकच्चो : अलविदा की नमाज को कुशल पूर्वक संपन्न कराने के लिए इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी लव कुमार समेत कई पदाधिकारी क्षेत्र के मस्जिदों और इमामबाडों पर चौकशी करते हुए नजर आए। वही मरकच्चो क्षेत्र के सभी मस्जिदों पर अलविदा की नमाज अदा कराने के लिए सुबह से ही भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

## सिटी अपडेट्स >>

### केपीएस में दावते इफ्तार में शामिल हुये बच्चे बुजुर्ग और जवान

कोडरमा : जिला मुख्यालय स्थित कलंदरिया पब्लिक स्कूल परिसर में माहे रमजान के मुबारक मौके पर दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। दावत ए इफ्तार में केपीएस के छात्र छात्राएं, अभिभावक और अन्य रोजेदार शामिल हुये और मुल्क की तरक्की अमन शांति की दुआ मांगी। मौके पर हाजी आफताब ने कहा इफ्तात के दौरान छोटे बड़े, गरीब अमीर एक साथ जमा होकर इफ्तार करते हैं, ये सामाजिक एकता के लिये एक बेहतरीन संदेश है। इफ्तार बताता है कि अल्लाह के सभी बंदे भक्त एक समान्य है। इफ्तार हमें लोगों के खिदमत का भी पैगाम देता है। मौके पर रहमत खान, कौशर खान, अरमान खान, डॉ कयूम, बॉक्सर खान, अब्दूल गफ्फार, मिसबाह उद्दीन, मो सगीर खान, मो सद्दाम सहित सैकड़ों लोग शामिल हुये। जबकि इफ़्तार पार्टी को कामयाब बनाने में केपीएस की शिक्षिका शमा प्रवीण, मन्तशा खान, आरसी मल्लिका, रहमानिया, ट्रस्ट के मो ऐयाज, रियाज, दानिश हयात, मो सब्बीर, मुजम्मिल, फैजान आदि की भूमिका अहम रही।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मारवाड़ी युवा मंच का आधार है जन सेवा : अरूण गुप्ता

झुमरीतिलैया : मारवाड़ी युवा मंच का आधार जन सेवा है। और जन सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं होता है। यह राज योग नहीं बल्कि कांटों से भरा ताज होता है। उक्त बातें मायुमं के प्रांतीय अध्यक्ष अरूण गुप्ता ने झुमरीतिलैया के शिव वाटिका में आयोजित मारवाड़ी युवा मंच और प्रेरणा शाखा के पदस्थापना समारोह में कही।

---

ईद — लोग एक दूसरे के घरों में जाकर मीठी सवैया खाई और ईद की मुबारकबाद दिए

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का पर्व

- ईद अल्लाह का रमजान के रोजे के बाद एक तोहफा है
- इस्लाम मे शिक्षा हासिल करना फर्ज करार दिया गया है,

राष्ट्रीय खबर



कोडरमा: जिले में हर्षोल्लास व उत्साह के साथ शनिवार को ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित जलवाबाद ईदगाह में मौलाना शहादत हुसैन, असनाबाद मस्जिद में हाफिज सरफराज, बेलाल मस्जिद में हाफिज सफीक व मक्का मस्जिद में हाफिज अल्ताफ ने ईद उल फितर की नमाज सामूहिक रूप से अदा कराई। इस दौरान जलवाबाद ईदगाह में लोगों को संबोधित करते हुए ईद के महत्व के बारे में बताते हुये कहा गया की ईद अल्लाह का रमजान के रोजे के बाद एक तोहफा है। उन्होंने कहा कि इस्लाम मे शिक्षा हासिल करना फर्ज करार दिया गया है, पर वर्तमान समय में हम शिक्षा के में पिछड़ गये हैं, यही वजह है कि हम सामाजिक, आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं। वहां मौजूद लोगों से कहा गया कि कम खाएं पर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दें। अपने समाज में अगर बदलाव लाना चाहते हैं, शिक्षा को ढाल बनाएं जिससे दुनिया जीती जा सकती है और लोगों के दिलों पर राज किया जा सकता है।

मौलाना ने कहा कि हजरत मोहम्मद ने कहा है कि तुम में बेहतर वो है जिसके पास शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार हो। संबोधन के पश्चात मौलाना शहादत ने सामूहिक नमाज पढ़ाई औ मुल्क में अमन शांति भाईचारे के साथ देश की उन्नति, प्रगति की दुआ माँगी। ततपश्चात इस मौके पर लोगों ने नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। कहा जाता है कि ईद के दिन दुश्मन भी गीले शिकवे भूल, एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद देते हैं। इस दौरान ईदगाह से निकल कर लोग एक दूसरे के घरों में जाकर मीठी संवैया खाई और ईद की मुबारकबाद दिए। झुमरीतिलैया, मरकच्चो, चंदवारा, सतगावां और डोमचांच में भी ईद के मौके पर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। ईद पर अपने रिश्तेदारों, दोस्तों व आस पड़ोस के लोगों को घर आने का दौर चलता रहा।

तो हिन्दू भाइयों ने भी गंगा जमुना तहजीब और भाईचारगी की मिसाल पेश करते हुये मुस्लिम दोस्तों व मिलने जुलने वालों के यहां जाकर ईद की मुबारकबाद दी व गले मिले। ईद पर मिलने आने वाले लोगों को सेवई से मुंह मीठा करने के साथ नमकीन के लिए दही बड़ा, फ्रूट्स, छोला, चटपटी चाट और सूखे नमकीन भी खिलाये गये। ईद उल फितर के मौके पर साजिद हुसैन,शाहिद, समीर, मो जावेद, अजीम, नसीम आदि विभिन्न जगहों पर मौजूद थे।

## इंदरवा में पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा:शनिवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वाधान में कोडरमा प्रखंड अंतर्गत इंदरवा पंचायत भवन में जागरूकता सह पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत की मुखिया श्रीमती उमा देवी, पंचायत सचिव देवनारायण गोप, रोजगार सेवक राहुल कुमार, हैंड इन हैंड इंडिया के सहायक परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव उपस्थित थे। मुखिया उमा देवी ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन एक भयावह रूप ले चुका है और हम सबको इसके प्रति सचेत रहने की जरूरत है, अपने आसपास के सभी पेड़ पौधों को बचाना है उन्हें सुरक्षा प्रदान करना है तथा हर एक अवसर पर पेड़ पौधे जरूर लगाना है। हैंड इन हैंड इंडिया के सहायक परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हमें अपने नदी, तालाब, पहाड़, जंगल को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने की जरूरत है। हमें कम से कम प्लास्टिक का उपयोग करना है और अपनी धरती को सुंदर बनाना है। रोजगार सेवक राहुल कुमार ने कहा कि मनरेगा योजना अंतर्गत कई तरह की योजनाएं हैं जिसमें बागवानी, कूप निर्माण, डोभा निर्माण इत्यादि योजनाओं के माध्यम से भी हम अपनी धरती को हरा-भरा बना सकते हैं।

## कुडू प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मना ईद का पर्व



राष्ट्रीय खबर

कुडू /लोहरदगा : कुडू प्रखंड में ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार 21 अप्रैल की सुबह बच्चे, बुजुर्ग और नवजवान लोग नये कपड़े पहनकर नमाज स्थल ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचे। कुडू हमीद नगर स्थित ईदगाह में सुबह आठ बजे मौलाना हसीब कासमी साहब की अगवाई में लोगों ने अकीदत के साथ नमाज अदा की। इसके अलावा सुन्दरु, बड़की चापी, चिरी, जिमा, चंडू, पंडरा, हेंजला, फुलसुरी, ककरगढ़, चन्दलासो सहित प्रखण्ड की तमाम ईदगाहों और मस्जिदों पर ईद की नमाज शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में अदा की गयी। और नमाज अदा करने के बाद लोगों ने अपने और परिवार के साथ ही मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिये दुआ मांगी, और एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान खासकर बच्चे बेहद उत्साहित दिखे। दिन भर दावतों का दौर चलता रहा। ईद की नमाज को लेकर पुलिस कि सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एहतियात के तौर पर मस्जिदों की ओर आने वाले सभी रास्तों के अलावा संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस के जवान तैनात रहे।

## विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में अविराम ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम



राष्ट्रीय खबर

कुडू : अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुडू, लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध, पवन उरांव, शिवशंकर, रितिका, मनु कुमार के नेतृत्व में टिको के पोखरा टोली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कॉलेज से प्रशिक्षु स्लोगन के साथ नारा लगाते हुए गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बात चीत कर उन्हें कैसे पृथ्वी को बचाया जा सकता है उपायों पर चर्चा की और जल संरक्षण, वर्षा के जल को एकत्र करने के लिए प्रशिक्षुओं ने जगह जगह गड्ढे बनाये जिनमे बालिकाओं ने और बढ़ कर भाग लिया और श्रम दान किया, इन गड्ढों में घरों से,नलकूप से निकलने वाला जल और वर्षा का जल एकत्र हो सके और धरती के गर्भ में जा सके, जल समस्या, मृदा प्रदूषण, बढ़ता तापमान पृथ्वी और यह निवास करने वाले मानवों, की जंतुओं के लिए खतरे का संकेत है।प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कि किसी बड़े बदलाव के लिए छोटे छोटे प्रयास महत्वपूर्ण होते है इसीलिए प्रति वर्ष प्रशिक्षुओं को जल, भोजन आदि का कार्य दिया जाता है,इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस की थीम है हमारे ग्रह में निवेश करें जैसे किया गया निवेश कई गुना मिलता है वैसे ही पृथ्वी पर लगाए पेड़,पौधे, और स्वच्छता का लाभ आने वाली कई पीढ़ियों तक मिलता है।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

राष्ट्रीय खबर

झुमरीतिलैया : सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में शनिवार को गुमो में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव सनातन कैलेंडर के अनुसार, हर वर्ष वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। आचार्य जयराम शास्त्री, आचार्य प्रदीप पांडेय ने बताया कि पौराणिक मान्यता है कि भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में तृतीया को हुआ था। ऐसे में परशुराम का जन्मोत्सव भी प्रदोष काल में ही मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम एक मात्र ऐसे विष्णु के अवतार हैं, जो आज भी जीवित हैं। दक्षिण भारत में परशुराम का बड़ा मंदिर है। कल्कि पुराण के अनुसार, जब कलयुग में भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि अवतरित होंगे, तो परशुराम जी ही उनको अस्त्र-शस्त्र में पारंगत करेंगे। यजमान के रूप में कामेश्वर पांडेय, सौरभ पांडेय ने पूजा अर्चना की। रविवार सुबह पूजन, हवन, आरती होगी।

## न्यूज फटाफट

### अलविदा की नमाज में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़



मरकच्चो : माहे रमजान के आखिरी जुम्मे पर शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई। अलविदा की नमाज के दौरान प्रखंड के जामा मस्जिद मरकच्चो, खेशमी, देवीपुर, विंडोमोह, शाहगंज, कर्बला नगर, नादकरी, भोजपुर, महुआटांड़, नावाडीह, दशारो, मेहतरिया अहरी, मंझला नगर, पूर्णानगर, लोहड़ियो, मुरकमनाय, दरदाही समेत प्रखंड के कई मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड के सभी मस्जिदों में हजारों लोगों ने जुम्मे की नमाज अदा की। नमाज के दौरान लोगों ने अल्लाह से मुल्क ,बिरादरी, व मिल्लत की दुआ मांगी। नमाज के बाद विभिन्न मस्जिदों में मौलाना ने तकरीर कर फितरा, जकात व शबे कद्र के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि फितरे की रकम हर हाल में ईद की नमाज के पहले अदा कर देना चाहिए। जकात के लिए इसकी कोई बंदिश नहीं है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को भेजा जेल

झुमरीतिलैया : तिलैया पुलिस ने शुक्रवार को एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में प्राथमिक अभियुक्त को भादवि की धारा 376 और पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार तिलैया थाना कांड संख्या 107/23 के तहत थाना क्षेत्र के एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसे लेकर पुलिस ने प्राथमिक अभियुक्त विकास कुमार, पिता संजय राम विद्यापुरी निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अलविदा जुमा की नमाज अदा के दौरान मांगी गई दुआ

कोडरमा : जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में रमजान- उल-मुबारक की अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। शुक्रवार को जलवाबाद के मदीना मस्जिद में मौलाना शाहदत हुसैन, जामा मस्जिद में कारी खैरुलवरा, बेलाल मस्जिद में हाफिज सफीक, मस्जिद ए हेरा असनाबाद में हाफिज सरफराज ने नमाज- ए-अलविदा जुमा अदा कराई। जबकि भादोडीह मस्जिद में हाफिज मंजर ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। नमाज- ए- अलविदा जुमा को लेकर मुस्लिम मोहल्लों में सुबह से ही चहल-पहल दिखी। खास कर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। छोटे-छोटे बच्चे आज नए-नए कपड़े पहन कर नमाज-ए-अलविदा जुमा अदा करने गए। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए नमाजी पूर्वाह्न 12 बजे से ही मस्जिदों में भीड़ की वजह से दाखिल होने लगे थे। वहीं नमाज के उपरांत जलवाबाद कब्रिस्तान में फातेहा पढ़ी गई।कलंदरिया एसोसिएशन ट्रस्ट प्रसिडेंट हाजी आफताब ने बताया कि इस पर्व के अवसर पर दो रिकअत नमाज-ए- शुक्राना अदा की जाती है। इस पर्व से खुशी, एकता व भाईचारा का सबक मिलता है।

### बहुत धूमधाम से सुन्दरू गांव में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई



कुडू : बहुत धूमधाम से सुन्दरू गांव में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। जिसमें कई गांव के ग्रामीण उपस्थित हुए। जिसमें मुख्य रूप से हमारे गांव के इमाम मौलाना अहमद रजा मिस्बाही, मौलाना अखसर रजा, सुन्दरू अंजुमन के सरपरस्त जनाब कलीम खान साहब, सदर जनाब असलीम खान, सक्रेटरी जनाब मुख्तार राय, कमेटी के सदस्य जनाब फजल खान, मिनहाज खान, सलीम खान, जहूर राय, निजाम राय, निसार साह, अताउल्ला साह, कुर्बान राय, असलम खान ,अफरोज खान ,तोहीद खान, रेहान राय, शौकत खान ,मुर्शिद खान, सहाबुदीन खान, इनामुल अंसारी, खलील अंसारी, अजमुदीन खान, नेसार सनीफ अंसारी, पिंटू राय, तबारक खान ,खुर्शीद राय, अकबर खान, जफर सहित कई लोग उपस्थित थे।इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था में जिसमे मुख्य रूप ए एस आई राजीव कुमार उपस्थित रहे।


क्षेत्रीय प्रबंधक,झालको चाईबासा का कार्यालय

प०सिंहभूम जिला से प्राप्त उग्रवादी गतिविधि के सुदृढ़ीकरण मद एवं S.R.E मद के अन्तर्गत कार्य

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या -JHALCO-02/2023-24

| | |
|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | क्षेत्रीय प्रबंधक,झालको चाईबासा। |
| परिमाण विपत्र की बिक्री का तिथि एवं समय | 24.04.2023 (कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन तक) |
| मुहरबंद निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय | 26.04.2023 का समय अपराहन 3.00 बजेतक |
| मुहरबंदनिविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 को समय 3.30 अपराहन तक |
| परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय, झालको चाईबासा |
| निविदा प्राप्ति का स्थान | क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय, झालको चाईबासा |

कार्यविवरणी :-

| क्र० सं० | | योजना का नाम | जिला | प्रशासनिक स्वीकृति राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | Meralgada/Hathiburu Police Picket P.S –Goilkera | | | | | |
| 1 | i | Kot Magzin 16'x32' 01 Unit | West Singhbhum | 79,68,600.00 | 10,000.00 | 1,59,500.00 | Six month |
| | ii | Morcha 04 Unit @157000/Unit | | | | | |
| | iii | Hodge 10'x10'x06' 01 unit | | | | | |
| | iv | Toilet 10 unit | | | | | |
| | v | Bathroom 08 unit | | | | | |
| | vi | Kitchen/Dinning/Recreation 16'x64' 01 Unit | | | | | |
| | vii | Deep Boring 01 No's | | | | | |
| | viii | Water Tnak Stand 01 unit | | | | | |
| 2 | i | Office Hostal BHK+Toilet 01 Unit | West Singhbhum | 98,61,400.00 | 10,000.00 | 1,97,500.00 | Six month |
| | ii | Halipad 01 unit | | | | | |
| | iii | Barrack -16'x64' - 02 unit @ 2245400/unit | | | | | |
| 3 | i | Barrack -16'x64' 04 unit | West Singhbhum | 89,81,600.00 | 10,000.00 | 1,80,000.00 | Six month |

नोट-प्राक्कलित/ B.O.Q की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि परिवर्तित होगी। निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है जो एकरारनामा का अंग रहेगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक
झालको चाईबासा

पत्रांक :- _ 103_ दिनांक . 17 /04/2023.



क्षेत्रीय प्रबंधक,झालको चाईबासा का कार्यालय

प०सिंहभूम जिला से प्राप्त उग्रवादी गतिविधि के सुदृढ़ीकरण मद एवं S.R.E मद के अन्तर्गत कार्य

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या -JHALCO-03/2023-24

| | |
|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | क्षेत्रीय प्रबंधक,झालको चाईबासा। |
| परिमाण विपत्र की बिक्री का तिथि एवं समय | 24.04.2023 (कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन तक) |
| मुहरबंद निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय | 26.04.2023 का समय अपराहन 3.00 बजेतक |
| मुहरबंदनिविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 को समय 3.30 अपराहन तक |
| परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय, झालको चाईबासा |
| निविदा प्राप्ति का स्थान | क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय, झालको चाईबासा |

कार्यविवरणी :-

| क्र० सं० | | योजना का नाम | जिला | प्रशासनिक स्वीकृति राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | Borai Police Picket P.S –Tonto | | | | | |
| 1 | i | Kot Magzin 16'x32' 01 Unit | West Singhbhum | 79,68,600.00 | 10,000.00 | 1,59,500.00 | Six month |
| | ii | Morcha 04 Unit @157000/Unit | | | | | |
| | iii | Hodge 10'x10'x06' 01 unit | | | | | |
| | iv | Toilet 10 unit | | | | | |
| | v | Bathroom 08 unit | | | | | |
| | vi | Kitchen/Dinning/Recreation 16'x64' 01 Unit | | | | | |
| | vii | Deep Boring 01 No's | | | | | |
| | viii | Water Tnak Stand 01 unit | | | | | |
| 2 | i | Office Hostal BHK+Toilet 01 Unit | West Singhbhum | 98,61,400.00 | 10,000.00 | 1,97,500.00 | Six month |
| | ii | Halipad 01 unit | | | | | |
| | iii | Barrack -16'x64' - 02 unit @ 2245400/unit | | | | | |
| 3 | i | Barrack -16'x64' 04 unit | West Singhbhum | 89,81,600.00 | 10,000.00 | 1,80,000.00 | Six month |

नोट-प्राक्कलित/ B.O.Q की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि परिवर्तित होगी। निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है जो एकरारनामा का अंग रहेगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक
झालको चाईबासा

पत्रांक :- _104_ दिनांक . 17 /04/2023.

## न्यूज फटाफट

### दो दिवसीय रांची जिला बालक बालिका प्रतियोगिता का उद्घाटन



**रांची**: रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय रांची जिला बालक बालिका प्रतियोगिता का उद्घाटन आज बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय , धुर्वा, रांची के प्रांगण में समाजसेवी सह राजद नेता झारखंड प्रदेश खटाल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ,वार्ड 37 के भावी प्रत्याशी राहुल यादव , समाजसेवी विधा भूषण यादव एवं शंकर यादव ने संयुक्त रूप से हनुमान जी का पूजा एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जबकि आगंतुकों का स्वागत एवं मंच संचालन रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा ने किया।अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला संघ के कार्यकारिणी सदस्य सुश्री सौम्या सेजल वर्मा ने किया। पूरे प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में राष्ट्रीय खिलाड़ी संजय कुमार, सरिता कुमारी, कौशल कुमार एवं रिया कुमारी ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर विकास यादव,मंगरू उरांव एवं कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार हैं :-

**बालक वर्ग पोल मलखंब 12 वर्ष :-**

1. सत्यवीर कुमार दास
2. रणबीर कुमार दास
3. आयांश सिंह

**बालिका वर्ग पोल मलखंब 12 वर्ष :-**

1. सिमरन धनवार
2. स्नेहा सिंह
3. प्रिया कुमारी

**बालिका वर्ग रोप मलखंब 16 वर्ष :-**

1. आरूषि कुमारी
2. अन्नू कुमारी
3. लवली कुमारी

**हैंगिंग मलखंब बालक वर्ग 16 वर्ष :-**

1. आकाश कुमार
2. रोहित लोहरा
3. शिवम कुमार

प्रतियोगिता का समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण कल अपराह्न तीन बजे किया जाएगा।

**फुटबॉल मैच**

### अर्जेंटीना और उज्बेकिस्तान की बीच 20 मई को होगा

# फीफा 2023 अंडर 20 विश्व कप का पहला मैच

- मेजबान अर्जेंटीना 20 मई को उज्बेकिस्तान के खिलाफ टूर्नामेंट की शुरुआत करेगा
- फुटबॉल विश्व कप 20 मई से 11 जून तक अर्जेंटीना में आयोजित किया जाएग




**एजेंसियां**

**जिनेवा :** फुटबॉल की विश्व शासी निकाय ने शुक्रवार को फीफा 2023 अंडर-20 पुरुष विश्व कप का ड्रॉ निकाला जिसमें मेजबान अर्जेंटीना 20 मई को उज्बेकिस्तान के खिलाफ टूर्नामेंट की शुरुआत करेगा। इससे पहले फीफा ने 17 अप्रैल को घोषणा की थी कि फीफा 2023 अंडर 20 पुरुष फुटबॉल विश्व कप 20 मई से 11 जून तक अर्जेंटीना में आयोजित किया जाएगा। फीफा द्वारा टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए इंडोनेशिया के अधिकार को रद्द करने के बाद अर्जेंटीना फुटबॉल फेडरेशन ने इसकी मेजबानी करने के लिए पेशकश की थी। यह समारोह स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में फीफा मुख्यालय में आयोजित किया गया था और उसमें फीफा ने मैच कार्यक्रम और मेजबान शहरों के बारे में भी बताया। फीफा 2023 अंडर 20 फुटबॉल विश्व कप में 24 टीमें ला प्लाटा, मेंडोजा, सैन जुआन और सैंटियागो डेल एस्टेरो जैसे चार शहरों और छह समूहों में एक दूसरी टीम से मुकाबला करेंगी। आगामी 20 मई को फीफा 2023 अंडर 20 पुरुष विश्व कप का शुरुआती पहला मैच अर्जेंटीना और उज्बेकिस्तान के बीच सैंटियागो डेल एस्टेरो स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके अलावा उस दिन तीन और मैच खेले जाएंगे। इसें अलावा ला प्लाटा स्टेडियम सेमीफाइनल, तीसरे स्थान के लिए प्ले-ऑफ और फाइनल की मेजबानी करेगा।

## खेल जगत अपडेट्स

### गुजरात ने लखनऊ को दिया 136 का लक्ष्य

**लखनऊ** : हार्दिक पांड्या




(66) की कप्तानी पारी और रिद्धिमान शाह (47) के साथ 68 रन कर उपयोगी भागीदारी की बदौलत गुजरात टाइटंस ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ छह विकेट पर 135 रन का स्कोर खड़ा किया। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर गुजरात को कम रन में सीमित रखने में कृणाल पांड्या (16 रन पर दो विकेट),मार्कस स्टोइनिस (20 रन पर दो विकेट) के अलावा नवीन उल हक (19 रन पर एक विकेट) और अमित मिश्रा (नौ रन पर एक विकेट) का योगदान महत्वपूर्ण रहा हालांकि रवि बिश्नोई काफी खर्चीले साबित हुये। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरूआत अच्छी नहीं रही जब सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल खाता खोले बगैर कृणाल पांड्या की गेंद पर लांग आफ पर खड़े विश्नोई के हाथों आउट हो गये। बाद में क्रीज पर आये हार्दिक ने शाह के साथ मिल कर स्कोरबोर्ड को आगे बढाया। इस बीच शाह 47 के निजी स्कोर पर कृणाल का दूसरा शिकार बने। गुजरात का मिडिल आर्डर एक बार फिर संघर्ष करता नजर आया। अभिनव मनोहर,डेविड मिलर और विजय शंकर सस्ते में आउट हो गये। एक छोर पर टिके हार्दिक पांड्या ने जायंटस के गेंदबाजों का मजबूती से सामना किया। वह पारी के अंतिम ओवर में आउट हुये । उन्होने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान दो चौके और चार छक्के लगाकर लखनऊ के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

# पीएचएल में तेलंगाना,आंध्र प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी तेलुगु टैलन्स




**एजेंसियां**

**हैदराबाद** : तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की फ्रेंचाइजी तेलुगु टैलन्स ने शनिवार को प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) में प्रवेश की घोषणा की। गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश और गर्वित गुजरात को प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) में शामिल किए जाने के कुछ ही दिनों बाद दो और टीमें - दिल्ली पैंजर्स और तेलुगु टैलन्स पीएचएल के उद्घाटन संस्करण शामिल हुयी हैं। वॉलीबॉल, बैडमिंटन, गोल्फ और अन्य खेल टीमों सहित विभिन्न खेल लीगों में शामिल होने के लिए जाने जाने वाले हैदराबाद के एक प्रमुख खेल उद्यमी अभिषेक रेड्डी कंकनला के स्वामित्व वाली टीम पीएचएल के उद्घाटन संस्करण में प्रतिस्पर्धा करेगी। प्रीमियर हैंडबॉल लीग के साथ जुड़ने को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए टीम के मालिक अभिषेक रेड्डी कंकनला ने कहा, ''मैं हैंडबॉल की दुनिया में प्रवेश करने और इन अविश्वसनीय एथलीटों को सपोर्ट करने के लिए रोमांचित हूं। हैंडबॉल एक रोमांचक और आकर्षक खेल है।

मेरा मानना है कि इसमें आगे बढ़ने और अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए विशेष रूप से भारत में अपार क्षमता है। मैं प्रीमियर हैंडबॉल लीग में शीर्ष स्तर पर मुकाबला करने और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हैंडबॉल कम्यूनिटी के लिए गर्व और उपलब्धि की एक नई भावना लाने के लिए तेलुगू टैलेंट्स को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।'' तेलुगू टैलन्स रविवार को मुंबई के ताज लैंड्स एंड में होने वाली प्रीमियर हैंडबॉल लीग नीलामी में एक मजबूत टीम को एक साथ रखना चाहेंगे। प्रत्येक टीम में 11 भारतीय खिलाड़ियों और तीन अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को चयन किया जाएगा । तेलुगु टैलन्स टीम में निवेश करके, अभिषेक रेड्डी का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और प्रतिभाशाली एथलीटों को एक बड़े मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करना है, जबकि भारत में खेल पारिस्थितिकी तंत्र के विकास का भी समर्थन करना है।

वह अपने विविध खेल पोर्टफोलियो का विस्तार करने और विशेष रूप से भारत में हैंडबॉल समुदाय के विकास में योगदान देने के लिए समर्पित है। प्रीमियर हैंडबॉल लीग का उद्घाटन सत्र आठ जून को शुरू होकर 25 जून तक चलेगा और इसे जियो सिनेमा, स्पोर्ट्स 18-1 (एचडी एंड एसडी) और स्पोट्र18 खेल पर वायाकॉम 18 नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा।

# एम्बाप्पे ने दागे दो गोल,पीएसजी खिताब के करीब




**एजेंसियां**

**पेरिसः** किलियन एम्बाप्पे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मन (पीएसजी) ने फ्रेंच फुटबॉल लीग में एंगर्स एससीओ को 2-1 से हरा कर रिकॉर्ड 11वें फ्रेंच टॉप-फ्लाइट खिताब जीतने की ओर शुक्रवार को एक कदम और बढा दिया है। डिफेंडिंग चैंपियन 32 मैच के बाद 75 अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर है और दूसरे स्थान पर मौजूद मार्सिले से 11 अंक आगे हैं। एमबाप्पे ने नौवें मिनट में पेरिस सेंट-जर्मन को बढ़त दिलायी। पिछले चार सत्रों में लीग गोल्डन बूट जीतने वाला खिलाड़ी 22 गोल के साथ स्कोरर की सूची में फिर से शीर्ष स्थान पर रहा। पहले हाफ में पीएसजी के लिए सब कुछ ठीक रहने के बावजूद, अंडरडॉग एंगर्स ने कड़ी मेहनत की और दूसरे हाफ में क्रिस्टोफ गाल्टियर की टीम को अचरज में डाल दिया। साडा थिओब 89 वें मिनट में मेजबानों के लिए वापसी करने में सफल रहे। गाल्टियर ने मैच के बाद कहा, ''हम पहले हाफ में जितने गंभीर और क्लिनिकल थे, दूसरे हाफ में हम उस तरह की लय नहीं अपना सके। हमें एक और सामना करना होगा। हमारे बीच मैचों में निरंतरता की समस्या है। अभी कुछ भी नहीं हुआ है। यह एक लंबा सत्र है, लेकिन हमें इस बात पर जोर देना चाहिए कि टीम को और अधिक सुसंगत होना चाहिए।'

# प्रभास की फिल्म 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई :** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर प्रभास, सैफ अली खान और कृति सैनन स्टारर फिल्म 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर और 'जय श्री राम' का लिरिकल ऑडियो रिलीज हो गया है आदिपुरुष के नए पोस्टर में प्रभास का राघव अवतार और 'जय श्री राम' का लिरिकल ऑडियो इंटरनेट पर लोगों का दिल जीत रहा है। पांच अलग-अलग भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में 'जय श्री राम' की लिरिकल ऑडियो क्लिप ने प्रशंसकों के उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। आदिपुरुष का निर्देशन ओम राउत ने किया हैं और टी-सीरीज के भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, ओम राउत, प्रसाद सुतार और रेट्रोफाइल्स के राजेश नायर द्वारा निर्मित है। फिल्म 'आदिपुरुष' को 2डी, 3डी,आईमैक्सजैसे फॉर्मेट में रिलीज किया जाएगा। फिल्म 'आदिपुरुष' दुनिया भर के करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर 16 जून को रिलीज होगी।

# 'हद कर दी आपने' का रीमेक बनायेंगे मनोज अग्रवाल

**एजेंसियां**

**मुंबई** : बॉलीवुड निर्देशक मनोज अग्रवाल फिल्म 'हद कर दी आपने' का रीमेक बनाने जा रहे हैं। मनोज अग्रवाल ने वर्ष 2000 में गोविंदा और रानी मुखर्जी को लेकर 'हद कर दी आपन' बनायी थी। फिल्म निर्देशक मनोज अग्रवाल अब 'हद कर दी आपन' का रीमेक बनाने जा रहे हैं। मनोज अग्रवाल ने बताया कि फिल्म 'हद कर दी आपने' में गोविंदा के अपोजिट रानी मुखर्जी को नहीं बल्कि महिमा चैधरी को कास्ट किया जाना था। फिल्म के लिए उनकी पहली पसंद महिमा थीं लेकिन उनके बिजी शेड्यूल के चलते उन्होंने इस फिल्म को करने से मना कर दिया। जिसके बाद रानी मुखर्जी को कास्ट किया गया। मनोज अग्रवाल ने बताया कि फिल्म ह्यहद कर दी आपनेह्न का रीमेक बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने स्क्रिप्ट लिख ली है।

# नवाजुद्दीन की फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' का पहला गाना 'टॉर्चर' रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आने वाली फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' का पहला गाना टॉर्चर रिलीज हो गया है। कुशन नंदी द्वारा निर्देशित फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' कॉमेडी से भरपूर फिल्म है। फिल्म में नवाज एक जुगाडू के रोल में है और उनके कैरेक्टर का नाम जोगी प्रताप है। 'जोगिरा सारा रारा' का पहला गाना 'टॉर्चर' रिलीज हो गया है। इस गाने में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा नजर डांस करते नजर आ रहे हैं। 'जोगीरा सारा रा रा' 12 मई 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'कमांडो 4' में पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आयेंगी अदा शर्मा



**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आने वाली फिल्म 'कमांडो 4' में पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आयेंगी। अदा शर्मा इन दिनों कमांडो 4 में काम कर रही है। अदा शर्मा कमांडो 4 में पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आयेंगी।अदा शर्मा का कहना है कि वर्दी में एक महिला का किरदार निभाना उन्हें हमेशा से आकर्षित करता रहा है। अदा शर्मा ने कहा, जब आप एक भूमिका के लिए पुलिस की वर्दी पहनते हैं तो आप जिम्मेदारी की भावना महसूस करते हैं।मैं फिर से भावना रेड्डी की भूमिका निभाऊंगी। वही किरदार और दोगुनी मस्ती और दोगुना एक्शन। भावना रेड्डी में व्यंग्यात्मक हास्य का अपना ब्रांड भी होगा।अदा शर्मा अपने आनेवाली फिल्म 'कमांडो 4' के लिए 'बनाना डाइट' को अपना रही है। अदा शर्मा सच्ची घटनाओं पर आधारित हिंदी फिल्म 'द केरल स्टोरी' में भी नजर आएंगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### बस के पेड़ से टकराने से 13 श्रद्धालु घायल

**होशियारपुर :** जालंधर-पठानकोट जीटी रोड पर आइमा मंगत गांव के पास एक निजी डबल डेकर स्लीपर बस के पेड़ से टकराने से कम से कम 13 श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने यहां बताया कि बस दिल्ली से जम्मू-कश्मीर के कटरा जा रही थी, उसमें करीब 50 यात्री सवार थे। बस जब आइमा मंगत गांव के पास पहुंची तो चालक को नींद आ गई और वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### ईद पर मुंह मीठा करें और मीठी बात करें: विज

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने ईद-उल -फित्र के अवसर पर कहा कि 'मीठी सेवइयां खाने और खिलाने और मीठी भाषा' बोलने का दिन है, आज के दिन हम मुंह मीठा करें और मीठी बात करें विज ने शनिवार प्रातः अम्बाला छावनी के जामा मस्जिद में ईद-उल-फित्र पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ''हम सभी को मिल जुलकर देश को खूबसूरत बनाने का संकल्प लेना चाहिए क्योंकि हमें दिन-रात मेहनत करते हुए देश को ऊंचाइयों पर ले जाना है।

### अंधविश्वास के चलते चार बच्चों को गर्म सलाखों से दागा

**झाबुआ :** मध्यप्रदेश के आदिवासीबहुल झाबुआ जिले में चार मासूम बच्चों को अंधविश्वास के चलते गर्म सलाखों से तांत्रिक के द्वारा दागे जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मामला लगभग बीस दिन पुराना है। सूत्रों के अनुसार ग्राम पिल्याखदान के सात माह के बच्चे अजय, गांव हडुमतियां की दो साल की मेसरा, गांव समोई की छह महीने की कृष्णा एवं गांव खेडिया पिटोल के राजवीर को बीमार होने पर तांत्रिक द्वारा गर्म सलाखों से दागने के कारण बच्चे गंभीर बीमार हो गए। इसके बाद इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पंजाब सीमा से हेरोइन के पांच पैकेट बरामद

**जालंधर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब में अमृतसर सेक्टर में पाकिस्तान की सीमा से लगे क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हेरोइन के पांच पैकेट बरामद किए। बीएसएफ अधिकारी ने शनिवार को यहां बताया कि हेरोइन के पैकेट को ड्रोन से गिराया गया था, जिसे इलाके की सुरक्षा में तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने ड्रोन की आवाज सुनने के बाद बरामद किया।

### कोविड संक्रमित मामले 67 हजार से ज्यादा

**नयी दिल्ली:** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के 12 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 67 हजार से अधिक हो गई है।

### ट्रक की टक्कर से मोटर साइकिल सवार दो लोगों की मौत

**सतना:** मध्यप्रदेश के सतना जिले के कोलगवां थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटर साइकिल सवार दो लोगों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल शाम कोलगवां थाना क्षेत्र के मटेहना मोड़ के निकट एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटर साइकिल सवारों को कुचल दिया। हादसे में मोटर साइकिल सवार एक वृद्ध महिला और उसके 18 वर्षीय पोते की मौत हो गयी। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मदरसा बोर्ड अध्यक्ष 25 अप्रेल को आएंगे अजमेर

**अजमेर :** राजस्थान मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष एमडी चौपदार 25 अप्रैल को अजमेर आएंगे। श्री चौपदार यहां अजमेर सर्किट हाउस में जन सुनवाई करने के बाद पत्रकार वार्ता को भी संबोधित करेंगे। पुष्ट जानकारी के मुताबिक चौपदार ग्यारह बजे अजमेर पहुंचेंगे और ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर हाजिरी लगाएंगे।

---

पुलवामा

पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा

# पुलवामा हमले में नये खुलासे पर आश्चर्यजनक है सरकार की चुप्पी : कांग्रेस

एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने कहा है कि पुलवामा हमले पर जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक के हाल के खुलासे से जो तथ्य सामने आए हैं, वे हैरान करते हैं और देशवासियों को उम्मीद थी कि सरकार इसका जवाब देगी लेकिन आश्चर्य की बात है कि मोदी सरकार ने इस पर चुप्पी साध ली है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मलिक ने खुलासा किया है कि श्रीनगर भेजने के लिए यदि जवानों को पांच विमान मुहैया कराए जाते तो उन्हें शहादत से बचाया जा सकता था। उन्होने कहा, मलिक ने स्पष्ट तौर पर हाल में दिए साक्षात्कार में खुलासा किया कि यह हमला खुफिया विफलता तथा सुरक्षा में चूक के कारण हुआ।

यदि विमान मुहैया कराये जाते तो जवानों की शहादत को रोका जा सकता था लेकिन सरकार ने विमान देने से इनकार कर दिया। खेड़ा ने कहा खुलासे में यह भी साफ हुआ है कि 2019 में 14 फरवरी की शाम को जब प्रधानमंत्री जी को फोन पर सत्यपाल मलिक जी ने बताया कि यह लापरवाही और चूक थी जिसके चलते हमारे जवान शहीद हुए। प्रधानमंत्री जी ने उन्हें कहा-तुम चुप रहो। यह कोई और चीज है। उन्होंने कहा कि पुलवामा हमले को लेकर मलिक ने इतना बड़ा खुलासा किया है और इस खुलासे के बाद देशवासियों को उम्मीद थी कि सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया आएगी, लेकिन आश्चर्य की बात यह है की मोदी सरकार ने इस मामले में पूरी तरह से चुप्पी साध ली है।

प्रवक्ता ने तंज करते हुए कहा, मलिक के इस खुलासे के बाद से लग रहा था कि उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। हालांकि, हैरानी है कि साहेब को सत्यपाल जी के पीछे सीबीआई छोड़ने में 10 दिन कैसे लग गए। मलिक ने जब प्रधानमंत्री से गोवा के भ्रष्टाचार पर बात रखी तो एक्शन गोवा के मुख्यमंत्री पर नहीं बल्कि मलिक जी पर हुआ। उन्होंने कहा जब सत्यपाल जी ने राममाधव का नाम लिए बिना 2021 में भ्रष्टाचार की बात रखी, तब भी सीबीआई ने पूछताछ मलिक जी से की। दरअसल अब यह संदेश सीबीआई के मार्फत दिया जा रहा है कि-तुम चुप रहो। कांग्रेस नेता ने कहा, इस सरकार के नौ साल जिस तरह से गुजरे हैं, जिस तरह की नीतियां बनाई गई हैं; ऐसे में कई बातें हैं जो सरकार छिपाना चाहती है लेकिन अब कई लोग खुलकर सामने आ रहे हैं और ये बातें बताना चाहते हैं। आने वाले दिन लोकतंत्र के लिए अच्छे होने वाले हैं।

## कांग्रेस के हरियाणा में सत्ता में आने का संकेत : वेदप्रकाश



एजेंसियां

**चंडीगढ़ :** स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने शनिवार को दावा किया कि पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जननायक जनता पार्टी (जजपा) सहित विभिन्न दलों के कार्यकर्ता जिस तरह कांग्रेस में हर रोज शामिल हो रहे हैं, वह प्रदेश की सत्ता से भाजपा-जजपा के जाने तथा 2024 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के सत्ता में आने का पुख्ता संकेत है। विद्रोही ने कहा कि 2014 और 2019 के विधानसभा और लोकसभा चुनावों में हरियाणा में कांग्रेस के परम्परागत मतदाता कांग्रेस से अलग हो गए थे, अब वे फिर से कांग्रेस के पक्ष में लामबद्ध होने लगे है। उन्होंने कहा कि चुनाव जिताने में निचले स्तर के सक्रिय कार्यकर्ता ही अहम भूमिका निभाते है। इसी के मद्देनजर कांग्रेस फिर से प्रदेश में अपना पुख्ता गौरव पाने के लिए पूरी शिद्दत से निचले स्तर के कार्यकर्ताओं और नेताओं को पार्टी से जोड़ रही है।

## 'गद्दार' नहीं 'खुद्दार' हैं सिंधिया, कांग्रेस में कितना अपमान सहते : शिवराज



एजेंसियां

**भोपल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस के नेताओं द्वारा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को कई बार 'गद्दार' कहने पर कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोलते हुए आज कहा कि सिंधिया गद्दार नहीं 'खुद्दार' हैं और वे आखिरकार कांग्रेस में कितना अपमान सहते। चौहान ने अपने बयान में कहा कि सिंधिया 'गद्दार' नहीं, 'खुद्दार' हैं। वे कांग्रेस में कितना अपमान सहते। कांग्रेस ने चुनाव लड़ा उनके नाम पर और मुख्यमंत्री बना दिया बुजुर्ग कमलनाथ को। कमलनाथ के पीछे से भी सरकार पूरी तरह दिग्विजय सिंह चला रहे थे। चौहान ने कहा कि बार-बार सिंधिया और उनके साथी जनसमस्याओं के बारे में कमलनाथ सरकार को बताते पर कमलनाथ का अहंकार बहुत बड़ा था। उन्होंने सिंधिया के जनसमस्याओं को लेकर सड़कों पर उतरने की चेतावनी देने पर उनसे यहां तक कह दिया कि ठीक है, वे सड़कों पर उतर जाएं। वे यहां तक कहते थे कि मैं गाड़ी में बैठा कर दूसरी पार्टी में छोड़ आऊंगा। आखिर सिंधिया कितने अपमानित होते। इसी क्रम में मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि अगर सिंधिया से जुड़े लोग गलत होते तो जनता हजारों वोटों से उन्हें कैसे जिताती। हम किसी की मेहरबानी पर सरकार नहीं चला रहे। उन लोगों ने इस्तीफा दिया, चुनाव लड़े और शान से जीत के आए।चौहान ने कहा कि कांग्रेस में ओछेपन की होड़ लगी है। हर नेता दूसरों को छोटा करने बयान देना चाहता है। इस होड़ में कमलनाथ से लेकर दिग्विजय सिंह तक सब शामिल हैं।

# कश्मीर में ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई



एजेंसियां

**श्रीनगर :** केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में श्रीनगर के ऐतिहासिक जामिया मस्जिद को छोड़कर पूरी कश्मीर घाटी में सभी जगहों पर बड़ी संख्या में ईद-उल-फितर की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गयी और पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनायी गयी। डल झील के किनारे स्थित हजरतबल दरगाह में बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा देखा गया। सभी यहां ने एकत्र होकर नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले लगातार भाईचारे का संदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि पूरी घाटी में ईद की नमाज शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। प्रशासन ने श्रीनगर के जामिया मस्जिद में आज नमाज अदा करने की अनुमति नही दी। अधिकारियों ने शब-ए-कद्र और रमजान के आखिरी शुक्रवार को इस मस्जिद में नमाज अदा करने की अनुमति प्रदान की थी। जामिया मस्जिद के प्रबंध निकाय अंजुमन औकाफ ने मस्जिद ने लगातार चौथे वर्ष ईद की नमाज अदा करने की अनुमति नहीं देने पर प्रशासन के खिलाफ कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। अंजुमन ने कहा था कि पुलिस और अधिकारियों ने शुक्रवार देर शाम उन्हें सूचित किया कि जामिया मस्जिद में ईद की नमाज केवल तभी पढ़ी जा सकती है जब यह सुबह 7.30 बजे से पहले अदा की जाएगी, जो कि उनके लिए असंभव था क्योंकि पहले ही सुबह नौ बजे ईद की नमाज अदा करने का कार्यक्रम बन चुका था। मस्जिद में दूर-दराज के क्षेत्रों से लोग ईद की नमाज अदा करने आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा ईद की नमाज की अनुमति प्रदान करने लिए अनुचित शर्तें लागू की गई हैं। प्रबंधन निकाय ने कहा कि ''श्रीनगर की जामिया मस्जिद कश्मीर घाटी में सामूहिक नमाज अदा करने का केंद्रीय स्थल है, न कि कोई स्थानीय मस्जिद। पूरी घाटी के लोगों के लिए जामिया मस्जिद तक पहुंचने की सुविधा को देखते हुए सामूहिक नमाज का समय निर्धारित किया जाता है।

## हिमाचल में कोरोना संक्रमण की पॉजीटिविटी दर पहुंची 7.7 फीसदी



एजेंसियां

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में कोरोना संक्रमण की पॉजीटिविटी दर 7.7 फीसदी पहुंच गई है। कोरोना के मामले बढ़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग 'अलर्ट' हो गया है। कोरोना से निपटने के लिए अस्पतालों में पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। अस्पताल प्रबंधनों को एडवाइजरी भी जारी की गई है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोनावायरस संक्रमण 281 नए मामले आए हैं। इनमें जिला कांगड़ा में 108, मंडी में 44, शिमला में 24, हमीरपुर में 21, बिलासपुर में 20, सोलन में 18, सिरमौर में 13, ऊना में 12, चंबा और कुल्लू में 10-10 और किन्नौर में एक नए कोरोना पॉजिटिव मामले आए हैं। इसके आलावा हिमाचल प्रदेश में गुरुवार को 294 लोग कोरोना संक्रमण को मात देकर ठीक भी हुए हैं। गुरुवार को हिमाचल प्रदेश में कुल 4,235 लोगों के सैंपल लिए गए थे। इसी के साथ हिमाचल प्रदेश में अब तक कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों का कुल आंकड़ा 3,20,015 पहुंच गया है। हिमाचल में अब तक 3,14,123 लोग कोरोना से जंग जीत चुके हैं।

रहस्यमय रोशनी > किये़ब के आकाश में तेज और रहस्यमय रोशनी से चर्चा का बाजार गर्म

# वैज्ञानिकों ने बताया यह गिरता हुआ उपग्रह या उल्कापिंड था

राष्ट्रीय खबर

**कियेब:** यूक्रेन की राजधानी कियेब में बुधवार की रात दस बजे के करीब पूरा आसमान बिजली की तेज रोशनी से जगमगा उठा। इस रहस्यमय तीव्र चमक को देखकर स्थानीय लोग भयभीत हो गये थे। अधिकांश लोगों को इस बात का भय था कि रूस ने कोई और बड़ा मिसाइल या बम इलाके पर गिराने का काम प्रारंभ किया है। जब तक लोग इस तेज रोशनी के ठीक से देख पाते वह अचानक ही गुल हो गया। आसमान पर दिखने वाली इस रोशनी के गुल हो जाने के बाद आसमान फिर से अंधेरा हो गया। नीचे जमीन पर इसे लेकर चचाओं का बाजार गर्म हो गया। लोग अपने अपने तरीके से तरह-तरह के कयास लगाने लगे। जनता के बीच फैले भ्रम को दूर करने के लिए सरकारी अधिकारियों ने भी दो-तीन संभावित कारणों की जानकारी दी है। यूक्रेनी अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान कहता हैं कि इस प्रकाश का स्रोत शायद उल्कापिंड है। प्रकाश वायुमंडल में प्रवेश करते ही इससे बिखर जाता है। हालांकि, वे अभी तक ठोस सबूत पेश नहीं कर पाए हैं। शहर के निवासियों ने शुरू में मान लिया था कि कियेब पर एक और रूसी हवाई या मिसाइल हमला हुआ है। विमान के चेतावनी सायरन भी बजने लगे, लेकिन यूक्रेन की वायु सेना ने रूसी हमले से इनकार किया। बाद में, यूक्रेनी सरकार ने मान लिया कि नासा का एक कबाड़ हो चुका उपग्रह वातावरण में प्रवेश कर गया था और प्रकाश की चमक वहीं से आई थी। कियेब के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने सोशल मीडिया टेलीग्राम पर कहा कि नासा का एक कृत्रिम उपग्रह पृथ्वी की सतह की ओर उतर सकता है। उन्होंने कहा कि नासा ने पहले ही सूचित कर दिया था कि 300 किलोग्राम वजन का एक बेकार कृत्रिम उपग्रह बुधवार रात वातावरण में प्रवेश कर सकता है। लेकिन नासा के एक प्रवक्ता रॉब मार्गेटा ने बताया कि जब कियेब के ऊपर आकाश में प्रकाश की चमक देखी गई तो उपग्रह अभी भी कक्षा में था। कृत्रिम भू-उपग्रहों पर नजर रखने वाली सैटप्लेयर नामक वेबसाइट ने कहा कि अमेरिकी उपग्रह बुधवार रात 10 बजे यूक्रेन के पास नहीं था।




---

## न्यूज फटाफट

### यूक्रेन को 3.9 करोड़ कनाडाई डॉलर का नया सैन्य सहायता पैकेज प्रदान करेगा कनाडा

ओटावा : कनाडा यूक्रेन के लिए 3.9 करोड़ कनाडाई डॉलर का नया सैन्य सहायता पैकेज प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय रक्षा विभाग ने यह घोषणा की है। विभाग ने शुक्रवार को एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि करीब 3.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की इस सहायता में 33 लाख लीटर बहु-आवश्यक ईंधन आपूर्ति, मॉड्यूलर फ्लोटेशन ब्रिज एसेट्स, मेडिकल प्राथमिक चिकित्सा किट तथा स्नाइपर राइफलें और गोला बारूद शामिल हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, कनाडा द्वारा यूक्रेन को दिये गये सभी आठ लेपर्ड 2 मुख्य युद्धक टैंकों को पोलैंड पहुंचा दिया गया है, और कनाडा ने लेपर्ड 2 टैंक के संचालन और रणनीति पर यूक्रेनी टैंक कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के प्रयासों में सहायता के लिए तीन लेपर्ड गनरी स्किल ट्रेनर तैनात किए हैं। गौरतलब है कि फरवरी 2022 से कनाडा ने यूक्रेन को सैन्य सहायता में एक अरब कनाडाई डॉलर से अधिक प्रदान करने की प्रतिबद्धता जतायी है, जिसमें आठ लेपर्ड 2 मुख्य युद्धक टैंक, एक राष्ट्रीय उन्नत सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 39 बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, टैंक रोधी हथियार और उच्च-रिजॉल्यूशन ड्रोन कैमरे शामिल हैं।

### पाकिस्तान की महंगाई दर 47.23 प्रतिशत के साथ सर्वकालिक स्तर पर पहुंची

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में संवेदनशील मूल्य सूचकांक (एसपीआई) के आधार पर साप्ताहिक (अल्पकालिक) मुद्रास्फीति 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में पिछले वर्ष के इसी अवधि की तुलना में अभूतपूर्व बढ़कर 47.23 प्रतिशत तक पहुंच गई। पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो (पीबीएस) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी आंकड़ों के माध्यम से दी है। देश में एसपीआई में पिछले वर्ष अगस्त के बाद से लगातार वृद्धि हो रही है और अधिकांश रूप से 40 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। पिछले वर्ष 18 अगस्त को महंगाई दर 42.31 प्रतिशत, एक सितंबर को 45.5 प्रतिशत और इस वर्ष 22 मार्च को यह बढ़कर 46.65 प्रतिशत तक पहुच गयी थी। साप्ताहिक आधार पर वृद्धि विशेष रूप से बढ़ती खाद्य कीमतों के कारण हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप सप्ताह-दर-सप्ताह आधार पर अल्पकालिक मुद्रास्फीति दर में 0.51 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जिसमें खाद्य पदार्थ, विशेष रूप से आलू, चाय, ब्रेड, चिकन, एलपीजी और पेट्रोल के दाम बढ़ने के कारण मुद्रास्फीति बढ़ी है। पाकिस्तानी रुपये का रिकॉर्ड अवमूल्यन, पेट्रोल की लगातार बढ़ती कीमतें, बिक्री कर में वृद्धि और उच्च बिजली दर के कारण रमजान की शुरुआत के बाद से एसपीआई में अधिकांश वृद्धि हुई है। जल्दी खराब होने वाले उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के कारण से परिवहन शुल्क में भी वृद्धि हुई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि मौजूदा उच्च कीमतें के कई कारण रहे हैं, जिसमें आपूर्ति के लिए अब तक की उच्चतम परिवहन लागत भी शामिल है, जबकि सरकार का ध्यान केवल बाजार में मुद्रास्फीति को कम करने पर है, जिसके अब तक सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए हैं। सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम के अंतर्गत राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए राजस्व जुटाने के लिए ईंधन और बिजली की दरों में वृद्धि, सब्सिडी वापस लेने, बाजार आधारित विनिमय दर और उच्च कराधान जैसे कड़े कदम उठा रही है।

### संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में यौन हिंसा पर जतायी चिंता

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र की महिला इकाई 'यूएन वुमन' ने अफ्रीकी देश सूडान में अर्द्धसैनिक समूह, रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच चल रहे भीषण संघर्ष का महिलाओं और किशोरियों पर पड़ रहे भयानक प्रभाव पर चिंता व्यक्त की है तथा यौन हिंसा के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यूएन वुमन की कार्यकारी निदेशक सिमा बाहौस ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा, यूएन वुमन सूडान में जारी संघर्ष पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करने में हमारे भागीदारों के साथ शामिल हो गई है। सभी संकटों की तरह, यह निश्चित रूप से सूडानी महिलाओं और किशोरियों के जीवन पर गंभीर और प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। उन्होंने कहा, ''हम सूडान के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुश्री बाहौस ने कहा कि सूडान में यौन दुराचार की खबरें पहले ही आनी शुरू हो गयी हैं तथा संघर्ष तेज होने के दौरान ऐसी समस्याओं के और अधिक बढ़ने का डर सता रहा है। ऐसे में सूडानी महिलाओं का लचीलापन आशा का स्रोत है, शांति की खोज में उनकी भूमिका तथा मानवतावादी कार्यकर्ताओं, देखभाल करने वालों और संरक्षकों के रूप में उनकी ताकत एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा, ''हमें युद्धविराम और शांति के लिए उनके आह्वान पर ध्यान देना चाहिए और उनके द्वारा किए जाने वाले हर काम में उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। गौरतलब है कि सूडान के सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच कई दिनों से जारी संघर्ष में अब तक 400 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी हैं। यूएन वुमन की अपील से एक दिन पहले, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने चेतावनी दी थी कि इस भीषण लड़ाई में हजारों गर्भवती महिलाएं खतरे में हैं, क्योंकि उनके लिए इस युद्ध के बीच अपने घरों से निकलकर अस्पताल जाना खतरनाक हो गया है। यूएनएफपीए का अनुमान है कि राजधानी खार्तूम में करीब 2.19 लाख गर्भवती महिलाएं हैं, जिनमें से 24 हजार महिलाओं के आगामी सप्ताहों में बच्चों को जन्म देने की उम्मीद है।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश सीपहिया का निधन

**चंडीगढ़ :** हिमाचल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कांगड़ा सहकारी बैंक (केसीबी) के पूर्व अध्यक्ष जगदीश सीपहिया(68) का चंडीगढ़ के एक निजी अस्पताल में शुक्रवार देर रात निधन हो गया। सीपहिया को 20 दिन पहले घर में ब्रेन हेमरेज हुआ था। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं नगरोटा बंगवां के विधायक आर एस बाली ने सीपहिया के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## आज का इतिहास

- 1504 : सिखों के दूसरे धर्मगुरू अंगद का जन्म।
- 1564 : कवि और नाटककार विलियम शेक्सपियर का जन्म।
- 1660 : स्वीडन और पोलैंड ने ओलिवा संधि पर सहमति जतायी।
- 1908 : डेनमार्क, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, हालैंड और स्वीडन ने उत्तरी अटलांटिक संगठन संधि (नाटो) पर हस्ताक्षर किये।
- 1935 : यूरोपीय देश पोलैंड ने संविधान अपनाया।
- 1968 : मशहूर गजल गायक बड़े गुलाम अली खान का निधन।
- 1981 : सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- 1984 : वैज्ञानिकों ने एड्स के वायरस के बारे में पता लगाया।
- 1992 : प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक एवं भारत रत्न से सम्मानित सत्यजीत रे का निधन।
- 1992 : मैक्डॉनल्ड्स ने चीन में अपना पहला फास्ट-फूड रेस्तरां खोला।
- 1995 : विश्व पुस्तक दिवस मनाने की शुरुआत हुई।
- 2000 : बहरीन की खाड़ी में वायुसेना के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 124 लोगों की मौत हुई।
- 2005 : यू ट्यूब पर पहली बार वीडियो अपलोड किया गया।
- 2007 : रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस निकोलाइएविच ऐल्तसिन का निधन।
- 2013 : वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल ने क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज शतक मात्र 30 गेंदों में जड़ा।
- 2013 : फ्रांस ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी दी।
- 2014 : अफ्रीकी देश लोकतांत्रिक गणराज्य कांगों में भीषण ट्रेन दुर्घटना में 60 लोगो की मौत हुई और 80 से अधिक लोग घायल हुए।
- 2020 : सुप्रसिद्ध भारतीय रंगमंच की अभिनेत्री और निर्देशक उषा गांगुली का निधन।

# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची रविवार 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

23 : 04: 2023


**रिम्स का निलंबित कर्मी अफसर अली पर है हत्या कराने का आरोप, मो. सद्दाम हुसैन है हिस्ट्रीशीटर**

रांची: ईडी ने आर्मी की जमीन को अवैध तरीके से बेचे जाने के आरोप में जिन सात लोगों को पिछले दिनों गिरफ्तार किया है। उसमें शामिल अफसर अली उर्फ अफ्सू खान और मो। सद्दाम हुसैन पर कई गंभीर आरोप भी हैं। रिम्स के रेडियोलॉजी विभाग के निलंबित रेडियोग्राफर मो। अफसर अली जमीन का नेचर बदलने, खाता-प्लॉट या क्षेत्रफल बदलवाने से लेकर कोलकाता में फर्जी डीड तैयार करने का असली मास्टरमाइंड है। इसके अलावा नवंबर 2022 में जमीन कारोबारी शेखर महतो पर जमशेदपुर के धामूलगढ़ इलाके में फायरिंग की घटना को अंजाम देने का आरोप भी अफसर अली के अलावा सद्दाम हुसैन और प्रियरंजन सहाय पर है।इस मामले में पुलिस ने बिट्टू सिंह, सद्दाम हुसैन सहित पांच आरोपी को गिरफ्तार किया था।

**निर्देश**

### हाईकोर्ट का आदेश आया तो फिर से शुरू हुआ लीपा पोता का खेल

# बड़ा तालाब का पानी अब बदबूदार हो चुका है

- तीस साल में कांके डैम पर अनेक निर्देश
- बड़ा तालाब का सर्वाधिक अतिक्रमण कहां
- गूगल अर्थ से दिखता है सारा इतिहास

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** रांची नगर निगम फिर से अपनी पुरानी लीपापोती के कारोबार में जुट गये हैं। दरअसल झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची नगर निगम को राज्य की राजधानी में जल निकायों की संख्या और उनकी स्थिति के बारे में विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश रवि रंजन और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने रांची झील और धुर्वा और कांके बांधों से अतिक्रमण हटाने की मांग वाली एक जनहित याचिका में निर्देश पारित किया। झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद, रांची नगर निगम (आरएमसी) ने 90 इमारतों के मालिकों को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने शहर के कांके बांध और रांची झील के जलग्रहण क्षेत्रों पर अतिक्रमण किया है और उनसे पूछा है एक पखवाड़े के भीतर ढांचों को गिराना है।

एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए, अदालत ने हाल ही में आरएमसी को शहर के जल निकायों के जलग्रहण क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था। आरएमसी के अतिरिक्त नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने कहा कि आरएमसी के एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, कांके बांध और रांची झील के आसपास के इलाकों में 90 इमारतों को विध्वंस के लिए चिन्हित किया गया है और उन्हें नोटिस दिया गया है। इन भवनों के मालिकों को कहा गया है कि वे इन ढांचों को खुद ही गिरा दें अन्यथा उन्हें आरएमसी द्वारा ढहा दिया जाएगा और लागत मालिकों से वसूल की जाएगी। बता दें कि कांके डैम के जलग्रहण क्षेत्र से निर्माण हटाने का यह कोई पहला आदेश नहीं है। पिछले तीन दशक से इस पर समय समय पर निर्देश आते रहे हैं।

मजेदार स्थिति यह है कि हर बार जलागारों के बाहरी इलाके में बने भवनों को तोड़ने की सीमा घटती चली जाती है। इस बीच चंद इमारतों को तोड़ने के बाद अभियान को पूरा हुआ मान लिया जाता है।

दूसरी तरफ आरएमसी के नोटिसों ने इन भवनों के मालिकों को नाराज कर दिया है, जो अब नोटिस को अदालत में चुनौती देने की तैयारी कर रहे हैं। ह्लहम जमीन के मालिक हैं, और हमारे पास इमारत के सभी वैध कागजात हैं। यह हमारी संपत्ति है और इसका अतिक्रमण नहीं किया गया है, हम इसे खाली नहीं करेंगे। इसके बजाय, हम उच्च न्यायालय में अपील दायर करेंगे क्योंकि आरएमसी का सर्वेक्षण त्रुटिपूर्ण था, ऐसा एक स्कूटी शोरूम के मालिक मोहम्मद सादिक ने कहा। उनके शो रूम पर अभी किराया देना है का नोटिस चिपका हुआ है।

वैसे बड़ा तालाब के दक्षिण पूर्व के इलाके से गुजरने वालों को पता चलता है कि शायद इस तालाब का इस इलाके का पानी पूरी तरह सड़ चुका है अथवा तालाब में गंदे जल की आमद सामने के किसी भवन से हो रही है। वहां से गुजरने पर मल की बदबू आती है। इसी छोर पर तालाब में कचड़ा भी एकत्रित है, जिसे साफ करने में दो चार मजदूर दिख जाते हैं। जो प्रवासी पक्षी इस तालाब में कुछ वर्षों से आने लगे हैं, वे तालाब के दूसरे हिस्से की तरफ चले जाते हैं। वैस इन पक्षियों को मार्च के अंत तक ही यहां से चले जाना था। यह पहला मौका है जब वे झूंड में अप्रैल माह तक जमे हुए हैं।




### झिरी का कूड़ा पहाड़ अब राजधानी के लिए खतरा बनेगा

# हर रोज वहां ऊंचा हो रहा है कूड़े का ढेर



- हर दिन एकत्रित होता है पांच सौ टन कचड़ा
- हवा और मिट्टी दोनों में बढ़ रहा है प्रदूषण
- लोगों को अब सांस लेने में दिक्कत हो रही

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** दिल्ली के तीन बड़े कूड़ा पहाड़ों पर दिल्ली नगर निगम का चुनाव लड़ा गया। नतीजा भी सबके सामने है। लेकिन राजधानी रांची में भी ऐसे कूड़ा पहाड़ बढ़ते और ऊंचे होते जा रहे हैं, इनपर किसी की नजर नहीं है। 19 लाख मीट्रिक टन के साथ झारखंड का सबसे बड़ा डंप साइट न केवल गंभीर स्वास्थ्य और स्वास्थ्य की ओर ले जा रहा है बल्कि पर्यावरणीय खतरे लेकिन मिट्टी को दूषित कर रहा है और कई वर्षों से जल निकाय नहीं होने के भूमिगत जल भी दूषित हो रहा है। यह सभी कुल मिलाकर रांची की एक बहुत बड़ी आबादी के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं। 41 एकड़ जमीन में फैला झिरी का यह डंप साइट के लिए गंभीर खतरा है। पृथ्वी दिवस के मौके पर यह जान लेना जरूरी है कि यहां हर दिन 500 टन से ज्यादा कचरा डंप किया जाता है। जानकारों के मुताबिक, लैंडफिल कचरे से भरा है। इस वजह से जल और मिट्टी प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत होने के नाते, यह विषैला हो चुका है। कुछ स्थानीय लोग अब शिकायत कर रहे हैं कि अब उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही है। लगातार इस माहौल के संपर्क में होने की वजह से इंसानी फेफड़ों की क्षति का होना स्वाभाविक है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रभाकर महापात्रा ने कहा कि झिरी डंपयार्ड एक बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है, और क्योंकि बड़ी मात्रा में वहां कचरे को डंप किया जाता है, तो यह आबादी, वन्य जीवन, पानी और मिट्टी को नुकसान पहुंचा सकता है। यह विभिन्न प्रकार के ट्रेस टॉक्सिक उत्पन्न करता है। इस कचड़े की वजह से वहां की हवा में जहरीले गैस और मिट्टी में मिलते हैं। इसलिए, लैंडफिल के करीब रहने वाले निवासियों को उन लोगों की तुलना में अधिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जो यहां से दूर रहते हैं। संभावित स्वास्थ्य और पर्यावरणीय खतरों के बारे में विस्तार से बताते हुए बीएयू की वैज्ञानिक प्रज्ञान कुमारी ने कहा, मनुष्यों पर लैंडफिल के प्रभाव सीधे निर्भर करते हैं

इसमें मौजूद प्रदूषकों का प्रकार और अवधि प्रमुख है। यहां झिरी में खुले लैंडफिल साइट पर पिछले 10 साल से डंप किया जा रहा है, जो पर्यावरण और वन्य जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, और जितना अधिक उत्सर्जन हम पैदा करते हैं, उतने लंबे समय तक खराब प्रभाव रहता है। अस्थमा, जन्म दोष, कैंसर, हृदय रोग, संक्रामक रोग और जीवाणु जमा हुए कचरे के परिणाम स्वरूप बीमारियाँ हो सकती हैं। वर्तमान में कोई ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तकनीक या सुविधा नहीं है जो कचरे को ऊर्जा में परिवर्तित करने में सक्षम हो। हालांकि, कचरे को बायो गैस में बदलने के लिए 150 टन के दो बायो-गैस प्लांट का निर्माण अभी चल रहा है। स्टेट अर्बन डेवलपमेंट एजेंसी (एसयूडीए) के वेस्ट मैनेजमेंट विशेषज्ञ नवनीत कुमार ने कहा, दो प्लांट हैं वर्तमान में निमार्णाधीन है, उनके सितंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके अलावा, पुराने कचरे के प्रसंस्करण के लिए एक निविदा की गई है। सूडा, में आरएमसी के साथ समन्वय, लैंडफिल को साफ करने के लिए काम कर रहा है, और निविदा पहले ही जारी की जा चुकी है। शहर भर में 2.5 लाख घरों से कचरा एकत्र किया जाता है और घर-घर जाने के लिए 300 से अधिक आरएमसी वाहन इसे संग्रह करते हैं। इन सभी कचरे को झिरी में बिना अलग किए जमा किया जाता है। आरएमसी के सिटी मैनेजर रूपेश रंजन ने कहा, कचरे को ऊर्जा में बदलने के लिए कचरे को अलग-अलग करना जरूरी है।









**स्मृति**

### मौसम का रुख बदला तो पुरानी रांची की याद आयी

# बारिश और ठंडी हवा से तापमान में कमी

- कल से ही बदलने लगा था मौसम
- सुबह से ठंडी हवाओं का जोर था
- कई घंटों तक हल्की बुंदाबादी हुई

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** झारखंड के बारे में मौसम विभाग ने पहले जो पूवार्नुमान जारी किया था, वह सही साबित हुआ। कल से ही रांची की मौसम में गरमी का असर कम होने लगा था। आज सुबह भी आसमान पर बादल छाये हुए थे। दोपहर के बाद लगातार हुई हल्की बारिश की वजह से तापमान में और कमी आ गयी। इसकी वजह से लोगों को करीब पच्चीस साल पुरानी रांची के मौसम को याद दिया। वैसे इस बारिश से तपती गर्मी से राहत मिली है। राज्य के कई जिलों में बादल छाए हुए हैं, शाम होते ही ठंडी हवा चल रही है। मौसम विभाग ने राहत की खबर दी है कि अभी कुछ दिनों तक राज्य में बादलों का डेरा रहेगा। ठंडी हवा चलेगी और कई जगहों पर बारिश की भी संभावना है। अभी 27 अप्रैल तक राहत की उम्मीद की जा सकती है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अनेक मोबाइल उपभोक्ताओं को इस बारे में निरंतर सूचनाएं भी मिलती रही और कुछ स्थानों पर बिजली कड़कने की पूर्व चेतावनी के साथ साथ बचाव की हिदायत दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 27 अप्रैल तक मौसम में इसी तरह का बदलाव होता रहेगा। इस बीच कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की बारिश की भी संभावना जाहिर की है। 25 अप्रैल तक तेज हवा चलने के कारण यलो अलर्ट जारी किया गया है। ठंडी हवा ने राज्य के मौसम का थोड़ा ठंडा कम कर दिया है। राज्य के करीब-करीब सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया है। राजधानी का तापमान भी शाम को 31 डिग्री दर्ज किया गया था। जिससे अनुमान था कि रात का तापमान और नीचे गिरेगा। कल भी तापमान में ऐसी ही गिरावट जारी रहेगी। मौसम विभाग ने संभावना जाहिर की है कि 22 से 24 अप्रैल और 26 से 27 अप्रैल तक राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। 25 अप्रैल को राज्य के उत्तर-पूर्वी इलाके जिसमें देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, धनबाद और गिरिडीह तथा दक्षिणी भाग यानी कोल्हान के अलावा सिमडेगा और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जाहिर की गयी है। राज्य में कहीं-कहीं गर्जन या वज्रपात के साथ तेज हवा चलने की संभावना भी जाहिर की गयी है।


